वर्ष- 13 अंक - 132
लखनऊ, सोमवार 12 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





हर कर्मी का डॉक्यूमेंट्स व पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य : असीम अरूण 03

सात दिन, पांच टीमें फिर भी नहीं मिले जेल से फरार बंदी 09


### पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा

# तुष्टिकरण के लिए हुआ सोमनाथ पर आक्रमण

एजेंसी

**सोमनाथ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सोमनाथ पर आक्रमण आर्थिक लूट के लिए नहीं बल्कि तुष्टिकरण के लिए किया गया। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर रविवार को सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व विध्वंस नहीं बल्कि 1000 साल की यात्रा का पर्व है। सोमनाथ को नष्ट करने के अनेकों प्रयास हुए। उसी तरह विदेश आक्रांताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं लेकिन न तो सोमनाथ नष्ट हुआ और न ही भारत नष्ट हुआ। क्योंकि भारत और भारत की आस्था के केंद्र एक-दूसरे में समाए हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज तलवारों के जगह दूसरे तरीकों से भारत के खिलाफ षड्यंत्र हो रहे हैं इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहना है। हमें खुद को शक्तिशाली बनाना है। ऐसी हर ताकत को हराना है जो हमें बांटने की साजिश रच रही हो। जब हम अपनी विरासत और आस्था से जुड़े रहते हैं तो हमारी सभ्यता की जड़ें मजबूत होती है। मैंने भारत के लिए एक हजार साल का विजन रखा था। आज देश की संस्कृति का पुनर्जागरण करोड़ों देशवासियों के मन में विश्वास भर रहा है। विकसित भारत के लिए लोगों को भी भरोसा है। भारत अपने गौरव को नई बुलंदी देगा। हम विकास की नई ऊंचाई को छुएंगे। देश अब तैयार हो चुका है। सोमनाथ मंदिर की ऊर्जा हमारे संकल्पों को आशीर्वाद दे रही है। विरासत की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने कहा कि जब महमूद गजनी से लेकर औरंगजेब हमले कर रहे थे तब वे भूल गए थे कि सोमनाथ के नाम में सोम यानी अमृत है। ऐसे में जब-जब इसे नष्ट करने की कोशिश हुई, सोमनाथ मंदिर उठ खड़ हुआ। मजहबी कट्टरपंथी इतिहास के पन्नों में सिमट गए तो वहीं सोमनाथ मंदिर आज भी स्वाभिमान से खड़ा है।



**आज तलवारों के जगह दूसरे तरीकों से भारत के खिलाफ हो रहे षड्यंत्र इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहने की जरूरत। इतिहास के पन्नों में सिमट गए मजहबी कट्टरपंथी, तो वहीं सोमनाथ मंदिर आज भी स्वाभिमान से है खड़ा**

### प्रधानमंत्री ने भगवान सोमनाथ को अर्पित की मराठी पगड़ी

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ महादेव को विशेष पगड़ी अर्पित की। यह पगड़ी केवल एक धार्मिक अर्पण नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और नारी शक्ति के उत्कृष्ट संकल्प का प्रतीक है। महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी शक्ति, धैर्य और सामर्थ्य की शाश्वत प्रतीक रही हैं। इसी भावना को उजागर करती यह पगड़ी सोमनाथ ट्रस्ट से जुड़ी महिलाओं द्वारा श्रद्धा और निष्ठा से तैयार की गई है। इस विशेष पगड़ी में 21 पीतांबर और चांदी के आभूषणों का सुंदर संयोजन किया गया है। भारतीय सनातन परंपरा में पगड़ी सम्मान और गौरव का प्रतीक मानी जाती है। पंजाब की सिख पगड़ी, मराठी और गुजराती पगड़ी तथा मैसूर की पेटा पगड़ी ये सभी भारतीय सम्मान और पहचान की प्रतीक हैं। इस पगड़ी का महत्व केवल पूजा तक सीमित नहीं है। पूजा के बाद श्रृंगार पूर्ण होने पर पगड़ी को खोलकर उसमें से प्राप्त पीतांबर और साड़ियों को गुजरात के वृद्धाश्रमों, दिव्यांग गृहों और आदिवासी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को वितरित किया जाता है।

### पीएम मोदी ने की श्री सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात को श्री सोमनाथ ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सोमनाथ की तीर्थयात्रा को और अधिक स्मरणीय बनाने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सोमनाथ में होना अपने आप में सौभाग्य की अनुभूति है—यह हमारी सभ्यतागत वीरता का गौरवपूर्ण प्रतीक है। मंदिर परिसर में बुनियादी ढांचे के उन्नयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और सोमनाथ की तीर्थयात्रा को और अधिक स्मरणीय बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत में स्थिरता व भरोसे का माहौल

**प्रधानमंत्री ने राजकोट में किया वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन**

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भी भारत उल्लेखनीय स्थिरता और भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है। सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र ने भारत की विकास गाथा को नई दिशा दी है और आज का भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये बातें रविवार को गुजरात के राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात केवल सम्मेलन नहीं बल्कि 21वीं सदी के आधुनिक भारत की यात्रा है, जो एक सपने से शुरू होकर आज अडिग विश्वास में बदल चुकी है। पिछले दो दशकों में वाइब्रेंट गुजरात एक वैश्विक बेंचमार्क बन चुका है और इसके अब तक दस संस्करण आयोजित हो चुके हैं। यह मंच अब केवल निवेश तक सीमित नहीं रहा बल्कि वैश्विक विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्देश्य गुजरात के विभिन्न हिस्सों की अप्रयुक्त क्षमताओं को प्रदर्शन में बदलना है। कच्छ और सौराष्ट्र जैसे क्षेत्रों के पास लंबा समुद्री तट, औद्योगिक क्लस्टर, कृषि और पशुपालन की समृद्ध परंपरा जैसी विशिष्ट ताकतें हैं और इन्हीं संभावनाओं को केंद्र में रखकर यह सम्मेलन आगे बढ़ रहा है।

## संघ बदल नहीं रहा बल्कि मूल्यों के साथ हो रहा विकसित : भागवत



▸ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' का पहला गीत 'भगवा है अपनी पहचान' केशव कुंज में विशेष समारोह में लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जीवन ही संघ की आत्मा है और उसका मूलमंत्र भारत सर्वोपरि है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समय के साथ बदल नहीं रहा बल्कि अपने मूल विचार, संस्कार और मूल्यों के साथ निरंतर विकसित हो रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' का पहला गीत 'भगवा है अपनी पहचान' रविवार को दिल्ली के केशव कुंज में आयोजित विशेष समारोह में लॉन्च किया गया। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गीत का औपचारिक लोकार्पण किया। डॉ. भागवत ने कहा कि फिल्म 'शतक' और इसका एंथम संघ की राष्ट्रनिष्ठा, आंतरिक शक्ति और सेवा-भाव को प्रभावी ढंग से सामने लाते हैं। यह फिल्म संघ की उन कहानियों को भी उजागर करती है, जो अब तक आम जनमानस के सामने नहीं आ पाईं। डॉ. हेडगेवार में लोगों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता थी। वे जीवन की कठिन चुनौतियों का भी समभाव से सामना करते थे और यही गुण संघ की कार्यप्रणाली में आज भी दिखाई देता है। संघ की विचारधारा स्थिर नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुसार निरंतर विकसित होने वाली है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,40,610/ |
| 22 कैरेट | = 1,28,900/ |
| 18 कैरेट | = 1,05,490/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,60,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने सीरिया में आईएस के ठिकानों पर किए हमले

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने सीरिया में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए है। अमरीकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को यह जानकारी दी। कमांड ने एक्स पर पोस्ट किया, आज, दोपहर लगभग 12:30 बजे अमरीकी सेंट्रल कमांड की सेनाओं ने सहयोगी सेनाओं के साथ मिलकर पूरे सीरिया में आईएस के कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए। कमांड ने कहा कि ये हमले ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक का हिस्सा थे, जिसे 13 दिसंबर को सीरिया के पल्मायरा में अमेरिका और सीरियाई सेनाओं पर हुए जानलेवा आईएस हमले के जवाब में 19 दिसंबर को शुरू किया गया था। हमले में आईएस के एक आतंकवादी ने घात लगाकर हमला किया, जिसमें दो अमरीकी सैनिक और एक अमरीकी दुभाषिया नागरिक मारे गए।

### खेल हमारे जीवन में करता है उत्साह का संचार : शिवराज

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आंनद और उत्साह का संचार करते हैं, शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को मजबूत करते हैं और आत्मा को प्रसन्नता से भर देते हैं। खेल गतिविधियों के इन लाभों को देखते हुए आगामी वर्ष से और अधिक व्यापक स्तर पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और गांव-गांव तक पहुंचकर प्रतिभावन खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किए जाएंगे। कृषि मंत्री रविवार को मध्य प्रदेश के सीहोर के प्रवास के दौरान गंजीबढ़ खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### जड़ों से जुड़े लोग अपनी भाषा में बात करते हैं : ओम बिड़ला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने रविवार को कहा कि जो जड़ों से जुड़े रहते हैं, वो भारत की मिट्टी से जुड़े होते हैं और अपनी भाषा में बात करते हैं। ओम बिड़ला ने यह बात आज दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन के समापन सत्र में कही। मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि वैश्विक मंचों पर भी भारतीय भाषाओं में अपनी बात को रखा जाए। बिड़ला ने भाषा के प्रसार में हिन्दी फिल्मों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि इनकी वजह से भारतीय भाषाएं दुनिया भर में पहुंची हैं।

## यूपी के गांवों से तैयार होंगे एक करोड़ उद्यमी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी पांच वर्षों में प्रदेश में 15 लाख नए उद्यम स्थापित किए जाने का प्लान बनाया है। इसी के साथ आगामी वर्षों में गांवों से एक करोड़ उद्यमी तैयार करने की योजना है। महाअभियान का आधार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बनेगा, जिसके जरिए स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है। प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से कम से कम एक सदस्य या समूह को उद्यम के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। कृषि आजीविका के साथ-साथ गैर-कृषि आजीविका क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों का विस्तार हर स्वयं सहायता समूह स्तर तक किया जाएगा।

## सीएम योगी आज करेंगे यूपी एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन

▸ एआई के प्रयोग से यूपी बनेगा हेल्थ व इनोवेश सेक्टर का पावरहाउस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश में आधुनिक, सुलभ और तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य व्यवस्था का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में योगी सरकार एक ऐतिहासिक पहल करने जा रही है। सोमवार को लखनऊ में दो दिवसीय यूपी एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस प्रारंभ होने जा रहा है। उद्घाटन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहेंगे। कॉन्फ्रेंस में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव संबोधित करेंगे। नीति आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, गेट्स फाउंडेशन, गूगल सहित देश-विदेश के एआई और हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञ सम्मेलन के विभिन्न सेशंस में हिस्सा लेंगे।

### 28 हजार अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बनें विराट कोहली

**वडोदरा।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में 25 रन बनाते ही कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 28 हजार रन पूरे किए। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 34357 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर अब विराट आ गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया है। संगाकारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 28016 रन बनाए थे। विराट इससे आगे निकल गए हैं।

## भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से किया ढेर

### पहले वनडे में कोहली ने बनाए 93 रन, श्रेयस अय्यर ने खेली 49 रनों की पारी

एजेंसी

**वडोदरा।** भारत ने वनडे सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में रविवार को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। केएल राहुल ने क्रिस्टियन क्लार्क की बॉल पर छक्का लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए। विराट कोहली ने 93, श्रेयस अय्यर ने 49 और कप्तान शुभमन गिल ने 56 रन बनाए। न्यूजीलैंड के काइल जैमिसन ने 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने 71 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। उनके अलावा हेनरी निकोल्स ने 62 और डेवोन कॉन्वे ने 56 रन बनाए। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा ने 2-2 विकेट झटके।



### रोहित ने तोड़ा गेल का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा (26 रन) इस पारी में दूसरा छक्का लगाते ही वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले ओपनर बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के 328 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोहित के नाम अब बतौर ओपनर 193 वनडे मैच में 329 छक्के हो गए हैं। हर बैटिंग पोजिशन को मिलाकर रोहित शर्मा पहले ही वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर हैं। उनके नाम अब तक 357 छक्के हैं।

## अखिलेश ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल किस एसआईआर को माना जाए सही

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया।

उन्होंने पूछा है कि जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते तो फिर कौन सा एसआईआर सही है। रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते।



### उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में नैतिकता की मौलिक कमी : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नौकरशाही की मनमानी पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा है कि पारंपरिक नौकरशाही में नैतिकता की एक मौलिक कमी यह है कि यह नैतिकता को प्रशासन के रोज़मर्रा के कामकाज का अभिन्न अंग न मान उसे बाहरी वस्तु मानती है। सरकार के विधायी विंग द्वारा सिविल सेवकों को दिये गये विवेकाधिकार का इस्तेमाल, अड़चन पैदा करने के बजाय, नीति और कानून के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा जहां प्रशानिक निर्णय तर्कहीन, अपमानजनक व मनमाने हैं, अदालतों को हस्तक्षेप करने के अपने अधिकारों को फिर से स्थापित करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

## वोट बढ़ाना लक्ष्य नहीं, केरल में होगा भाजपा का सीएम

**गृह मंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम से किया विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज**

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों का भले ही अभी ऐलान नहीं हुआ हो, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को तिरुवनंतपुरम पहुंचे और पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कर चुनाव की रणनीति पर मंथन किया।



उनके इस दौरे को केरल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां भाजपा और राजग के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में दावा किया कि वर्ष 2026 में केरल की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा और राज्य को भाजपा का मुख्यमंत्री मिलेगा। हाल के स्थानीय निकाय चुनाव में तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि केरल बदलाव की ओर अग्रसर है।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने म.प्र. में किया छह आधुनिक डाकघरों का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि डाक विभाग को आधुनिक, समयबद्ध और नागरिक-केंद्रित सेवा प्रणाली के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। सिंधिया ने 8 से 11 जनवरी तक मध्य प्रदेश के आधिकारिक दौरे में राज्य में 6 नवीनीकृत और आधुनिक डाकघरों का उद्घाटन किया।

## यूपी में अप्रैल से लागू होगा नया लेबर कोड बिल

### सैलेरी की आधी होगी बेसिक पे, अब हर कर्मचारी को मिलेगा अप्वाइंटमेंट लेटर

**संशोधित बिल विधि विभाग को भेजा गया, राज्यों में लागू करने को दिया गया था 90 दिन का समय**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्र सरकार का नया लेबर कोड बिल अप्रैल से उत्तर प्रदेश में भी लागू होगा। नए बिल को अंगीकार करने के लिए राज्य की आवश्यकता के अनुसार श्रम विभाग ने मामूली बदलाव कर संशोधित बिल विधि विभाग भेज दिया गया है। जनवरी में लेबरकोड बिल प्रकाशन कर सरकार आपत्तियां मांगेगी।

45 दिन बाद जरूरी आपत्तियां में सुधार कर बिल को अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया जाएगा। नए बिल का अनुपालन अनिवार्य हो जाएगा। 29 सेंट्रल कोड सरकार ने समेटकर चार कोड में कर दिया है। इसे बीते साल 21 नवंबर को सरकार ने लागू कर दिया है। बिल राज्यों में लागू करने के लिए सरकार ने 90 दिन का समय दिया था। 22 दिसंबर को चार कमेटियों का गठन किया था जिसे 27 दिसंबर तक रिपोर्ट देनी थी। कमेटियों की रिपार्ट के आधार पर बीते 9 जनवरी को श्रम विभाग ने बिल को मामूली बदलावों के साथ विधि विभाग को करेक्शन के लिए भेज दिया है। केंद्र के विभागों में केंद्रीय बिल के नियमों और राज्य के विभागों में राज्य के नियमों का अनुपालन कराया जाएगा।




नए लेबर कोड बिल में कर्मचारी को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। कंपनी कर्मचारी की नियुक्ति स्थाई, अस्थाई, संविदा, दिहाड़ी या आउटसोर्सिंग किसी भी रूप में करती है तो नियुक्ति पत्र देने की बाध्यता होगी। अभी कंपनियां नियुक्ति पत्र देने में आनाकानी करतीं हैं। नियुक्ति पत्र में सेवा शर्तों के साथ वेतन की जानकारी लिखी होगी। ग्रेच्युटी के लिए फिक्स टर्म इंप्लॉयमेंट का प्रावधान बनाया गया है। कोई कर्मचारी जितने दिन काम करेगा उतने दिन की ग्रेच्युटी कर्मचारी को देनी होगी। ईपीएफ, ईएसआई का लाभ देना होगा। कंपनियां ईपीएफ में हिस्सेदारी से बचने के लिए अपने कर्मचारियों का बेसिक पे कम रखतीं हैं। जबकि कर्मचारियों का वेतन बेसिक पे का कई गुना अधिक होता है। नए बिल में कुल सैलरी का आधा बेसिक पे रखने की बाध्यता की गई है। श्रम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बेसिक पे बढ़ने से किसी कर्मचारी की इन हैंड सैलरी में कोई असर नहीं पड़ेगा। 40 की उम्र पार कर चुके कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप भी कंपनी को हर साल कराना होगा।




# तालाब में मिला महिला व दो मासूमों का शव

परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या का आरोप

समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** विवाहिता और उसकी दो मासूम बेटियों के शव तालाब से मिले हैं। मृतका के मायकेवालों ने ससुरालवालों पर बेटा न होने पर प्रताड़ित करने और दहेज के लिए मां-बेटी की हत्या करके शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कोट बाजार निवासी बजरंगी लाल गुप्ता के पुत्र विष्णु गुप्ता पयागपुर बस स्टॉप के पास किराये के मकान में रहकर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। उनके मकान के पीछे एक गहरा तालाब है। शनिवार देर रात आसपास के लोगों को अचानक तालाब में कुछ गिरने की जानकारी हुई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पता चला कि विष्णु की पत्नी आशा उर्फ मीनू (35), अपनी बेटी नंदिनी (7) और प्राची (2) के साथ तालाब में डूब रही है।



## लगातार बेटियां होने को लेकर पति देता था यातनाएं

खबर मिली तो खैरीघाट के शिवपुर निवासी आशा के पिता कन्हैया लाल पहुंचे। उन्होंने पयागपुर थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा कि उनकी बेटी आशा की शादी करीब 12 वर्ष पहले विष्णु गुप्ता से हुई थी। शादी के बाद लगातार बेटियों का जन्म होने के कारण ससुराली उसे ताना देते था। दहेज की मांग की जाती थी। बीमारी के समय भी पैसों का दबाव बनाया जाता था। पति और ससुरालवाले लड़का न होने के कारण बेटी को प्रताड़ित करते थे। इससे वह मानसिक रूप से परेशान थी।

## केस दर्ज, ससुरालवाले फरार

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी कि यह आत्महत्या है या हत्या। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग घर से गायब बताए जा रहे हैं।







### पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तालाब से निकलवाया शव

इस पर गांव के लोग एकत्रित हो गए, लेकिन अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य में कठिनाई आई। किसी तरह महिला और एक बच्ची को देर रात बाहर निकाला गया। लेकिन, तब तक आशा की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। नंदिनी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान रविवार तड़के उसकी भी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबसे छोटी बच्ची प्राची का शव रविवार सुबह करीब 11 बजे गोताखोरों की मदद से तालाब से निकलवाया।

# बहराइच ब्लास्टर ने 24 रनों से बहराइच योद्धा को हराया, मैन ऑफ द मैच जयप्रकाश ने खेली शानदार 58 रनों की पारी

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** स्व. कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में रविवार को ग्रुप बी का पहला मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच ब्लास्टर के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी संदीप अग्रवाल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहित छाबड़िया व डीसीए सचिव इशरत महमूद खान मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। बहराइच ब्लास्टर के कप्तान जय प्रकाश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। ब्लास्टर की तरफ से जय प्रकाश ने 46 गेंदों में ताबड़तोड़ 58 रन व मृदुल श्रीवास्तव ने 38 रनों की बेहतरीन पारियां खेली। योद्धा की तरफ से रेहान खान ने 4 एवं अमन पावन ने 2 विकेट अपने नाम किए।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच योद्धा की तरफ से कुणाल यादव ने 66 गेंदों में 65 रन और अमन पावन ने 21 गेंदों में 20 की पारी खेली। बहराइच ब्लास्टर के 172 रनों का लक्ष्य के सामने बहराइच योद्धा 148 रन पर ही सिमट गई। और बहराइच ब्लास्टर ने 24 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत जय प्रकाश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

रेहान खान को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखो देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस दौरान सुनील राय, रामानंद सिंह, शानू खान, विजय शंकर, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती, सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### होमगार्ड जवानों ने की आपातकालीन बैठक



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला होमगाड्र्स अवैतनिक अधिकारी कर्मचारी संगठन की एक आपातकालीन बैठक कलेक्ट्रेट परिसर धरना स्थल पर की गई। बैठक में जनपद के सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष जनपद के समस्त पदाधिकारी व जनपद के तमाम जवान मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम महसी द्वारा जो कृत्य उनकी सेवा में लगे जवानों के साथ किया गया है। उसका विवरण सबके समक्ष रखा गया और आगे की लड़ाई हेतु मार्गदर्शन मांगा गया। तो सर्वसम्मत से यह बात बताई गई कि दिनांक 15/01/2026 तक जिला धिकारी द्वारा एसडीएम महसी के विरुद्ध कार्रवाई करने का इंतजार किया जाएगा। फिर दिनांक 16/01/2026 को एसडीएम महसी पर मुकदमा दर्ज करवाने व उनको जिले से हटाने के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। यदि फिर भी जवानों को न्याय नहीं मिलता है तो 1 फरवरी को जिले के समस्त होमगार्ड जवान ड्यूटी तोड़कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन न्याय मिलने तक धरना स्थल पर किया जाएगा। इस मौके पर रमाकांत श्रीवास्तव, राजू बाजपेई, राजेश शुक्ला, गंगा प्रसाद दुबे, अरविंद कुमार मिश्रा, हरिद्वार प्रसाद पांडे, हीरालाल भास्कर, अनीता सिंह, राजकुमार सिंह, किरण यादव सहित तमाम होमगार्ड जवान मौजूद रहे।
आवारा कुत्तों के हमले में दो घायल

### 24 घंटे में दो अलग-अलग घटनाओं से दहशत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में आवारा कुत्तों के हमलों में वृद्धि देखी जा रही है। बीते 24 घंटों के दौरान हुई दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पहली घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र में सामने आई। मोतीपुर निवासी बम बहादुर, जो एक होटल में कार्यरत हैं, घर से दुकान जाते समय आवारा कुत्ते के हमले का शिकार हो गए। लोगों के हस्तक्षेप से पहले ही कुत्ते ने उनके चेहरे पर काट लिया था। परिजनों ने उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना जरवल इलाके में घटी। खेत से लौट रहे जमील नामक व्यक्ति पर अचानक एक कुत्ते ने हमला कर दिया। जमील के बचाव का प्रयास करने से पहले ही कुत्ते ने उनके होंठ को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इन ताजा घटनाओं से दो दिन पूर्व भी मोतीपुर इलाके में अरविंद नामक एक युवक पर कुत्ते ने हमला कर उसकी नाक चबा ली थी। यह घटना भी ग्रामीणों के बीच चिंता का विषय बनी हुई है। आवारा कुत्तों के लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इन आवारा कुत्तों को पकड़ने और इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम मौहरवा मानिगढ़ा में बेटी–बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अविवाहित व तलाकशुदा लड़कियों, आशा बहुओं, ग्राम प्रधान, संभ्रांत महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को लड़कियों के भागने की समस्या, उससे जुड़ी सामाजिक चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं से संवाद करते हुए पारिवारिक संवाद, जागरूकता और समय पर सूचना देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता के लिए प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930, 1098, 181, 102 और 108 के उपयोग के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक तेजल पटेल, महिला कांस्टेबल पूजा चौधरी, महिला कांस्टेबल शिवांगी भार्गव सहित एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

# थानाध्यक्षकी पहल पर गुजरा में हुआ बहू-बेटी सम्मेलन, महिला सुरक्षा पर जोर



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम गुजरा में रविवार को पुलिस बिशेश्वरगंज द्वारा बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने की। सम्मेलन में महिलाओं और किशोरियों की बड़ी भागीदारी रही।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने स्वयं महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से बचाव तथा साइबर अपराधों से सतर्क रहने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी समस्या की स्थिति में महिलाएं बिना भय सीधे पुलिस से संपर्क करें। थानाध्यक्ष ने महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया और समाज में महिलाओं के सम्मान व सुरक्षित माहौल के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विशेश्वरगंज पुलिस हर परिस्थिति में महिलाओं के साथ खड़ी है। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की मांग की।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण में सीएमओ ने परखी व्यवस्थाएं

फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सुधार न होने तक वेतन बाधित

समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का रविवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र पयागपुर के खुटेहना और रामनगर खजुरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेलों में आने वाले मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण, जांच सुविधाओं एवं पंजीकरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को





निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के माध्यम से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए तथा शासन द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आमजन को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मेले में आने वाले मरीजों के साथ शालीन व्यवहार रखा जाए, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा गंभीर रोगियों को आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर समय रहते रेफर किया जाए। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।आयुष्मान गोल्डन कार्ड कैंप के निरीक्षण पर आयुष्मान मित्र रोहित से बनाए गए कार्ड की जानकारी प्राप्त की जिस पर बताया कि आज 19 कार्ड बनाए जा चुके है आरोग्य मेले में क्षेत्र में बचे हुए लोगों को कवर करने के लिए प्रतिदिन शिविर आयोजित कर बनाए जाने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए गए पीएचसी पर मिली अव्यवस्था पर संबंधित फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सुधार न होने तक वेतन बाधित किया गया है। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ संदीप मिश्रा बीपीएम अनुपम शुक्ल डॉ आयुषी सिंह, डॉ अब्दुल वाहिद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग डाक बंगले में पत्रकार समाज कल्याण समिति संगठन की अहम बैठक, तय की गई जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता व मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कल्पराम त्रिपाठी और जिला महामंत्री विजय कुमार सोनी के नेतृत्व में सिंचाई डाक बंगले में रविवार को एक अहम बैठक हुई। जिसमें सभी पत्रकारों के बीच चर्चा किया गया।और सर्व सम्मत से नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी तय की गई। जिलाध्य

नरेंद्र लाल गुप्ता ने कहा कि सभी पत्रकारों का तहे दिल में स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि सभी मनोनीत पदाधिकारी संगठन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।संगठन के प्रदेश सचिव कल्पराम त्रिपाठी ने कहा कि आज की बैठक में आशा करता हूं कि एक ही संगठन की सदस्यता ले और और



मजबूती प्रदान करें। जिम्मेदारी मिलने वाले सभी साथियों के नाम इस प्रकार है नरेंद्र लाल गुप्ता जिला अध्यक्ष, डॉक्टर कलप राम त्रिपाठी प्रदेश सचिव, विजय कुमार सोनी जिला महामंत्री, सुनील कुमार तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक कुमार श्रीवास्तव मंडल महामंत्री डीएन शुक्ला मंडल अध्यक्ष, राजेश कुमार जयसवाल मंडल प्रभारी, रघुराज सोनकर जिला मंत्री, विवेक कुमार श्रीवास्तव जिला मंत्री, हामिद अली जिला महासचिव, अयूब आलम जिला महासचिव ,रोहित कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष ,आनंद यादव उप कोषाध्य, डॉक्टर जयप्रकाश ओझा जिला सचिव, अनिल यादव उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार पांडे उपाध्यक्ष, महेश गोस्वामी मंडल सचिव, अजीज अहमद खान संरक्षक, राम नाथ गुप्ता उपसचिव, संतोष कोहली उपाध्यक्ष, गीता जायसवाल महिला जिला अध्यक्ष, मोनू जयसवाल प्रचार मंत्री, सतीश चंद्र जायसवाल एवं रियाज अहमद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### अफसरशाही की खुली तानाशाही, राजस्व विभाग का खुला बहिष्कार

**मिहींपुरवा,बहराइच।** शासन की महत्वाकांक्षी समाधान दिवस व्यवस्था एक बार फिर अफसरशाही की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। थाना मोतीपुर में आयोजित समाधान दिवस प्रशासनिक उदासीनता और जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी का शर्मनाक उदाहरण बनकर रह गया। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र, जहां सबसे अधिक भूमि विवादों की शिकायतें आती हैं, वहां समाधान दिवस के दिन राजस्व विभाग का एक भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। न उपजिलाधिकारी दिखे, न तहसीलदार, न नायब तहसीलदार और न ही कोई लेखपाल। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने समाधान दिवस का खुलेआम बहिष्कार कर शासनादेशों को ठेंगा दिखा दिया। सुबह से फरियादी न्याय की आस में थाने के चक्कर काटते रहे, लेकिन अफसरों की बेरुखी ने उन्हें खुद को ठगा हुआ महसूस करने पर मजबूर कर दिया।

# आयुक्त ने बसंतपुर गांव का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, वृद्धजनों को बांटे कंबल

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने रविवार को बसंतपुर गांव पहुंचकर ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गांव की बुनियादी सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्थानीय स्तर पर आ रही कठिनाइयों के बारे में ग्रामीणों से विस्तार से बातचीत की।

ग्राम भ्रमण के दौरान आयुक्त ने वृद्धजनों, महिलाओं एवं जरूरतमंद ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आयुक्त ने ठंड को देखते हुए गांव के कई वृद्धजनों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

आयुक्त ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना प्रशासन का दायित्व है और ठंड के मौसम में उन्हें राहत पहुंचाना प्राथमिकता है। आयुक्त ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में चल रही योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई और स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से ही वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है, जिससे प्रभावी समाधान संभव हो पाता है। ग्रामीणों ने आयुक्त के गांव आगमन पर संतोष व्यक्त करते हुए अपनी समस्याएं साझा कीं और कंबल वितरण के लिए आभार प्रकट किया।

# नागरिकों ने मतदेय स्थलों पर किया नामों का अवलोकन

समृद्धि न्यूज

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद बलरामपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरान्त दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया के तहत आज जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (ब्क्स्व्) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिसका उपस्थित नागरिकों द्वारा ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा विधानसभा बलरामपुर के अंतर्गत स्थित मतदेय स्थल एमपीपी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज तथा एमएलके पीजी कॉलेज में पहुंचकर आलेख्य मतदाता सूची के वाचन का जायजा लिया गया।* निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से संवाद करते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से भी वार्ता कर कहा कि प्रत्येक मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें, तथा किसी प्रकार की त्रुटि/आपत्ति होने पर निर्धारित समयसीमा में दावा-आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। इस दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास दावा-आपत्ति से संबंधित आवश्यक आवेदन पत्र फॉर्म-06, फॉर्म-07 एवं फॉर्म-08 उपलब्ध रहे, जिन्हें आवश्यकतानुसार नागरिकों को उपलब्ध कराते हुए भरने में भी सहयोग किया गया।



### सभी मतदेय स्थलों पर वाचन सुनिश्चित

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (स्म्त्व्/श्त्व्) द्वारा अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का निरन्तर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर आलेख्य मतदाता सूची का विधिवत रूप से पढ़कर सुनाया जाए, जिससे नागरिक बिना किसी कठिनाई के सूची में अपना नाम जांच सकें तथा आवश्यकतानुसार दावा–आपत्ति की कार्यवाही कर सकें।

# आग से दो मकान जलकर राख, बाल-बाल बचे परिवार

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** जनपद गोंडा के ग्राम सभा पिलखावा में आज सुबह करीब चार बजे अचानक भीषण आग लग गई, जिसने दो पूरे मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि घर में सो रहे परिवार के सदस्यों को कुछ समझ में आने से पहले ही हालात बेकाबू हो गए। दोनों परिवारों के मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

प्रभावित परिवारों के अनुसार, घर में रखा गया नकद दस हजार रुपये, बर्तन, ठेलिया, साइकिल, कपड़े, अनाज और खाने-पीने का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया। परिवार गहरी नींद में थे, जब आग की गर्मी और धुएं ने उन्हें जगाया। घबराहट के बीच उन्होंने बच्चों को गोद में उठाया और किसी तरह बाहर निकलकर अपनी और बच्चों की जान बचाई। सौभाग्य से इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन आर्थिक नुकसान बेहद भारी है।



घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान दिनेश यादव तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों प्रभावित परिवारों से बातचीत की और गहरा दुख जताया। प्रधान ने कहा, यह बेहद दुखद घटना है। मैं दोनों परिवारों की हर संभव मदद करूंगा। प्रशासन से समन्वय कर जल्द से जल्द उन्हें कालोनी दिलवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा ताकि वे दोबारा अपना जीवन पटरी पर ला सकें। स्थानीय ग्रामीणों ने भी पीड़ितों की सहायता का भरोसा दिया है। पुलिस और राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई है।

### आरपीडब्ल्यूआई (आठवले) की कमान मानसिंह को

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के तत्वावधान में सादुल्लह नगर में रविवार को भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शहंशाह आलम के संयोजन में आयोजित इस सम्मेलन में संगठन विस्तार को लेकर अहम घोषणाएँ की गईं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने बलरामपुर जिले की कमान मानसिंह चौहान को सौंपते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्त ने कहा कि पार्टी की नीतियों और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संगठन का सशक्त होना जरूरी है।

# भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मनाई गई पुण्यतिथि

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के मुख्य परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्य तिथि के अवसर पर सर्व धर्म सभा, हवन-पूजन, रक्तदान शिविर एवं निर्धन छात्रों हेतु स्वेटर वितरण कार्यक्रम तथा महाविद्यालय के बाहर शास्त्री जी की प्रतिमा स्थल पर अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक समर्पण के भाव के साथ किया गया।

शास्त्री महाविद्यालय के समारोह अधिकारी प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन से हुआ, जिसमें महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव श्री उमेश शाह ,सदस्य संजू छाबड़ा प्रभारी प्राचार्य प्रो बी पी सिंह आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. जीतेन्द्र सिंह, मुख्य नियंता प्रो. अमन चंद्रा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण ,कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि दी । हवन के दौरान राष्ट्र की शांति, सद्भाव एवं समृद्धि के लिए वैदिक मंत्रोच्चार किया गया एवं हवन के पश्चात पी ए सी के हेड कांस्टेबल के अंजनी कुमार यादव के नेतृत्व में शास्त्री जी की प्रतिमा को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया ।





श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने श्री शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, उच्च नैतिक मूल्यों एवं उनके अमर नारे जय जवान, जय किसान÷ की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सचिव उमेश शाह ने कहा कि श्री शास्त्री जी का जीवन आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धन एवं जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर वितरण मुख्य अतिथि वर्षा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि श्री उमेश शाह द्वारा किया गया।महाविद्यालय के पंजीकृत 200 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए ।

# कांग्रेस का बीजेपी पर आरोप : महात्मा गांधी नाम को खत्म करने की साजिश से मनरेगा का बदला नाम

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जिला कॉर्डिनेटर डॉ. रघुपति त्रिपाठी कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता किया और भाजपा पर आरोप लगाया कि महात्मा गांधी नाम को खत्म करने की साजिश से मनरेगा का नाम बदला गया है। जबकि कांग्रेस पार्टी की देन रही की मजदूरों को 100 दिन की गारंटी दी जाती थी।

योजना को समाप्त करने की कोशिश हो रही है।कांग्रेस पार्टी ऐसे साजिश को सफल नहीं होने देगी। यूपीए की सरकार में प्रधानमंत्री डॉ. मन मोहन सिंह ने बेरोजगारी को समाप्त करने का जो सपना देखा था और गांव में ही रोजगार का उपलब्ध कराया जाता रहा है। इस महत्वपूर्ण योजना को भाजपा खत्म करना चाहती हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं देश भर में कांग्रेस जन ऐसी गरीबोन्मुखी और मजदूरों के रोजगार को नाम हटाकर योजना को समाप्त नहीं करने देगी। प्रेस वार्ता के दौरान, शिव कुमार दुबे, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा,शहर अध्यक्ष शहीद अली कुरेशी, पूर्व प्रदेश सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी, राम राज सिंह एडवोकेट, जलील अहमद,सैयद अब्दुल मुजीब, ऊबैदुर्रहमान, वाजिद अली, निर्मला देवी, निर्मेश श्रीवास्तव,डॉ जफर अशफाक रहे।



# योगी विजन के अनुरूप पांच वर्षों में 15 लाख उद्यम स्थापित करने की योजना

**समृद्धि न्यूज**

> प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से कम से कम एक सदस्य या समूह को उद्यम स्थापित करने के लिए मिलेगा प्रोत्साहन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और उद्यमशील राज्य बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

आगामी पांच वर्षों में प्रदेश में 15 लाख नए उद्यम स्थापित किए जाने का प्लान बनाया गया है। इसी के साथ आगामी वर्षों में गांवों से एक करोड़ उद्यमी तैयार करने की योजना है। इस महाअभियान का आधार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बनेगा, जिसके जरिए, स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ा जाएगा। सीएम योगी के विजन से आत्मनिर्भर गांव, सशक्त उद्यमी और विकसित उत्तर प्रदेश का सपना साकार होता दिख रहा है। सीमित संसाधनों से सफल हो रही उद्यमियों से प्रदेश की अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है। प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से कम से कम एक सदस्य या समूह को उद्यम के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

# यूपीकॉप ऐप बना आमजन का सारथी, घर बैठे एफआईआर समेत 27 सुविधाओं का उठा रहे लाभ

**समृद्धि न्यूज**

> एप के माध्यम से 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर डाउनलोड की जा चुकी हैं जबकि 7.3 लाख से अधिक लोगों ने खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज करायी है। अब तक 50 लाख से अधिक यूजर्स एप को डाउनलोड कर चुके हैं।

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर कई कदम उठाए हैं। सरकार की यह मुहिम पुलिस से लेकर आमजन के लिए बड़ी राहत और भरोसे का माध्यम बन गयी है। राज्य सरकार की यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल आज प्रदेशवासियों के लिए डिजिटल पुलिस स्टेशन की तरह काम कर रहा है।

प्रदेशवासी एप के माध्यम से न सिर्फ घर बैठे एफआईआर दर्ज करा रहे हैं बल्कि 27 प्रकार की पुलिस सेवाओं का लाभ बिना थाने गए उठा रहे हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसिंग को जनकेंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए टेक्नोलॉजी से जोड़ा है। उनकी दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि आज यूपी पुलिस तकनीक के जरिये आम जनमानस की सेवा में नई मिसाल कायम कर रही है। यूपीकॉप एप ने थानों के चक्कर लगाने की मजबूरी को काफी हद तक कम कर दिया है। वहीं एप से विभिन्न सेवाओं के निस्तारण की समयावधि में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है।

उन्होंने बताया कि एप के जरिए लोग ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने, एफआईआर की कॉपी डाउनलोड करने, खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज कराने, चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन समेत 27 प्रकार की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। अब तक 50 लाख से अधिक यूजर्स एप को डाउनलोड कर चुके हैं। एप के माध्यम से 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर डाउनलोड की जा चुकी हैं जबकि 7.3 लाख से अधिक लोगों ने खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज करायी है। वर्तमान में चरित्र सत्यापन में लगभग 6 दिन का समय लग रहा है जबकि पहले इसमें 8 दिन लगते थे। इस तरह किरायेदार सत्यापन में करीब 8 दिन लग रहे हैं जबकि पहले 24 से 25 दिन लगते थे, कर्मचारी सत्यापन में करीब 5 दिन लग रहे हैं जबकि पहले 13 दिन लगते थे। इसके साथ ही योगी सरकार का पब्लिक ग्रेवांस रिव्यू पोर्टल भी आमजन के लिए प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

### हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है एप

डीजीपी ने बताया कि यूपी कॉप एप में कई आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इसमें रीयल-टाइम नोटिफिकेशन के जरिए आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की तुरंत जानकारी मिल रही है। यह एप हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर रहे हैं। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से लोकेशन ट्रैकिंग और एसओएस बटन जैसी सुविधाओं को भी अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा एप पर नजदीकी पुलिस स्टेशन को मैप पर देखने की सुविधा भी दी गई है, जो आपात स्थिति में काफी उपयोगी साबित हो रही है। एप से विभिन्न सेवाओं के निस्तारण में लगने वाले समय में भारी कमी आयी है।

### यूपी का 'डिजिटल पुलिस स्टेशन' है यूपी कॉप ऐप

डीजीपी ने कहा कि यूपीकॉप ऐप उत्तर प्रदेश पुलिस का 'डिजिटल पुलिस स्टेशन' है, जो नागरिकों की शिकायतों और सेवाओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था देता है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम सेवा-प्रक्रियाओं का मानकीकरण कर रहे हैं ताकि हर आवेदन पर समान गति, समान पारदर्शिता और निश्चित समय-सीमा सुनिश्चित हो। टेक्नोलॉजी-आधारित जनशिकायत निवारण से पुलिसिंग अधिक जनकेंद्रित और जवाबदेह बन रही है। यही स्मार्ट पुलिसिंग का वास्तविक अर्थ है।

## खबरें एक नजर में

### बंद घरों में चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना पुलिस और क्राइमब्रांच की संयुक्त टीम ने बंद घरों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी चोरी के दौरान लोगों को डराने-धमकाने के लिए असलहों और सुतली बम का भी इस्तेमाल करते थे। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के बताया कि आरोपी बंद पड़े मकानों को निशाना बनाकर ताले तोड़ते थे। वहां से सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लेते थे। चोरी के दौरान विरोध होने पर लोगों को डराने के लिए असलहों और सुतली बम का प्रयोग किया जाता था। गिरफ्तार चारों आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, कई सुतली बम और अवैध असलहे बरामद किए गए हैं। पकड़े गए चोरों में नवाब अली उर्फसलमान अली, आफ्ताब, अफरोज व शमशुल शामिल है। इनको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य आपराधिक नेटवर्क और साथियों की जानकारी जुटाने में लगी है।

### साइकिल सवार के ऊपर चढ़ते हुई पलटी कार, शख्स की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मोहनलालगंज इलाके में एक बेकाबू कार साइकिल सवार पर चढ़ते हुए पलट गई। इस दौरान कार का टायर भी फट गया। इस हादसे में साइकिल सवार शख्स की कार के नीचे दबने से मौत हो गई। वह काम पर जा रहा था। इस हादसे में कार ड्राइवर सकुशल बच गया। वह मौके से भाग निकला। यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 7.30 बजे फत्तेखेड़ा गांव के पास हुई। फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा निवासी रामबरन (40) पुत्र शिवकुमार शिवराम अपने घर से मजदूरी के लिए साइकिल से निकले वह इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से बेकाबू कार उनके ऊपर चढ़ते हुए पलट गई। सूचना मिलने पर मोहनलालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस की मदद से घायल रामबरन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार नंबर यूपी 70 जीएल 2048 का टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई और साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद पलट गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश जारी है।

### सड़क दुर्घटना में मैनेजर की मौत, तीन दोस्त घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में बीती रात एक कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार कि कार पलट गई। कार सवार 4 लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक बिष्ट के रूप में हुई। वह एजुकेशन टेक कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात था। 4 बहनों में इकलौता भाई था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रामपुर सिविल लाइंस निवासी दीपक बिष्ट लखनऊ में रहते थे। वह गोमती नगर की एजुकेशन टेक कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात थे। शनिवार देर रात वह अपने साथी को छोड़ने कार आलमबाग बस अड्डे से वापस आ रहे थे। इस दौरान उनकी कार लोहिया चौराहे पर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी पलट गई। उसके शीशे टूट गए और दोनों एयरबैग खुल गए। कार सवार 4 लोग बुरी तरीके से घायल हो गए। इसमें दीपक बिष्ट ने लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दीपक के साथ कार में प्रतीक बिंद, शिवम चौरसिया और अनुराग भी सवार थे। यह तीनों भी बुरी तरीके से घायल है, जिनका इलाज लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से हादसे के कारण की जांच कर रही है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा कार बेकाबू हो जाने के बाद डिवाइडर से टकराने के कारण हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### तीन चोरों को आधी रात लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रात करीब 3 बजे चोरी करने कॉलोनी में घुसे 3 चोरों को लोगों ने पकड़ लिया। तीनों अपाचे बाइक से आए थे। बाइक सड़क पर खड़ी कर एक घर के बाहर रेकी कर ताला तोड़ने लगे। यह सब सामने वाले घर में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो रहा था। उस घर का कोई रात में जागा तो उसने स्क्रीन पर सामने वाले घर के आगे खड़े कुछ लोगों को देखा। उसकी नींद पूरी तरह से टूट गई। पुलिस भी अलर्ट हो गई। स्थानीय थाने से फोन आया और उस व्यक्ति से पूरी डिटेल ली गई। पुलिस वालों ने कहा कि आपको शोरगुल नहीं मचाना। पुलिस इस रास्ते से आएगी। आप लोग जस्ट अपोजिट साइड सड़क पर घेर लीजिए ताकि चोर भागने न पाएं। बस फिर क्या था, लोगों ने ऐसा ही किया और तीनों चोर वहीं पकड़े गए। घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की एलडीए कॉलोनी, सेक्टर-एफ की है।

### आप का बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में आम आदमी पार्टी (आप) ने बांग्लादेश के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी नारेबाजी की। बांग्लादेश का पुतला फूंक दिया। पैरों तले कुचल दिया। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे सभी आप कार्यकर्ताओं को गाड़ी में ठूंस दिया और इको गार्डन भेज दिया। आप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को मारा जा रहा है। वहां पर जो हमारे प्रधानमंत्री मौन बैठे हैं। वहां पर हिंदू भाई मारे जा रहे हैं और सरकार शेख हसीना को बैठाकर बिरयानी खिला रही है। मांग की कि शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेज देना चाहिए। प्रदर्शन रविवार दोपहर कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे पर किया गया। पुलिस ने माहौल शांत कर दिया। आम आदमी पार्टी की जिला अध्यक्ष इरम ने कहा कि यह बहुत अफसोस की बात है कि बांग्लादेश में लंबे समय से हिंदू समुदाय पर अत्याचार हो रहा है। वहां पर हिंदू मारे जा रहे हैं और हमारे प्रधानमंत्री मौन बैठे हैं। जिस तरीके से हिंदू भाइयों का खून बहाया जा रहा है उनका खून इतना सस्ता हो गया कि कोई भी उस पर आवाज न उठाए।

### ममता चैरिटेबल ने वितरित किए दिव्यांग कृत्रिम उपकरण व कंबल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गरीबों एवं असहायों के कल्याण का पर्याय बन चुकी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्षा मंत्री एवं जन प्रिय सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से 10 जनवरी दिन शनिवार को राजधानी लखनऊ में दिव्यांग कृत्रिम अंग सहायक उपकरण एवं कंबल वितरण महाअभियान का विशाल आयोजन किया गया। विगत कई दिनों से चल रहे स्वास्थ्य उपकरण एवं कंबल वितरण महाअभियान की श्रंखला में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने राजधानी लखनऊ के अस्पतालों झुग्गी झोपड़ियों में पर कैम्प लगाकर हजारों की संख्या में जरूरतमंदों, लाचारों, गरीबों और बुजुर्गों को दिव्यांग उपकरण एवं कंबल वितरित किए। ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने असहायों को कंबल भेंट करते हुए भरोसा दिलाया कि ममता की छाया हमेशा आपके साथ है। आज विभिन्न कैंपों और चौराहों, हाट बाजारों में कुल हजारों की संख्या में कंबल वितरित किए गए।

### सड़क से संसद तक कांग्रेस लड़ेगी मनरेगा को बचाने की लड़ाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आज कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में मनरेगा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। मीडिया से मुखातिब केएल शर्मा ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण सरकारी योजना नहीं बल्कि करोड़ों ग्रामीण गरीबों के सम्मान, अधिकार, जीविका की संवैधानिक गारंटी है, जिसे यूपीए सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति को ताकत देने के उद्देश्य से लागू किया था। यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी की दूरदर्शी सोच, संकल्प, राहुल गांधी के जमीनी संघर्ष के परिणामस्वरूप मनरेगा को काम का अधिकार का रूप मिला। डॉ. मनमोहन सिंह ने इसे नीतिगत मजबूती दी, सोनिया गांधी ने सामाजिक न्याय के संकल्प के रूप में इसे आगे बढ़ाया।

### समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा

# हर कर्मी का डॉक्यूमेंट्स व पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य



**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कुछ कोर्स कोऑर्डिनेटरों द्वारा फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किए जाने के मामले सामने आने के बाद समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है।

भविष्य में ऐसी किसी भी अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग से जुड़े मामलों में स्पष्ट शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के जरिए की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह निर्धारित नियमों, मानकों और प्रक्रिया के अनुरूप हों। शासनादेश में यह साफ किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त सभी कार्मिकों के शैक्षिक और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स की पूरी जांच अनिवार्य होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा।

### तीन महीने के अंदर होगी मौजूदा कर्मियों की जांच

राज्यमंत्री ने वर्तमान में विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों के डॉक्यूमेंट्स की भी अगले 3 महीने के अंदर जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण विभाग में किसी भी तरह की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी। आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुसार होंगी। जहां भी अनियमितता मिलेगी, वहां सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# लाल बहादुर शास्त्री का जय जवान जय किसान का नारा प्रेरणास्त्रोत : केशव

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का संपूर्ण जीवन देश की सेवा, नैतिक मूल्य और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को समर्पित रहा उनका जय जवान जय किसान का उद्घोष आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

शास्त्री जी की आदर्श सादगी और कर्तव्य निष्ठा वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेगा। जय जवान, जय किसान÷ का नारा देने वाले शास्त्री जी ने आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की जो परिकल्पना की थी, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसी के अनुरूप देश किसान कल्याण राष्ट्रीय सुरक्षा आत्मनिर्भरता और समग्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह शास्त्री जी के सपनों के भारत को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आयोजित हुआ पीडीए साक्षी संगम

**समृद्धि न्यूज**

> बाटी-चोखा व तहरी भोज कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ मे आज समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आयोजित पीडीए साक्षी संगम, बाटी-चोखा एवं तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन उत्तरी विधान सभा के मड़ियांव के एक लॉन में किया गया। जिसमे में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक एवं क्षेत्रीय लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि नगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी, राजेंद्र चौधरी, मधु गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर उत्साह, एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का स्पष्ट संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से कट गए हैं या जुड़ने से रह गए हैं, उनके नाम पुनः जुड़वाने का अभियान तेज किया जाएगा, ताकि हर समर्थक का मत सुरक्षित रहे।

### ओवरहेड टैंक की सफाई के कारण कई इलाकों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**लखनऊ।** नगर निगम के जलकल विभाग की तरफसे जानकारी दी गई है कि शहर के टिकैत राय लेबर कॉलोनी क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक की नियमित सफाई का कार्य प्रस्तावित है।

यह कार्य दिनांक 12 जनवरी 2026 (सोमवार) को कराया जाएगा। इस आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते उसी दिन सायंकाल के समय क्षेत्र की जलापूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। जलकल विभाग के अनुसार, ओवरहेड टैंक की सफाई जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# जिन्हें राम के नाम से आपत्ति, वो छोड़ दें देश : जितिन

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जी राम जी किए जाने के बाद विपक्षी दलों के उठाए जा रहे सवालों पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा, जिन्हें राम के नाम से आपत्ति है वो देश छोड़कर बाहर चले जाएं। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर उसी तरह दुष्प्रचार किया जा रहा जिस तरह संविधान खत्म होने को लेकर झूठ फैलाया गया था, लेकिन जनता सच्चाई जनता के सामने है।

रविवार को भाजपा कार्यालय पर मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 वीबी-जी राम-जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना के रूप में नहीं बल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है। यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत निर्णायक कदम है। विपक्ष इसका गलत प्रचार प्रसार कर रहा है। जनता बदलाव चाहती है।

मनरेगा की मानिटरिंग और पारदर्शिता नहीं थी। वीबी जी राम जी में जियो टैगिंग होगी। स्किल डेवलपमेंट होगा। लोगों को रोजगार मिलेगा। अब कागजों पर काम नहीं होगा। तकनीक का प्रयोग कर धन का दुरुपयोग रोका जाएगा।

राज्यों की मनमानी रुकेगी।केंद्र और राज्य दोनों मिलकर काम करेंगे तो ज्यादा प्रभावी होगी। विपक्ष जानकारी के अभाव में विरोध कर रहा है। पुरानी योजना में भी मोदी सरकार ने खर्च किया, इसमें भी बजट मिलेगा। पहले योजना का नाम नरेगा था फ़्रि मनरेगा और अब जी राम जी हो गया है। यह आम लोगों की भावना है किसी व्यक्ति विशेष का मामला नहीं है। विपक्ष के यूपीए की योजनाओं को ही बदलकर अस्तित्व खत्म करने के सवाल पर जितिन ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सिर्फ जनहित है।

# असलहे की नोक पर घरों में चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

> इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्रा के नेतृत्व में मड़ियांव पुलिस और अपराध शाखा लखनऊ की टीम ने की गिरफ्तारी, लगभग आधा दर्जन मुकदमों का अनावरण

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** उत्तरी ज़ोन की मड़ियांव पुलिस और क्राइम ब्रांच लखनऊ की टीम ने रेकी कर घरों का ताला तोड़कर असलहे की नोक पर चोरी करने वाले गैंग के 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में बेहतरीन कामयाबी हासिल की है।

इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर आईआईएम तिराहे के पास से संदिग्धों को गिरफ़्तार कर लिया। जिनकी पहचान नवाब अली उर्फ़ सलमान, आफताब, अफरोज उर्फ़ मो0 मेराज, और शमशुल के रूप में हुई जो ठाकुरगंज लखनऊ व हरदोई के रहने वाले हैं। पुलिस ने चोरों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल, दो तमंचे, 23 जिंदा कारतूस, 8 सुतली बम, लाखों की क़ीमत के आभूषण, 10000 रुपए नगद और घटना कारित करने में इस्तेमाल करने के लिए लोहे की दो रॉड बरामद करते हुए लगभग आधा दर्जन मुकदमों का सफ़ल अनावरण किया। चोरों के कब्जे से चोरी की एक अपाचे बाइक भी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कागज़ी प्रक्रिया सम्पन्न कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया। गिरफ़्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा, उपनिरीक्षक नितिन तालियान, अमित साहू, शुभम तिवारी, अखिलेश कुमार, अखिलेश सिंह, पुष्पेन्द्र चौधरी, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार वर्मा, कांस्टेबल मनोज कुमार, दिग्विजय यादव, सचिन दूबे, अखिलेश वर्मा, और अपराध शाखा पुलिस टीम के उपनिरीक्षक राहुल त्रिपाठी, मुहम्मद असलम, आशुतोष पाण्डेय, प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल अतुल पाण्डेय, पवन, हबीब खान, अमित कुशवाहा, जीत सिंह, मनोज शुक्ला, दिलीप, कांस्टेबल नहर सिंह, व देशराज मुखिया रहे।

# रंजिश में की गई थी लाई चना वाले की हत्या

> ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में कामयाब हुई विकास नगर पुलिस तीन हत्यारे गिरफ्तार, खंगाले गए थे 1289 सीसीटीवी कैमरे

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** विकास नगर इलाके में बीते 30 दिसंबर को डायल 112 की सूचना पर थाना विकास नगर पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि विकास नगर मोड़ पर खून से लतपथ एक व्यक्ति पड़ा है। मौके पर स्थानीय पुलिस टीम ने पहुंचकर घायल को उपचार हेतु लोहिया अस्पताल लखनऊ भेजा जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पोस्टमास्टर्म रिपोर्ट आने के बाद ज्ञात हुआ कि अज्ञात व्यक्ति की सिर कूच कर हत्या कर दी गई है।जिसकी पहचान लालाराम उम्र 40 वर्ष निवासी लहरपुर जनपद सीतापुर के रूप में हुई। विकास नगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की तलाश में जुट गई थी। इस बीच ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए स्थानीय पुलिस ने लगभग 1289 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसकी मदद से रविवार को पुलिस टीम ने हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया जिनकी पहचान सोनू (28) वर्ष धनराज (19) राहुल उर्फ़ शिवा (25) के रूप में हुई। थानाध्यक्ष विकास नगर आलोक सिंह ने बताया कि हत्यारों ने पूछताछ में कबूला कि मृतक लालाराम से पूर्व में इनका विवाद हुआ था जिसके चलते षड्यंत्र कर लालाराम के सोने के स्थान की रेकी करके सोते समय लालाराम के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी थी और उसकी जेब में रखे 7240 रुपए निकाल ले गए थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ़्तार करने और गिरफ्तारी में सहयोग करने वाली टीम में थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शिव सिंह यादव, मुहम्मद यासीन, आनन्द कुमार, प्रवीण कुमार, विकुल मावी, मुख्य आरक्षी ऋषि तिवारी, मनीष सिंह, अमर दात्री नंदन शुक्ला, अवध किशोर सिंह, आरक्षी राघवेन्द्र यादव, रामचंद्रजी, शिवम यादव, आशीष कुमार, केशव यादव, रहे।

## अरुणिमा वेलफेयर फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर के सेक्टर 13 में अरुणिमा वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए गए। फाउंडेशन की अध्यक्ष एडवोकेट सुमिता तिवारी ने प्रबुद्ध वर्ग की उपस्थिति में फाउंडेशन के सदस्यों के साथ कंबल वितरण किया। एड. सुमिता तिवारी ने कहा कम्बल वितरण समाज के सभी वर्गों से जुड़ने और जुड़े रहने का माध्यम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संध्या गुप्ता, नीलम त्रिपाठी, कुंवर बहादुर सिंह, संदीप मित्तल, ए.के. सेठ, वी.के.पाण्डेय, डॉ.दीपक गुप्ता सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जनपद फर्रुखाबाद।**

मूल परिवाद संख्या-45/2019
निष्पादन वाद संख्या-13/2025
नोटिस अन्तर्गत धारा-71/72 उप0सं0अधि0 2019

शिखा गौतम

बनाम

1-शाखा प्रबन्धक, सहारा इण्डिया शाखा निकट भोलेपुर क्रासिंग, पो0 भोलेपुर, परगना पहाड़ा, तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद।
2-प्रबन्ध निदेशक, सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोजेक्ट रेन्ज लि0, सहारा इण्डिया भवन, कपूरथला काम्पलेक्स, अलीगंज, लखनऊ।

चूंकि उपर्युक्त परिवाद संख्या 45/2019 में पारित निर्णय एवं आदेश दिनांकित 04.03.2025 का अनुपालन आप द्वारा न किये जाने पर परिवादी/डिक्रीधारिका ने इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जावे।
अत्तः एतद्द्वारा जिला आयोग की ओर से यह नोटिस आपको दी जा रही है कि आप दिनांक 11.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर कारण बतायें कि क्यों न आपके विरुद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा-71 के तहत अग्रेत्तर कार्यवाही की जाये? उक्त तिथि पर आयोग के समक्ष उपस्थित न होने की स्थिति में आपके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत अग्रेत्तर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

अध्यक्ष/सदस्य
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
फर्रुखाबाद।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जनपद फर्रुखाबाद।**

मूल परिवाद संख्या-44/2019
निष्पादन वाद संख्या-12/2025
नोटिस अन्तर्गत धारा-71 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

राजा गौतम

बनाम

1-शाखा प्रबन्धक, सहारा इण्डिया शाखा निकट भोलेपुर क्रासिंग, पो0 भोलेपुर, परगना पहाड़ा, तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद।
2-प्रबन्ध निदेशक, सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोजेक्ट रेन्ज लि0, सहारा इण्डिया भवन, कपूरथला काम्पलेक्स, अलीगंज, लखनऊ।

चूंकि उपर्युक्त परिवाद संख्या 44/2019 में पारित निर्णय एवं आदेश दिनांकित 04.03.2025 का अनुपालन आप द्वारा न किये जाने पर परिवादी/डिक्रीधारक ने इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जावे।
अत्तः एतद्वारा जिला आयोग की ओर से यह नोटिस आपको दी जा रही है कि आप दिनांक 11.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर कारण बतायें कि क्यों न आपके विरुद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा-71 के तहत अग्रेत्तर कार्यवाही की जाये? उक्त तिथि पर आयोग के समक्ष उपस्थित न होने की स्थिति में आपके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत अग्रेत्तर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

अध्यक्ष/सदस्य
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
फर्रुखाबाद।

# पढ़ कर सुनाया ड्राफ्ट रोल, ईआरओ-एईआरओ ने बूथ का किया निरीक्षण

- सभी मतदेय स्थलों पर फार्म-6, 6ए, 7, 8 कराया गया प्राप्त

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में किया जा चुका हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे पात्र नागरिक जो अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे अथवा कर चुके हैं ऐसे पात्र नागरिक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु आलेख्य प्रकाशन अवधि तिथि 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारी को कार्य अवधि में निर्धारित फार्म-6, 6ए, 7, 8, भरकर प्राप्त करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त के अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त बीएलओ द्वारा तिथि 11 जनवरी 2026 को अपने बूथ पर उपस्थित होकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया गया तथा फार्म-6, 6ए, 7, 8 प्राप्त किए गए।

इसी क्रम में रविवार को को सभी उप जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मतदेय स्थलों पर औचक निरीक्षण करते हुए बीएलओ के माध्यम से आम जनता को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गयी। सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, एडीएम प्रशासन-उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी जनपद के मतदेय स्थलों पर निरीक्षण करते हुए बीएलओ के माध्यम से आम जनता को मतदाता सूची को पढ़कर सुनाई गयी। ऐसे पात्र नागरिक जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु अपने निकटतम मतदेय स्थल पर पहुँचकर फार्म-6 निःशुल्क प्राप्त कर रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नम्बर, आयु प्रमाण-पत्र, निवास का पता एवं परिवार के किसी सदस्य का ईपिक व मतदाता फोटो पहचान-पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही जो मतदाता स्थाई रूप से अन्यत्र चले गए हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है, का फार्म-7 भरा जाएगा एवं जो मतदाता किसी प्रकार का संशोधन कराना चाहते हैं वह फार्म-8 भरकर साक्ष्य सहित सम्बन्धित मतदेय स्थल अथवा तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा कर सकते हैं। जनपद के ईआरओ-एईआरओ, सुपरवाइजर द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे आलेख्य निर्वाचक नामावली पठन कार्य का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने विभिन्न बूथों पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं है, उनकी नवीन एवं स्पष्ट फोटो संबंधित प्रपत्रों के साथ अनिवार्य रूप से अपलोड कराई जाए। साथ ही जिन मतदाताओं की फोटो उपलब्ध नहीं है, उनके लिए बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर फोटो अपलोड की कार्यवाही शत-प्रतिशत पूर्ण की जाए,मतदाता सूची में फोटो अपलोड का कार्य किसी भी दशा में लंबित न रहे। संबंधित मतदान स्थलों पर खुली बैठक के माध्यम से निर्वाचक नामावली का पठन सुचारु रूप से किया जाए तथा आमजन से दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे मतदाता सूची शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन तैयार की जा सके।

## मतदाता सूचियां मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा पढ़कर सुनाई गई



**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की तिथि 6 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूचियां रविवार को जनपद की सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अवस्थित सभी 2810 मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा पढ़कर सुनाई गई। उक्त कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी,सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बीएलओ सुपरवाइजर्स द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया। जिसमें सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी की ओर से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

**शाहजहांपुर।** ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी की ओर से इलेक्ट्रिक बस डिपो द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक विशेष सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीएसआई विनय पांडेय एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया गया। वहीं बच्चों को चॉकलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दिया गया। यातायात विभाग द्वारा आम जनता को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद की जनता से सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम सार्वजनिक जागरूकता, सुरक्षित यातायात तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी की एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। इस दौरान जीएम जितेंद्र सिंह, जनरल मैनेजर सेफ्टी अनुज कुमार, विनोद सिंह, आशीष यादव, योगेश कुमार, रवि सिंह, सीनियर मैनेजर दीपक त्रिवेदी, आपरेशन मैनेजर राहुल यादव , समर्थ अवस्थी, शिवानी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी की ओर से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

**शाहजहांपुर।** ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी की ओर से इलेक्ट्रिक बस डिपो द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक विशेष सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीएसआई विनय पांडेय एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया गया। वहीं बच्चों को चॉकलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दिया गया। यातायात विभाग द्वारा आम जनता को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद की जनता से सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम सार्वजनिक जागरूकता, सुरक्षित यातायात तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी की एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। इस दौरान जीएम जितेंद्र सिंह, जनरल मैनेजर सेफ्टी अनुज कुमार, विनोद सिंह, आशीष यादव, योगेश कुमार, रवि सिंह, सीनियर मैनेजर दीपक त्रिवेदी, आपरेशन मैनेजर राहुल यादव , समर्थ अवस्थी, शिवानी आदि मौजूद रहे।

### रावतपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**शाहजहांपुर।** आयुष आपके द्वार के बैनर तले जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार डा. सुमन कुमारी वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय एमनजई जलालनगर एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर सेहरामऊ दक्षिणी द्वारा ग्राम रावतपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारम्भ होम्योपैथिक चिकित्सा विधि के जनक डा. हैनिमन के चित्र पर पुष्प अर्जित कर समाजसेवी भरत सिंह द्वारा शुभारम्भ किया गया तथा उनके द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया। कैम्प में समाजसेवी भरत सिंह, रणवीर सिंह, अमर सिंह, मुकेश सिंह की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। नये वर्ष में पहले कैम्प के उपलक्ष में जय बाबा कालसेन चेरिटेबल ट्रस्ट सेहरामऊ दक्षिणी द्वारा डा. सुमन को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कैम्प ग्रामवासी रावतपुर के लाला राम के प्रांगड़ में आयोजित किया गया। नरेश पाल, राजाराम मास्टर, महेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना देवी, आशा कलावती, रूबी गौतम, गुड्डी देवी, महेश, कान्ति देवी, सुभाष, छोटेलाल, भैया लाल, राम शंकर, धर्मपाल, अरुण कुमार आदि की उपस्थिति रही। कैम्प में ठंड से होने वाली बीमारियों एवं उनसे बचने के उपायों पर परामर्श एवं दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कैम्प में 46 पुरुष 71 महिलाओं एवं 29 बच्चों सहित 146 ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया।

# गन्ना छिलाई के दौरान मजदूरों को दिखा तेंदुआ, भाग कर बचाई जान

- गन्ना छिलाई कराई बंद, वन विभाग की टीम की मौजूदगी में कराई जायेगी गन्ना की छिलाई
- रेंजर सहित वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर से की कॉम्बिंग, ट्रेस नहीं हो सकी तेदुआ की लोकेशन



**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** गन्ना छिलाई के दौरान मजदूरों को तेंदुआ दिखाई दिया। गन्ना छील रहे मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर से कांबिंग की। लेकिन तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस नही हो सकी। गन्ना में तेंदुआ होने की आशंका के चलते गन्ना की छिलाई बंद करा दी गई।

बरगदिया गांव में रविवार को सुरेंद्र के खेत में गन्ना की छिलाई का काम चल रहा था। गन्ना छील बरगदिया निवासी गुड्डू, सर्वेश, पुतान सिंह, ध्रुव, सुरेश आदि लोगों को सुबह 8 बजे आहट लगी। शोर शराबा करने तेंदुआ गन्ना से बाहर निकला और दूसरे खेत में चला गया। तेंदुआ देखकर मौके पर गन्ना छिल रहे मजदूरों के होश फाख्ता हो गए। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव सहित वन दरोगा रोहित पाण्डेय, संदीप कुमार, आशीष शुक्ला, संतोष पाठक, अधीर शर्मा मौके पर पहुंचे। और कांबिंग की। गन्ना का खेत होने के कारण तेंदुआ के पग चिन्ह ट्रेस नही हो सके। गन्ना के खेत में तेंदुआ होने की आशंका के चलते वन विभाग की टीम ने गन्ना की छिलाई बंद करा दी। वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि वन विभाग की टीम की मौजूदगी में गन्ना की छिलाई कराई जाएगी। जिससे कोई हादसा न हो सके। वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर से कांबिंग की। लेकिन तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस नही हो सकी।ग्रामीणों ने बताया कि सुबह चार बजे तेंदुआ सुरेश के दरवाजे तक पहुंच गया था। ग्रामीणों के शोर शराबा करने पर गन्ना के खेत में चला गया। आबादी में तेंदुआ के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत है। किसान खेतों में काम करने जाने से डरते है। वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर गया था। टीम लगातार कांबिंग कर तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। गन्ना का खेत होने के कारण पग चिन्ह ट्रेस नही हो सके। वन विभाग की टीम की मौजूदगी में गन्ना की छिलाई कराई जाएगी। ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की बैठक रामचरण लाल धर्मशाला, खिरनी बाग में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक हरि शरण बाजपेई ने की। बैठक को संबोधित करते हुए हरि शरण बाजपेई ने कहा कि जनपद में दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान को जिला स्तर पर प्राथमिकता के साथ लिया जा रहा है। दिव्यांगजन अपनी समस्याएँ संस्था के माध्यम से प्रत्येक माह होने वाली बैठकों में प्रस्तुत करें। समिति जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान कराने का हर संभव प्रयास करेगी। संस्था के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने कहा कि दिव्यांगजन, वृद्ध एवं निराश्रित महिलाएँ मात्र 1000 की मासिक पेंशन से अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रही हैं। ऐसे में दिव्यांगजनों को सरकारी एवं गैर-सरकारी कंपनियों तथा सरकारी विभागों में रोजगार मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित 4 प्रतिशत आरक्षण लंबे समय से पूर्ण नहीं किया गया है, जिसे लेकर सरकार से मांग की जाएगी। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष मुनेश वर्मा सहित उपस्थित दिव्यांगजनों ने आवास, शौचालय, रेलवे कंसेशन प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, अंत्योदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र में प्रतिशत बढ़ाए जाने जैसी प्रमुख समस्याओं से प्रदेश सचिव को अवगत कराया। संस्था के सचिव ने दिव्यांगजनों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याएँ बैठक में पंजीकृत कर ली गई हैं तथा शीघ्र ही जिला प्रशासन से समय लेकर उन्हें अवगत कराया जाएगा, जिससे समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों से अपील की कि जिनके पास सहायक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं, वे जन सेवा केंद्र पर ऑनलाइन आवेदन अवश्य कराएँ, ताकि उन्हें ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), व्हीलचेयर आदि उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। बैठक में प्रमुख रूप से मुनेश कुमार वर्मा, रामकुमार, अमित कुमार, सुधीर कुमार, इमरान, अमन, अनीश, गोपाल, महेंद्र पाल वर्मा, ओमप्रकाश, अशोक विचोला, रामपाल, केश कली, प्रेमपाल, अमन सक्सेना, अजय प्रकाश, अरविंद कुमार, राजेश्वर, बलबीर सिंह, वीरेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# विपक्ष ने लोकसभा चुनाव से पहले फैलाया भ्रमः जितिन प्रसाद



**शाहजहांपुर।** गृह जनपद पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने शाहजहांपुर में खुलकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष ने यह भ्रम फैलाया था कि संविधान खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना% का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष इस योजना को लेकर भी भ्रांतियां फैला रहा है। उनका आरोप था कि विपक्ष का उद्देश्य तथ्यों से हटकर जनता के सामने भ्रामक प्रचार करना है। जितिन ने बताया कि पिछले योजनाओं में सामने आई कमियों को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ग्रामीण योजनाएं ऐसी थीं जिनके तहत किए गए कार्य अस्थायी होते थे और लोगों को उनका पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। अब विकसित भारत ग्रामीण योजना के तहत सभी कार्य जियो-टैग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके किए जाएंगे। इन कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करना है।

# आप ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति का पुतला फूंका, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों, भारत सरकार की चुप्पी तथा कूट नीतिक- व्यापारिक संबंधों पर तत्काल कठोर निर्णय लिए जाने के संबंध में विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद् शाहबुद्दीन का पुतला फूंका और राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा द्य आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री जी की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है।अत्याचारों पर केवल मौजूदा परिस्थितियों में भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि इससे अत्याचारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। आम आदमी पार्टी, राष्ट्रपति से संविधान के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार को निम्नलिखित तत्काल और कठोर निर्णय लेने के निर्देश देने की मांग करती है कि भारत-बांग्लादेश के सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक संबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाएं, जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं देती। केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर तुरंत रोक लगाई जाए, अडानी समूह द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर भी तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए तथा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में जिस प्रकार विशेष अतिथि की तरह संरक्षण दिया जा रहा है, उसके चलते बांग्लादेश में भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध नफरत और हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर जिला महासचिव जे बी सिंह,मो. हारून, अनुराग रस्तोगी, अखिलेश वर्मा, जोगेंद्र प्रजापति, सदाकत अली, विमलेश वर्मा, मदनलाल, संतोष यादव, शाहबुद्दीन, अमन पाल, हरिपाल, खुशीराम आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन के लिए 52 मरीज हुए चिंहित

- कैम्प में 172 नेत्र रोगियों के आंखों का हुआ परीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को रोजा कै निवाजपुर स्थित प्रकाश हेल्थ केयर सेंटर में ओम प्रकाश चैरिटेबल ट्रस्ट व रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग के बैनर तले निःशुल्क नेत्र परीक्षण व ऑपरेशन शिविर लगाया। कैम्प में 52 रोगियों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिंहाकन किया गया। इस अवसर पर सीओ सदर प्रयांक जैन ने केयर सेंटर द्वारा कराए जा रहे, समाजसेवा के कार्यो की तारीफ की। केयर सेंटर के चिकित्सक डा. अमित सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। डा.नमिता सिंह ने केयर सेंटर द्वारा कराए गए कार्यो की जानकारी दी। इस मौके पर निवाजपुर के पार्षद पति अरूण सिंह ने कहा कि केयर सेंटर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से समाजसेवा के कार्य निरंतर करा रहा है, वह प्रशंसनीय है। सीतापुर आंख अस्पताल से आये चिकित्सक डा.शीतल रनवा की टीम ने कैम्प में आये मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय सलाह दी। इसके अलावा टीम में दीपक गंगवार, हर्षिता अवस्थी, चांदनी त्रिवेदी, तृप्ति, शिवांकी वर्मा, कैम्प इंचार्ज रामकिशोर शुक्ला मौजूद रहे। शिविर में प्रधान अनिल गुप्ता, शहनाज खां, शोभा सेठ, मीरा सेठ, विम्मी सैनी, अर्चना अग्रवाल, सुनीता सिंह, स्तुति गुप्ता, रचना अलका वर्मा, महिमा शुक्ला, अंबिका वर्मा, सोनी गौर आदि का सहयोग रहा।

# हेडमास्टरों के समायोजन में अनियमितता का आरोप

- मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**शाहजहांपुर।** जनपद मे अन्तःजनपदीय स्थानांतरण, समायोजन एकल एवं शिक्षकविहीन विद्यालयों मे एवं 150 से कम छात्र संख्या होने पर हेडमास्टरो के समायोजन किया गया है, जिसमे कई सारी घोर अनियमितता का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता शुभम मौर्य ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापिका महिला अध्यापिकाओ के साथ - साथ अन्य हेडमास्टरो को भी कार्यरत विकास खंड मे समायोजित न करके अन्य विकास खंडो में 50-70 किलोमीटर दूर कर दिया गया है एवं आदेश जो निर्गत किये गए है। वह बिना किसी नियम के जो मर्जी मे आये वरिष्ठ एवं कनिष्ठ को हटा दिया गया है। जबकि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 150 छात्र संख्या से कम हेड मास्टरों को हटाए जाने पर रोक है, फिर भी बीएसए के द्वारा विकास खंडो से वरिष्ठ हेड मास्टरों को दूरस्थ विकास खंडो में समायोजित कर दिया गया है। बीएसए कार्यालय के पटल सहायक द्वारा कई सारे विद्यालय ऐसे हैं, जहां 150 से कम छात्र संख्या होने के बावजूद भी हेड मास्टरों को नहीं हटाया गया है। आखिर किस नियम के तहत उनको विद्यालय से नहीं हटाया गया है।इन विद्यालय मे न तो कोई अध्यापक भेजा गया है और न ही कोई समायोजित किया गया है। इसका मतलब साफ है की बीएसए एवं पटल सहायक द्वारा समायोजन से खिलवाड़ कर घोर अनियमितता की गयी है। यहां तक एकल हेडमास्टरो को समायोजित करके उनके विद्यालय मे किसी अन्य शिक्षक को समायोजित नहीं किया गया है जब तक कोई अन्य अध्यापक नहीं नियुक्त होगा तब तक कैसे हेडमास्टर बिना वित्तीय चार्ज एवं समस्त चार्ज देकर कार्यमुक्त होंगे। विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षा मित्रो एवं अनुदेशको की गिनती कर एकल एवं शिक्षक विहीन समायोजन की कार्यवाही गयी है, जबकि शिक्षामित्र एवं अनुदेशक अध्यापक की श्रेणी में नहीं आते हैं क्योंकि मानदेय पर नियुक्त है। जिसका सुप्रीम कोर्ट उच्च न्यायालय के आदेश मे भी निर्गत किया गया है। मुख्यमंत्री से मांग कि सम्पूर्ण समायोजन उच्च स्तरीय जांच कर एवं नियम विरुद्ध समायोजन किए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं पटल सहायक पर कार्यवाही हो।

# 'मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के जीवन का आधार'

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान के संयुक्त नेतृत्व में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक घंटाघर स्थित संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उपवास कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को लगातार कमजोर किए जाने, इसके बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में हो रही देरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम किए जाने के विरोध में जनजागरूकता फैलाना था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण परिवारों के जीवन का आधार है। वर्तमान सरकारें जानबूझकर मनरेगा को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही हैं। मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही, काम के दिन घटाए जा रहे हैं और बजट में लगातार कटौती की जा रही है। कांग्रेस पार्टी गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और मनरेगा बचाने की यह लड़ाई और अधिक तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के विचारों और आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता, ईमानदारी और जनसेवा के मार्ग पर निरंतर संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, सादगी और कर्तव्यनिष्ठ के प्रतीक स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। उपवास कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर एवं स्व. लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह,मनरेगा के जिला कोर्डिनेटर अनूप वर्मा, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, बिंदेश्वरी राज,नूरे सहर बी, संजय सक्सेना, इक़बाल अंसारी, अखलेश पाल, हमैद खान, शौर्य दीक्षित, इरफ़ान खान, इकरार अहमद, अनवर जमाल अंसारी प्रेम प्रकाश बाल्मीकि,अच्छन खान सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा बचाओ संग्राम को जन-जन तक पहुंचाने और आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देने का संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### 119 दुपहिया वाहनों के बिना हेलमेट के चालान



**शाहजहांपुर।** शासनादेश के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को पुलिस एवं परिवहन विभाग के सहयोग से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चालाया गया तथा नियम विरुद्ध वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। अभियान के अन्तर्गत 119 दुपहिया वाहनों के बिना हेलमेट के चालान, 2 ओवरलोड माल वाहन विभिन्न थानों में तथा 1 माल वाहन बिना फिटनेस व बिना कर के अभियोग में सीज किए गये। हरदोई व बरेली मोड पर अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों से नियमानुसार ही वाहन चलाने की अपील की गयी। इस अवसर परयात्री–माल कर अधिकारी आरपी गौतम, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित को जैतीपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 25 दिसंबर 2025 को थाना जैतीपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 262/2025 के तहत एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग किशोरी को बहला–फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया गया था। विवेचना के दौरान मामले में संबंधित धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई थीं। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर जैतीपुर पुलिस ने पडैनिया पुलिया के पास से अभियुक्त अमित पुत्र रामौतार, निवासी ग्राम पलिया पट्टी, थाना जैतीपुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पुलिस एवं न्यायालय से बचने की फिराक में था और कहीं भागने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने उसे सुबह करीब नौ बजे हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अलीशेर खां एवं कांस्टेबल हरपाल सिंह शामिल रहे।

### एसपी ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर तथा थाना सदर बाजार, थाना कोतवाली एवं महिला थाना की पुलिस टीम के साथ थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, भीड़–भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को—सतर्क रहकर प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखने, शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। गश्त के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर शांति, सौहार्द एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। नागरिकों को किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु भी प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि— क्षेत्र में नियमित गश्त, सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

### नाले में गिरकर बाइक सवार दो युवक घायल, एक रेफर

**खुटार, शाहजहांपुर।** रविवार शाम करीब चार बजे एक बाइक पर सवार दो लोग खुटार गोला हाइवे से सत्संग भवन के पास से नगर खुटार जाने वाली सड़क पर नगर की ओर जा रहे थे तभी सहकारी समिति के पास बाइक अनियंत्रित होकर नाले के पटले से टकरा गई और बाइक सवार खुले नाले में गिरकर घायल हो गए घायलों को खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां एक युवक हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार हादसे में नगर के मोहल्ला नौगमा कोट निवासी रजनीश पुत्र वीरू,अनीश पुत्र हरिश्चंद्र घायल हुए हैं रजनीश की हालत गंभीर बताई जा रही है यह दोनों लोग किसी कार्य से घर से बाइक लेकर गए थे। खुला नाला और चौड़ीझपतली सड़क बन रही हादसों का सबब, पहले भी जा चुकी एक जान आज जो हादसा हुआ है उसके लिए कहीं न कहीं नगर पंचायत को भी जिम्मेदार ठहराया जा रहा है क्योंकि वहां पर पीछे से सड़क चौड़ी है और बाद में पतली कर दी गई है और सड़क में ही चौड़ा नाला बना दिया गया है और जिसे भी खुला छोड़ दिया गया है । बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व नगर के कोट मोहल्ला निवासी पप्पू पुत्र पुत्तूलाल की भी यहीं पर बाइक से नाले में गिरकर मौत हो चुकी है।

### एसपी ने रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट महिला आरक्षियों की बैरक, मैस एवं आवासीय परिसर का जायजा लिया। साथ ही भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने महिला आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षियों के रहने, खाने एवं स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं तथा स्वच्छता और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान महिला आरक्षियों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है, जिससे वे भविष्य में पुलिस सेवा में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ कर सकें।

### छात्रा के साथ छेड़छाड़, तेजाब डालने की धमकी

**सिधौली, शाहजहांपुर।** कोतवाली सिधौली क्षेत्र में कॉलेज परीक्षा देने जा रही 18 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़, अश्लील हरकतें करने, तेजाब डालने की धमकी देने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने कई नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने कोतवाली सिधौली में दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनकी बेटी कॉलेज में परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि गांव का ही रहने वाला युवक रिजवान उसका पीछा करता हुआ आया। जब युवती एक मैजिक वाहन पर बैठी, तो रिजवान भी उसी वाहन में सवार हो गया। रास्ते में आरोपी ने युवती के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें कीं। युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने किसी से शिकायत करने पर तेजाब डालने की धमकी दी। परीक्षा केंद्र के पास उतरने के बाद भी आरोपी और उसके साथी वहां पहुंच गए और युवती के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिजवान सहित अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है, पीड़िता का बयान दर्ज किया जा रहा है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जगतपुर में दबंगई की भेंट चढ़ा सरकारी तालाब, पानी को तरस रहे बेजुबान, प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में उबाल

**पूरनपुर, पीलीभीत।** सरकार एक ओर जल संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर पूरनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत जगतपुर में दबंगई के आगे सरकारी तंत्र बौना साबित हो रहा है। गांव के ही एक रसूखदार युवक पर सरकारी तालाब को जबरन खाली कराने का गंभीर आरोप लगा है, जिससे कड़ाके की ठंड और आने वाली गर्मी के बीच पशु–पक्षियों के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव निवासी ओमकार उर्फ प्रेम कुमार ने सरकारी तालाब को खाली कराना शुरू कर दिया है। जब गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से इसका विरोध किया, तो आरोपी अपनी जिद पर अड़ा रहा और सरकारी संपत्ति से सरेआम छेड़छाड़ की। हैरानी की बात यह है कि यह तालाब पहले भी विवादों में रह चुका है और उक्त व्यक्ति पूर्व में भी ऐसी हिमाकत कर चुका है, लेकिन ढिलाई के चलते उसके हौसले बुलंद कर दिए हैं। तालाब खाली होने के कारण गांव के आवारा पशु और पक्षी पानी की एक–एक बूंद के लिए दर–दर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें तीन मुख्य बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान खींचा गया है जिसमे बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए पीने के पानी का अकाल। सार्वजनिक तालाब के अस्तित्व को मिटाने की साजिश के सहित सरकारी संसाधनों के साथ छेड़छाड़ से शासन को वित्तीय नुकसान। पीड़ित वीरू गौतम पुत्र राजकुमार ने इस मामले में साक्ष्यों के साथ ऑनलाइन शिकायत संदर्भ संख्या 40015126000206 दर्ज कराई है। मामला तहसीलदार को प्रेषित किया गया है, लेकिन पोर्टल पर स्थिति अभी भी लंबित है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर जल्द ही तालाब को सुरक्षित नहीं किया गया और दबंग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिए सख्त निर्देश

# लंबित विवेचनाओं का हो जल्द निस्तारण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक (क्राइम मीटिंग) आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। क्राइम मीटिंग में विगत माह जनपद में घटित गंभीर अपराधों–हत्या, लूट, चोरी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध एवं साइबर अपराध–की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने जिन मामलों में अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विवेचक की जवाबदेही तय किए जाने की चेतावनी दी गई। साथ ही वांछित एवं इनामी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महिला सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने, संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास एंटी रोमियो स्क्वाड की प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने को कहा गया। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए साइबर सेल को और सक्रिय करने तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा रात्रि गश्त, फुट पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान को सुदृढ़ करने, बाजार, बैंक, एटीएम व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा जनशिकायतों के पारदर्शी व संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारों व कार्यक्रमों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर भी चर्चा की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, जनता से संवाद मजबूत करने और अपराध व अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य की मां का निधन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी की मां मनोरमा सिंह का असामयिक निधन हो गया । वह 80 वर्ष की थीं। यह जानकारी सौरभ गांधी ने दी। तिलहर से सटे गांव डभौरा स्थित निज निवास पर उन्होंने बीमारी के चलते रविवार को पूर्वान्ह करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर पहुंचते ही सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई । तमाम राजनैतिक , सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने मनोरमा सिंह के निधन पर गहरा दुख जताया है। उनके अंतिम दर्शनों को भरी भीड़ पहुंची। श्री गांधी ने बताया कि मां का अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर 12 बजे गांव के श्मशान घाट पर किया जाएगा ।

## बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी



**बंडा,शाहजहांपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती दे दी। चोरों ने गुरुनानक कॉलोनी में बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाते हुए नगदी समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को त तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराएं जाने की मांग की है। कस्बा बंडा के मोहल्ला गुरु नानक कॉलोनी निवासी अभय प्रताप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता का हाल ही में निधन हो गया था। इसी के चलते वह अपने परिवार के साथ जिला फर्रुखाबाद स्थित पैतृक गांव सितौली गए हुए थे। मकान कई दिनों से बंद पड़ा था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने शनिवार को वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार बीती रात चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी व संदूकों को खंगाल डाला। चोर घर से करीब सत्तर हजार रुपये की नगदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। चोरी गए सामान में एक सोने का हार, दो सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, झाले, एक जोड़ी बिछुआ सहित अन्य कीमती आभूषण शामिल बताए गए हैं। पीड़ित के मुताबिक चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत करीब पंद्रह लाख रुपये है। सुबह जब आसपास के लोगों ने मकान का ताला टूटा देखा तो उन्होंने तुरंत अभय प्रताप सिंह को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वह बंडा पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खबर लिखे जाने तक मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, घटना का जल्द खुलासा हो जाएगा।

## कटरा और शाहजहांपुर में हुआ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**शाहजहांपुर/कटरा, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी शाहजहांपुर पहुंचे, जहां पर सांसद अरुण सागर के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत किया गया। सांसद ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए है कि सपा के पीडीए का रोज मतलब बदल रहा है। इस दौरान वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, डीपीएस राठौर आदि मौजूद रहे। उधर कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हुलास नगरा (कसरक) में उस समय उत्साह चरम पर पहुंच गया, जब भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ पंकज चौधरी का भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। भारी भीड़ के बीच विधायक वीर विक्रम सिंह स्वयं आगे बढ़कर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन करते नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मोबाइल कैमरों में इस ऐतिहासिक क्षण को कैद करते दिखे, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, अधिवक्ता अमित कुमार मिश्रा सहित दर्जन भर भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों में प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

## मेंटीनेंस के चलते रेलवे फाटक एक सप्ताह के लिए हुआ बंद



**तिलहर - शाहजहांपुर।** रेलवे ट्रैक पर मेंटीनेंस के चलते एक सतह के लिए तिलहर-निगोही मार्ग का रेलवे फाटक बंद कर दिया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा शुरू कराए गए कार्य के दौरान ब्लॉक न मिल पाने के कारण स्लीपर बदलने का कार्य नहीं हो सका।

रविवार को रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि तिलहर-निगोही मार्ग पर तिलहर रेलवे स्टेशन से सटे रेलवे फाटक 10 जनवरी से 16 जनवरी यानी एक सप्ताह तक बंद रहेगा । उन्होंने बताया कि इस रेलवे फाटक पर गेट नंबर 334 सी पर ट्रैक मेंटेनेंस, स्लीपर चेंज एवं रेल पटरी चेंज का अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिलहर निगोही मार्ग पर यातायात चालू करने के लिए गेट नंबर 332 बहादुरपुर हॉल्ट, गेट नंबर 333 रुजवारी क्रॉसिंग तथा 336 गुलचंपा क्रॉसिंग से चालू रहेगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण सक्सेना ने बताया कि ब्लॉक न मिलने के कारण पहले दिन केवल मुख्य क्रॉसिंग के समीप खुदाई का कार्य ही हो सका जबकि पहले दिन स्लीपर बदलने का कार्य पूरा किया जाना था।

## खिली धूप में जागा अंतर्मन, गांव-गांव बही हार्टफुलनेस साधना की धारा

- तहसील पुवायां के गांवों में ध्यान, करुणा और चेतना का प्रवाह

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खिली धूप की तरह उजली अनुभूति और हृदय में उतरते शांति के संदेश के साथ रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्वर्ण जयंती समारोह से पूर्व जनपद में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान चल रहा है।

इसी क्रम में आज पुवायां विकास खंड के गांवों में शांति, संतुलन और आत्मबोध की निर्मल धारा बहती दिखाई दी। ठिठुरन भरी ठंड और कोमल धूप के संगम के बीच मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक साधना की तपती दीपशिखा की भांति उत्साह से परिपूर्ण रहे। वे गांव-गांव पहुंचे और सहज मार्ग साधना तथा हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से लोगों को अंतर्मन की यात्रा पर ले गए, जहां मौन में उत्तर और शांति में समाधान मिलता है। पुवायां ब्लाक के रामापुर, बढ़ौरा, लखनापुर रहेड़वा, बुधारु इटौली, सिरखिड़ी, ढकिया बुजुर्ग, रहदेवा, महुआ पाठक, धर्मागदापुर , लखनापुर, उमरसंडा, बड़ागांव, बेला चेद्दा, सदापुर, जुझारपुर, बेहटा, अगौना, बुधारु, भटपुरा चंदू, सतवां बुजुर्ग सहित दर्जनों गांवों में आयोजित ध्यान-सत्रों ने लोगों को शांति, आत्मचिंतन और करुणा के सूत्र में बांधा।बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर इस आध्यात्मिक ऊर्जा को अनुभव किया और जीवन में उसे उतारने का संकल्प लिया। मिशन के प्रशिक्षकों ने बताया कि आध्यात्म केवल एकांत की साधना नहीं, बल्कि दैनिक जीवन को सहज, करुणामय और संतुलित रूप में जीने की कला है, जो व्यक्ति को संयम, सह-अस्तित्व और प्रेम के पथ पर अग्रसर करती है। अभियान में विनोद श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह,नीरज कुमार, एके मिश्रा, एनपी तिवारी, मनीष गुप्ता, डा. मुकेश कुमार, सुशीला, सुषमा गुप्ता, रिचा श्रीवास्तव, सुनील कुमार,अनत श्रीवास्तव, किरण विश्वकर्मा, विनय महाजन, सुमन सिंह, अमित शर्मा, धर्मपाल, मीनाक्षी शर्मा, संपूर्ण मिश्रा, पूनम अग्निहोत्री, संगीता तिवारी, वंदना, रेखा तिवारी, प्रिया सक्सेना, दीपक, अंजू सिंह, सीमा, हरेंद्र, नीरज कुमार, देवेंद्र सिंह, नवीन कुमार सहित अनेक प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों की साधना, सेवा और समर्पण भावना ने अभियान को नई ऊंचाई प्रदान की।

## पोल से टकराई बाइक, इलाज के दौरान किशोर की मौत, दोस्त घायल

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बाइक से दोस्त के साथ घूमने निकले सड़क हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठ उसका दोस्त मामूली घायल हो गया। सूचना मिलने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।



कस्बा के मोहल्ला नौगवां कोट निवासी वीरपाल का 17 वर्षीय पुत्र रजनीश मोहल्ला के ही अपने दोस्त अनित राज के साथ रविवार की शाम बाइक से घूमने निकला था। करीब 5 बजे कोट मोहल्ला से गोला रोड पर जाने वाली सड़क पर साधन सहकारी समिति के पास चौराहा पर उसकी बाइक पोल से टकरा गई। जिससे रजनीश पुलिया के नीचे जा गिरा। और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त भी मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल रजनीश को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान रजनीश की मौत हो गई। रजनीश की मौत से घर में कोहराम मच गया। मृतक की मां गंगा देवी, बहन शिवानी, भाई अनिकेत का रो रो कर बुरा हाल हो गया। रजनीश अपने भाई बहन में सबसे बड़ा था। सबसे छोटा भाई दिलखुस मात्र 2 वर्ष का है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि हादसे में संबंध में कोई जानकारी नहीं है। यदि तहरीर मिलती है तो विधिक कार्यवाई की जाएगी।

### श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व नगर में निकली कलश यात्रा



**तिलहर-शाहजहांपुर।** श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के शुभारंभ से पूर्व करता व्यास के सानिध्य में आयोजक मंडल के साथ नगर में पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। वहीं शाम को भागवत कथा इव प्रवचन सुन श्रद्धालुजन भाव विह्वल हो उठे। नगर के मोहल्ला दातागंज स्थित मठिया मंदिर पर रविवार से श्रीमद भागवत कथा के पूर्व कथा व्यास पंडित शिव ओम मिश्रा के सानिध्य में आयोजक मंडल के तनुज अग्रवाल भागवत पोथी शिरोधार्य कर तथा पीत वस्त्र धारी महिलाएं निजामगंज स्थित घोड़ी वाले बाबा मंदिर से कलश भरकर यात्रा में जयघोष करते चल रही थीं। कलश यात्रा मठिया मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर संदीप गुप्ता, वरदान गुप्ता अमित गुप्ता, मनोज गुप्ता, शनि गुप्ता, सर्वेश सिंह, आयुष गुप्ता, अमित मिश्रा, तरुण मिश्रा, सुभाष गुप्ता, विशाल गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालुजन शामिल रहे। शाम को कथा व्यास ने पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक कथा का रसपान कराया।

### भारतीय कृषक दल का सत्याग्रह 21वें दिन जारी



**तिलहर-शाहजहांपुर ।** किसान पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक ने किसानो का आवाहन करते हुए कहा हमें गर्व है कि हम वीर बलिदानी रोशन अशफाक बिस्मिल की क्रांतिकारी सरजमीं शाहजहांपुर और राष्ट्रपिता गांधी के सत्य अहिंसा के पथगामी भारत देश के निवासी हैं। हमें उनकी प्रेरणा से किसान मजदूर कमेरा लोगो के हक के लिए कुर्सियों पर बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारियों एवं बहरे गूंगे शोषक नेताओं व माफियाओं भ्रष्टाचारियों से अहिंसात्मक लड़ाई लड़नी होगी। श्री जनसेवक ने कहा छुट्टा गाय सांड से किसान एवं आमजन का जीना मुश्किल है परंतु अधिकारी नेता मौन हैं सत्तासीन एवं विपक्ष के लोग केवल कुर्सी पाने के लिए साम दाम दण्ड भेद धनबल बाहुबल एवं विभाजनकारी फूट डालो राज करो की जनविरोधी नीतियों में व्यस्त हैं।अब सभी को एकजुट होकर न्याय के लिए संघर्ष करना ही होगा। मैं संघर्ष का पक्ष धर नहीं हूं,राम भी नही थे कृष्ण भी नही थे पर अधर्म अन्याय के खिलाफ प्रभु राम को लंकायुद्ध,योगेश्वर कृष्ण को महाभारत का युद्ध लड़ना ही पड़ा।कविवर तुलसी दास ने रामचरित मानस में आपको भी सचेत कर दिया कि बिन भय प्रीति नही हो सकती है,संघर्ष घोष के बिना हमारी जीत नहीं हो सकती है। सत्याग्रह में प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार, विश्राम सिंह, विजय वर्मा, सर्वेश वर्मा, कौशल, सर्वेंद्र सिंह, राम रहीस, जितेंद्र कुमार, सुनील सिंह,उपस्थित रहे।

## जोगराजपुर में निकाली गई राम रथ यात्रा

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



पूरनपुर क्षेत्र के जोगराजपुर गांव में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद परिवार के द्वारा भव्य राम रथ यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर आकर्षक झांकियां और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया था।शोभायात्रा बालाजी मंदिर से शुरू होकर दौलतपुर, हमीरपुर से हरनाई होते हुए अकेला, सेहरामऊ उत्तरी, गढ़ा कलां, पटिहन होते हुए जोगराजपुर में समाप्त हुई शोभायात्रा में प्रभु श्री राम की प्रतिमा को सजाया गया था, जिसे देखकर लोगों के चेहरे पर खुशी की लभावी थी।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए और पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद परिवार के द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य प्रभु श्री राम की पूजा और उनकी प्रेरणा को बढ़ावा देना था।शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंदोबस्त किए गए थे, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो।

## जाम की समस्या बरकरार, ई-रिक्शा की अव्यवस्था से दिन भर जूझे लोग

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



नगर में जाम से लोगों को निजात नहीं मिल रही है। अतिव्यस्त चौराहा के चारों तरफ लोग वाहनों के साथ जाम में फंसे रहते हैं। बाजारों का अतिक्रमण और बढ़ते जा रहे, ई-रिक्शा जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं। कई स्थान पर लोगों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ती है और जरूरी वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं। शहर में जाम की समस्या अब आम हो गई है। मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस के न होने से भी जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। जाम के कारण अस्पताल के मुख्य गेट में एबुलेंस तक को प्रवेश करने में परेशानी रहती है। मुख्य मार्गों पर सुबह से शाम तक बुरा हाल रहता है। ई-रिक्शा के कारण दिनभर वाहन जाम में फंसे रहते हैं। स्कूलों की छुट्टी के समय स्कूली वाहनों के साथ बच्चे भी अपने वाहनों के साथ फंसे रहते हैं और जाम के बीच वाहन रेंगते नजर आते हैं। लोगों का कहना है कि शहर में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या के कारण बाजारों में जाम लग रहा है। एक तो ई-रिक्शा बेहिसाब सड़कों पर हैं। दूसरा इन्हें यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए चलाया जाता है।

शहर में ई-रिक्शा की भरमार से लोग प्रतिदिन जाम से जूझ रहे हैं। इन पर पुलिस का भी अंकुश नहीं दिख रहा है। इसका खामियाजा पब्लिक को भुगतान पड़ रहा है शहर की सड़कों पर रोज करीब आठ सौ से अधिक ई-रिक्शा फर्राटा भरते हैं ई-रिक्शा की भरमार ने जाम की समस्या बढ़ा दी है। शहर का प्रमुख मार्ग स्टेशन चौराहा से कोतवाली पकड़िया चौराहा से तिरंगा चौक सबसे अधिक व्यस्त रहता है, क्योंकि इसी मार्ग के किनारे कालेज,नर्सिंग होम,बैंक सहित मुख्य मार्केट है। इस वजह से दिन में सुबह 9 बजे से इस मार्ग पर चहल-पहल बढ़ जाती है। दो पहिया व तीन पहिया वाहनों का रेला लग जाता है इस मार्ग पर पूरे दिन ई-रिक्शा चालकों का कब्जा रहता है। एक साथ दो कतार में ई-रिक्शा चलते हैं, जिससे पीछे से आने वाले लोगों को आगे बढ़ने में मुश्किलात होती है। ई-रिक्शा चालकों का रूट तय करने के लिए कई बार व्यापारी पुलिस के अफसरों से आवाज उठा चुके हैं, लेकिन आज तक उस पर नगर पालिका अमल नहीं कर सकी है। ऐसे में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से पब्लिक रोज परेशान हो रही है। नगर प्रशासन को तत्काल अतिक्रमण हटा कर जाम से मुक्ति दिलवाना चाहिए ताकि बाजार से होकर गुजरने वाले वाहन आसानी से अपने गंतब्य तक पहुंच सके।

## बदलती हुई स्ट्रीमिंग की दुनिया

इस सप्ताह नैटफ्लिक्स भारत में 10 साल पूरे कर रहा है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर और भारत में मीडिया के मानचित्र के पतन और उसके बाद हुए पुर्ननिर्धारण पर फिर से विचार करने का यह एक उपयुक्त समय है। 1990 के दशक में नैटफ्लिक्स डी.वी.डी. किराए पर देता था। इसने यूट्यूब के 5 साल बाद, 2010 में स्ट्रीमिंग शुरू की। हालांकि, 'हाऊस ऑफ कार्ड्स' के निर्माण ने सब कुछ बदल दिया। पहले दो सीजन के 26 एपिसोड बनाने में 10 करोड़ डॉलर का खर्च आया, जो एक पूरी फिल्म के बजट के बराबर था। एक सीजन के सभी एपिसोड एक साथ रिलीज किए गए और इसकी कीमत 8 से 12 डॉलर प्रति माह थी, जबकि केबल टी.वी. की कीमत 50 डॉलर या उससे अधिक थी। यह मनोरंजन जगत में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव था, जब से एम.पी.3 जैसी कंप्रेशन तकनीकों ने 90 के दशक के उत्तरार्ध में संगीत उद्योग को तबाह कर दिया था। नैटफ्लिक्स ने ऑन-डिमांड, भुगतान-आधारित स्ट्रीमिंग की संभावनाओं को प्रदर्शित किया, जो एक ही समय में लीनियर टैलीविजन, थिएटर रिलीज और समाचार चैनलों को प्रतिस्थापित कर सकती थी और इसने उस क्षमता को साकार भी किया। 39 बिलियन डॉलर के साथ राजस्व और 300 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबरों के मामले में, यह दुनिया की सबसे बड़ी पेड स्ट्रीमिंग सेवा है। ये वे दर्शक थे, जिनके लिए दूसरे भी तरस रहे थे। चाहे बात ज्यादा उत्पाद बेचने की हो (अमेजन की) या लोगों को ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित करने की (गूगल की), कई बड़ी तकनीकी कंपनियों को भौगोलिक क्षेत्रों, तकनीकों और उपकरणों में फैले विशाल दर्शकों की जरूरत थी। इनमें से ज्यादातर, जैसे अमेजन और एप्पल, फॉक्स, डिज्नी, वार्नर जैसी पुरानी मीडिया कंपनियों के साथ, वीडियो स्ट्रीमिंग में हाथ आजमा रहे थे। लेकिन नैटफ्लिक्स के आने के बाद, स्ट्रीमिंग एक गंभीर क्षेत्र बन गया और अमेजन प्राइम वीडियो, एप्पल और कई अन्य कंपनियों ने भी अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि जिनके पास सबसे ज्यादा संसाधन और प्लेटफॉर्म होंगे, उनकी सौदेबाजी की शक्ति सबसे ज्यादा होगी। टैक्नोलॉजी और मीडिया क्षेत्र की बड़ी कंपनियों का कुल राजस्व 160 अरब डॉलर से लेकर 600 अरब डॉलर तक है। सबसे बड़े पारंपरिक स्टूडियो का राजस्व 30 अरब डॉलर से 80 अरब डॉलर के बीच है। यही कारण है कि 2017 में रूपर्ट मर्डोक ने ट्वंटी-फर्स्ट सैंचुरी फॉक्स की मनोरंजन संपत्तियों, जिनमें स्टार इंडिया भी शामिल थी, को वॉल्ट डिज्नी कंपनी को बेचने का फैसला किया। लगभग उसी समय, जी कंपनी प्रोमोटरों द्वारा उत्पन्न ऋण संकट से जूझ रही थी, उसने अपने हिस्से की बिक्री करने का निर्णय लिया। सोनी-जी का विलय तो नहीं हो पाया लेकिन पी.वी.आर.-इनॉक्स और जियोस्टार (स्टार इंडिया और वायाकॉम 18) जैसे अन्य विलय हो गए। जिस तरह वैश्विक मानचित्र में बदलाव आया, उसी तरह भारतीय मानचित्र में भी बदलाव आया। दस साल पहले किसी आइसलैंडिक शो को ढूंढना, उसका आनंद लेना और फिर और भी देखने की इच्छा रखना कितना संभव था? स्ट्रीमिंग वीडियो या ओ.टी.टी. द्वारा दुनिया भर से पेश की जाने वाली कहानियों का भंडार असाधारण है और नैटफ्लिक्स ने हमें इनसे परिचित कराया, जिसके बाद अन्य चौनल भी जुड़ गए। जिस तरह आप और मैं कोलंबियाई, स्पैनिश, जर्मन, तुर्की या कोरियाई शो और फिल्में खोज रहे हैं, उसी तरह दुनिया भर में लाखों लोग कोहरा, पाताल लोक, मिर्जापुर, फैमिली मैन या दिल्ली क्राइम जैसी भारतीय फिल्मों और शोज को खोज रहे हैं।

# अनंत काल तक प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद

**डॉ. इन्द्र दमन तिवारी**



**राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) विवेकानंद जयंती पर विशेष**

**अपने भाषण की शुरुआत कुछ इस तरह की थी ÷मेरे अमरीकी बहनों और भाइयों, आपने जिस सम्मान, सौहार्द्र और स्नेह-प्रेम के साथ हम लोगों का स्वागत किया है, उसके प्रति आभार प्रकट करने के निमित्त खड़े होते समय मेरा हृदय अवर्णनीय हर्षोउल्लास से पूर्ण हो रहा है, संसार में संन्यासियों की सबसे प्राचीन सभ्यता की ओर से मैं आपको धन्यवाद देता हूँ, सभी धर्मों की माता की ओर से धन्यवाद देता हूं, सभी सम्प्रदायों एवं मतों के हिन्दुओं की ओर से भी धन्यवाद देता हूं फिर विवेकानंद ने धर्म की परिभाषा दी थी, जिसके बारे में उन्होंने एक श्लोक सुनाते हुए कहा था कि जिस तरह से विभिन्न नदियां अलग-अलग स्रोतों से निकलकर समुद्र में मिल जाती हैं।**

वर्तमान भारत वर्ष युवा भारत है और इस युवा भारत को युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद ने संदेश दिया था कि 'व्यक्ति कितना ही बड़ा क्यों ना हो, उसका अंधानुसरण न करें।' आज़ के युवा भारत के लिए स्वामी विवेकानंद का यह संदेश एक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित है, 1893 में इसी सन्यांसी ने अमेरिका जैसे महादेश में भारतवर्ष का तिरंगा फहराया था और उन्हें बताया था कि भारत की भूमि, भाव भूमि है। उन्होंने भारत के अनादिकाल से स्थापित धर्म, आध्यात्म और योग के साथ उन ग्रंथों का उल्लेख किया था जिसके बारे में जानकार अमेरिकी नागरिकों को हैरानी हुई थी।

साल 1893 में स्वामी विवेकानंद शिकागो पहुंचे, वहां उन्होंने विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया, यहां उन्होंने अमेरिकियों को जब 'मेरे अमरीकी बहनों और भाइयों' कहकर संबोधित किया तब खचाखच भरा हाल तालियों से गूंज उठा, वहां उपस्थित जनसमुदाय को लगा कि यह और कोई नहीं बल्कि अपना ही कोई है। शिकागो में उनकी कही बात ने पूरी दुनिया में भारत की एक अमिट छाप छोड़ी थी, इस घटना को दुनिया जानती है, जब कभी विवेकानंद का उल्लेख होता है, इस प्रसंग का उल्लेख जरूर किया जाता है। इस धर्म सम्मेलन में विवेकानंद ने श्रीमद्भागवत गीता के प्रसंग को लेकर भी भारत का शीश गर्व से ऊंचा कर दिया था।

यह वह दौर था जब यूरोप-अमरीका के लोगों के लिए उस समय भारतीय मज़ाक के पात्र समझे जाते थे इसलिए विदेशी चाहते थे कि स्वामी विवेकानंद को सर्वधर्म परिषद् में बोलने का समय ही न मिले परंतु एक अमेरिकन प्रोफेसर के प्रयास से उन्हें थोड़ा समय मिला। इस दौरान एक जगह पर कई धर्मगुरुओं ने अपनी किताब रखी। वहीं, भारत के धर्म के वर्णन के लिए श्रीमद्भागवत गीता रखी गई थी जिसका खूब उपहास किया गया था लेकिन स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक ज्ञान से भरे भाषण को सुनकर पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा था, उन्हें अपने धर्म के बारे में बताने के लिए सिर्फ दो मिनट का समय दिया गया था लेकिन उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत इस तरह की जिससे वहां उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए थे।

उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत कुछ इस तरह की थी ÷मेरे अमरीकी बहनों और भाइयों, आपने जिस सम्मान, सौहार्द्र और स्नेह-प्रेम के साथ हम लोगों का स्वागत किया है, उसके प्रति आभार प्रकट करने के निमित्त खड़े होते समय मेरा हृदय अवर्णनीय हर्षोउल्लास से पूर्ण हो रहा है, संसार में संन्यासियों की सबसे प्राचीन सभ्यता की ओर से मैं आपको धन्यवाद देता हूँ, सभी धर्मों की माता की ओर से धन्यवाद देता हूँ, सभी सम्प्रदायों एवं मतों के हिन्दुओं की ओर से भी धन्यवाद देता हूँ÷ फ़िर विवेकानंद ने धर्म की परिभाषा दी थी, जिसके बारे में उन्होंने एक श्लोक सुनाते हुए कहा था कि जिस तरह से विभिन्न नदियां अलग-अलग स्त्रोतों से निकलकर समुद्र में मिल जाती हैं, उसी प्रकार अलग-अलग धर्म अंत में एक ही धर्म में आकर मिलते हैं, जिसे हम भगवान कहते हैं।

उन्होंने कहा कि 'अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों, मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को शरण में रखा है' अपना उद्बोधन ज़ारी रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि 'मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं, मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं. मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है' स्वामी विवेकानंद के विचारों का एक भरी-पूरी दुनिया है जिसे केवल पढ़ कर हम अपना आज और कल संवार सकते हैं।

आज यह कल्पना करना मुश्किल है कि भारत का कोई युवा अपने दो शब्दों के संबोधन से महाशक्ति के रूप में स्थापित राष्ट्र अमेरिका के नागरिकों का दिल जीत लेता है, लोगों का दिल जीत लेने की कला भारतीय ज्ञान परम्परा की उस अक्षुण्ण निधि है जिसे स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया को बताया, भारत वर्ष अपने इस महान ज्ञानी और संन्यासी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाकर भारतीय समाज के नौजवान पीढ़ी को संदेश देना चाहता है कि भारत विश्व गुरु था, है और युगोंयुग तक बना रहेगा, युवा दिवस मनाते हुए हम इस बात का संकल्प लेते हैं कि विवेकानंद जी के बताए मार्ग पर चलकर हम मां भारती के शीश को ऊंचा रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

स्वामी विवेकानंद ज्ञानी और संन्यासी ही नहीं थे बल्कि वे निपुण व्यवहारिक भी थे, वे रूढ़िवादी के खिलाफ खड़े रहे और सख़्ती के साथ कुनीतियों के खिलाफ बोला भी, उनका जीवन हम सबके लिए एक संदेश है।

इन संदेश को पढना़ नहीं है बल्कि गुनना भी है और अपने जीवन में उतारना भी है। भारत की ज्ञान परम्परा को समझना हो तो स्वामी विवेकानंद के दर्शन की बुनियादी बातों को जानना-समझना जरूरी है, जैसे उनके बारे में अध्ययन करते हुए यह ज्ञात होता है कि वे दकियानूसी नहीं थे बल्कि उनके ज्ञान का संसार अपरिमित था, वे व्यवहारिक थे और समय के अनुरूप भारत वर्ष की प्रगति के लिए आवश्यक जरूरत को समझते थे। भारत आज दुनिया का शीर्ष बन चुका है, हर क्षेत्र में भारत का तिरंगा लहरा रहा है तो यह हमारे गुणी-ज्ञानी स्वामी विवेकानंद सरीखे जैसे लोगों की वजह से, यह देश का सौभाग्य है कि उनके विचारों और दर्शन को युवाओं तक पहुंचाने में राज्य एवं केन्द्र सरकार प्राण-पण से जुटी हुई है, यह आवश्यक प्रतीत होता है कि जब तक हम अपना कल नहीं जानेंगे, भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते हैं, स्वामी विवेकानंद का विचार दर्शन युगोंयुग तक भारत को आलौकित करता रहेगा।

**(अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ)**

## विचार

# सोमनाथ : भारत के अमिट स्वाभिमान का गौरवशाली प्रतीक

**विनय राठौर हिन्दुस्तानी**



**भारत के पश्चिमी छोर पर स्थित गुजरात के तटीय शहर सोमनाथ का वैभवशाली अतीत इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित है। सनातन धर्म में वर्णित 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में सोमनाथ दुनिया भर में फैले करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार स्वयं चंद्रदेव ने सोमनाथ मंदिर की स्थापना की थी। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की महिमा ऋग्वेद, महाभारत, श्रीमद्भावत और स्कन्द पुराण में भी वर्णित है। वह साल था 1026, जब एक विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी ने पहली बार सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया। आज साल 2026 में उस घटना को एक हजार वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। सोमनाथ मंदिर का हजार वर्षों का इतिहास विध्वंस, लूट और रक्तपात की अनेक घटनाओं के साथ-साथ स्वाभिमान और गौरव से भरे सृजन और पुनर्निर्माण की गौरवशाली गाथा कहता है।**

सोमनाथ, यह केवल एक तीर्थस्थल नहीं है, यह भारत की गौरवशाली धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय प्रतीक है। यह वह भूमि है, जहां भारत का स्वाभिमान मंदिर के शिखर पर लहराती पताका में प्रतिबिंबित होता है। यह वह स्थान है, जहां कण-कण में भारतीयों की आस्था और जीवटता की महक महसूस होती है। यह वह देवालय है, जो विध्वंस और पुनर्निर्माण की श्रृंखलाबद्ध घटनाओं की गवाही देता है। यह वह शहर है, जो बताता है कि कैसे शांत, अहिंसक और धर्मानुरागी जनता की समृद्धि और वैभव मतांध लुटेरों की बर्बर मानसिकता का शिकार बनीं।

साथ ही, सोमनाथ यह भी बताता है कि सृजन और निर्माण की प्रकृति के आगे विध्वंस सचमुच बहुत बौना है। सोमनाथ के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल और स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध साहित्यकार कन्हैयालाल मुंशी ने उल्लेखनीय योगदान दिया। सरदार पटेल ने गुलामी से मुक्ति के बाद स्वतंत्र भारत के स्वाभिमान और जन आस्था को मजबूत करने के लिए सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का भगीरथ कार्य किया। बाद में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकास भी, विरासत भी' मंत्र के साथ सोमनाथ तीर्थस्थल को पूरी भव्यता के साथ विकसित करने का बीड़ा उठाया। भारत के पश्चिमी छोर पर स्थित गुजरात के तटीय शहर सोमनाथ का वैभवशाली अतीत इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित है। सनातन धर्म में वर्णित 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में सोमनाथ दुनिया भर में फैले करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार स्वयं चंद्रदेव ने सोमनाथ मंदिर की स्थापना की थी। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की महिमा ऋग्वेद, महाभारत, श्रीमद्भावत और स्कन्द पुराण में भी वर्णित है। वह साल था 1026, जब एक विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी ने पहली बार सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया। आज साल 2026 में उस घटना को एक हजार वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। सोमनाथ मंदिर का हजार वर्षों का इतिहास विध्वंस, लूट और रक्तपात की अनेक घटनाओं के साथ-साथ स्वाभिमान और गौरव से भरे सृजन और पुनर्निर्माण की गौरवशाली गाथा कहता है।

यह समझना जरूरी है कि सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनवी के आक्रमण का मकसद केवल बेशुमार धन-दौलत को लूटना नहीं था। गजनवी का उद्देश्य भारत के एक महान धार्मिक और सभ्यागत प्रतीक को नष्ट करना था। यही वजह है कि उसने मंदिर को ध्वस्त करने और पवित्र ज्योतिर्लिंग को खंडित करने के साथ-साथ पूरे नगर को तबाह कर दिया था। यह प्रयास था लोगों को भयभीत करने का, यह इरादा था लोगों की आस्था को डांवाडोल करने का, यह कट्टरता से भरा ऐसा कृत्य था, जो दूसरों की आस्था को नीचा दिखाकर स्वयं के श्रेष्ठ होने का दंभ भरता था। मंदिर को लूटना तो बस बहाना भर था, असल मकसद था काफिरों (हिन्दुओं) और उनके प्रतीकों को नष्ट करना। काफिरों की हत्या करने और सोमनाथ मंदिर एवं मूर्तियों को ध्वस्त करने के लिए गजनवी को 'गाजी' और 'मूर्तिभंजक' जैसी उपाधियां दी गईं। लेकिन, गजनवी शायद भारत को जानता ही नहीं था। वह भारतीयों की आस्था, स्वाभिमान, जीवटता, मिजाज और गर्वित प्रकृति से अनजान था। उसने मंदिर को तोड़ कर सनातन को अपमानित करने की कोशिश की, तो हम भारतीयों ने उसी स्थान पर फिर से नया मंदिर खड़ा कर दिया। यह हमें जीवन का एक मूल्यवान सबक सिखाता है कि कैसे गिरकर दोबारा खड़ा हुआ जाए, कैसे सबकुछ गंवाने के बाद बजाय हिम्मत हारने के फिर से सृजन किया जाए। यह सिलसिला केवल गजनवी तक ही सीमित नहीं रहा। उसके बाद और भी कई आक्रांता आए। उन सभी ने सोमनाथ तीर्थ का विध्वंस कर भारतीयता को चोट पहुंचाने की कोशिश की।

## पवार परिवार की चाल से महाराष्ट्र की राजनीति में नया मोड़

**नीरज कुमार दुबे**

महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चली आ रही राकांपा की पारिवारिक और राजनीतिक फूट पर फिलहाल विराम के संकेत मिलते दिख रहे हैं। दरअसल, पुणे और पिंपरी चिंचवड नगर निगम चुनावों को ध्यान में रखते हुए राकांपा के दोनों गुटों ने संयुक्त घोषणापत्र जारी किया है। यह वही राकांपा है जो बीते डेढ़ वर्ष से दो हिस्सों में बंटी हुई थी और एक दूसरे के खिलाफ आक्रामक राजनीति कर रही थी। संयुक्त घोषणापत्र में गड्ढ़ा मुक्त सड़कें, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, नागरिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। यह घोषणापत्र स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित है लेकिन इसका राजनीतिक संदेश दूर तक जाता है।

कौन सा सांप है बड़ा, टाइटनोबोआ या अनाकोंडा? घोषणापत्र जारी करने के मौके पर दोनों गुटों के नेताओं का एक साथ मंच साझा करना अपने आप में असाधारण दृश्य रहा। अजित पवार ने इस दौरान कहा कि परिवारिक तनाव समाप्त हो चुके हैं और दोनों पक्षों के कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी फिर से एकजुट हो। उन्होंने संकेत दिया कि फिलहाल नगर निगम चुनावों में साथ आने का निर्णय लिया गया है लेकिन भविष्य में राजनीतिक एकता की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। शरद पवार गुट की ओर से भी बयानबाजी का स्वर बदला हुआ नजर आया। तल्खी की जगह संयम और आक्रामकता की जगह राजनीतिक परिपक्वता दिखाई दी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह केवल स्थानीय तालमेल नहीं बल्कि सोची समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस घटनाक्रम ने न केवल महाराष्ट्र बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। क्योंकि राकांपा का एक गुट सत्तारुढ़ गठबंधन एनडीए में है जबकि दूसरा गुट विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में दोनों का साथ आना राजनीतिक समीकरणों को हिलाने वाला कदम है।

देखा जाये तो महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर यह साबित कर रही है कि यहां विचारधारा नहीं बल्कि सत्ता ही अंतिम सत्य है। राकांपा का विभाजन किसी वैचारिक मतभेद का परिणाम नहीं था बल्कि सत्ता के समीकरणों की उपज था। अब दोनों गुटों का एक मंच पर आना भी किसी आत्ममंथन का नहीं बल्कि सत्ता की मजबूरी का नतीजा है।

संयुक्त घोषणापत्र स्थानीय विकास के नाम पर जारी किया गया है लेकिन इसका असली मकसद कार्यकर्ताओं को यह संकेत देना है कि पवार परिवार की सियासी दरार भर रही है। यह संदेश जितना नीचे तक जाएगा, उतना ही तेजी से राजनीतिक गणित बदलेगा। यदि राकांपा के दोनों गुट पूरी तरह से एक हो जाते हैं तो इसका पहला और सीधा असर महाराष्ट्र की राजनीति पर पड़ेगा। अजित पवार का एनडीए के साथ रहना तब अर्थहीन हो जाएगा जब पार्टी की कमान फिर से एकजुट होकर शरद पवार के प्रभाव क्षेत्र में लौटेगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए यह घटनाक्रम जीवनदान जैसा हो सकता है। महाराष्ट्र जैसे निर्णायक राज्य में यदि राकांपा एकजुट होकर विपक्षी खेमे में मजबूती से खड़ी होती है तो यह न केवल विधानसभा बल्कि लोकसभा स्तर पर भी भाजपा के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी बिखराव रही है और पवारों का साथ आना इस कमजोरी पर मरहम बन सकता है। हालांकि अजित पवार पार्टी की कमान चाचा शरद पवार को वापस सौंपेंगे इसकी संभावना नगण्य ही है। लेकिन यह तस्वीर का एक ही पहलू है। दूसरा पहलू उतना ही खतरनाक है। यदि राकांपा की एकता केवल नगर निगम और सीमित राजनीतिक सौदे तक सिमटी रहती है तो इससे विपक्षी गठबंधन इंडिया की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचेगा। जनता पहले ही अवसरवादी राजनीति से त्रस्त है और ऐसे प्रयोग उस अविश्वास को और गहरा करेंगे।



## राशिफल

**मेष:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढे़गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें।

**कन्या:-** नई सफ्लताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे़गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# केन्द्र से टकराने की सतही राजनीति

**हृदयनारायण दीक्षित**

**ममता द्वारा चुनाव के पहले दुर्गा आंगन और सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर निर्माण की घोषणा के संकेत भी दिए गए हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता और विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी। यहां प्रत्येक शुक्रवार को भारी संख्या में लोग आते हैं। एकत्रीकरण बढ़ता जा रहा है। यद्यपि ममता बनर्जी के विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है, तो भी स्थानीय नागरिक काफी डरे सहमे हुए हैं। बाबर भारतीय मुसलमान नहीं था। वह विदेशी हमलावर था। उसी की सहायता और मार्गदर्शन में बाबर के सिपहसालार सैयद मीर बाकी ने 1528 में अयोध्या का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वस्त कर दिया था। दीर्घकाल तक चले आंदोलन से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हुआ।**

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संवैधानिक संकट पैदा कर दिया है। वे केन्द्रीय जांच एजेंसियों से भिड़ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यहां तृणमूल कांग्रेस के रणनीतिकार के आवास व कार्यालय पर छापा मारा। बताया गया कि एक घोटाले की जांच के लिए यह कार्यवाही की गई है, लेकिन जांच व कार्यवाही के समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंच गईं। वे अपने साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी ले गईं। दोनों पक्षों के बीच तीखी बातचीत हुई। आरोप-प्रत्यारोप लगे।

प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि यह छापा कोयला तस्करी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने छापे मारने की आड़ में उनके चुनावी रणनीति सम्बन्धी रिकार्ड को जब्त किया। प्रत्याशियों की सूची भी छीन ली गई है। इस आलेख के लिखे जाने तक तृणमूल कांग्रेस के लगभग दो दर्जन सांसद राजधानी दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर धरना दे रहे हैं। केन्द्रीय जांच एजेंसी के सामने राज्य पुलिस को खड़ा कर देना गंभीर संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। सबसे खास बात है कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद ममता ने घोषणा की कि प्रवर्तन निदेशालय के छापे के जवाब में पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यालयों पर छापेमारी की जाए तो क्या होगा। वे संविधान की परवाह नहीं करतीं। केन्द्र से टकराव लेना और स्वयं को केन्द्र द्वारा पीड़ित बताना ममता की राजनीति का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल में जब तब केन्द्र और राज्य के बीच टकराव की घटनाएं होती ही रहती हैं। जनता ऐसी घटनाओं व ममता से ऊब गई है। तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर हो रही है। उम्र और परिस्थितियां ममता बनर्जी की सरकार बनाने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले ही बंगाल विधानसभा चुनाव को जीतने की महत्वाकांक्षा प्रकट कर दी थी। इसी क्रम में गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल का तीन दिवसीय दौरा किया था।

उन्होंने तृणमूल के कुशासन की ओर जनता का ध्यान खींचा और राजग की शक्ति का गुरु मंत्र भाजपा के नेताओं को दिया। शाह ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विदेशी घुसपैठ की राजनीति के स्थान पर विकास, विरासत और गरीब कल्याण की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प बंगाल की जनता में दिखाई पड़ रहा है। ममता बनर्जी साल 2021 का विधानसभा चुनाव जीती भी थीं। भाजपा भी पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ी और नेता विरोधी दल का पद हथियाने में सफल रही। साल 2021 की तुलना में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। राजग का विस्तार हो रहा है। विदेशी घुसपैठ को लेकर ममता विपक्ष के आरोपों के घेरे में हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हुई हिंसा से विश्व आहत है। पश्चिम बंगाल के हिन्दू मतदाता भी बांग्लादेश की घटनाओं से आक्रोश में हैं। पिछले विधानसभा के चुनाव में ममता पर अल्पसंख्यकवादी होने के आरोप लगे थे। अब वे स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने के लिए प्रयासरत हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने मंच से ही चंडी पाठ किया था। इस बार की चुनौती बड़ी है। 2021 की तुलना में राष्ट्रवाद का विचार काफी सशक्त हो गया है।

ममता द्वारा चुनाव के पहले दुर्गा आंगन और सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर निर्माण की घोषणा के संकेत भी दिए गए हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता और विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी। यहां प्रत्येक शुक्रवार को भारी संख्या में लोग आते हैं। एकत्रीकरण बढ़ता जा रहा है। यद्यपि ममता बनर्जी के विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है, तो भी स्थानीय नागरिक काफी डरे सहमे हुए हैं। बाबर भारतीय मुसलमान नहीं था। वह विदेशी हमलावर था। उसी की सहायता और मार्गदर्शन में बाबर के सिपहसालार सैयद मीर बाकी ने 1528 में अयोध्या का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वस्त कर दिया था। दीर्घकाल तक चले आंदोलन से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हुआ। दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन चुका है। लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं।

अयोध्या में की गई खुदाई की पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट में 3500 साल ईसापूर्व का वर्णन है। रिपोर्ट के अनुसार ईसापूर्व 3500 वर्ष से 1000 ईसापूर्व तक अयोध्या एक बस्ती है। एएसआई के अनुसार यहां एक दिव्य और भव्य मंदिर पहले से था। रिपोर्ट में 500 ईस्वी तक मंदिर के अस्तित्व के साक्ष्य हैं। मंदिर गिराकर मस्जिद बनाने के पाप को सुधारा जा चुका है। क्या देश बाबर को भूल सकता है? श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन और इसी विचार परिवार के अन्य संगठन भारतीय जनमानस का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं। अब स्वयं को हिन्दू बताना लज्जा का विषय नहीं है। ममता बनर्जी बहुत पहले से अल्पसंख्यकवादी हैं। वे और इंडी गठबंधन के अधिकांश नेता स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने में जुटे हुए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# हाईवे पर दो डंपर भिड़े, एक चालक की मौत, खलासी घायल

▸ हाईवे पर 2 बजे रात में हुआ हादसा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बीती रात नेशनल हाईवे में सीमेंट फैक्ट्री के समीप दो डंपरों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में एक डंपर के चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चालक को हैलेट रेफर किया गया। हैलेट में इलाज के दौरान तड़के उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। थानाक्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग अविनाश सिंह का पुत्र विकास सिंह अपने छोटे भाई राघवेंद्र सिंह के साथ डंपर चलाकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। बीतीरात करीब 2ः00 बजे यह कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा था। हाईवे में इंगोहटा के पास सीमेंट फैक्ट्री के समीप कानपुर से कबरई जा रहे डंपर से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में चालक विकास सिंह अपने भाई राघवेंद्र सिंह के साथ गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर विकास सिंह को कानपुर रेफर किया गया। कानपुर के हैलेट अस्पताल में तड़के उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। छोटे भाई के साथ डंपर चलाकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। प्रधान प्रतिनिधि रामफूल निषाद ने बताया कि मृतक का कानपुर में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जाएगा। वहीं राघवेंद्र की हालत में उपचार के बाद सुधार बताया जा रहा है।

## हाईवे पर दस दिनों में तीन चालकों की मौत से सहमे लोग

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** खूनी हाईवे में 10 दिन के अंदर तीन चालकों की मौत होने से यह साबित हो गया है कि इस हाइवे में चलना सिर में कफन बांधकर चलने के समान है। गत 1 जनवरी को रात करीब 8 बजे उद्योग नगरी के समीप एक डंफर ऑटो को टक्कर मारकर ऑटो को दो किलोमीटर घसीट ले गया था। इस घटना में ऑटो चालक अंकित कुशवाहा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। दूसरी घटना 3 जनवरी की रात करीब 11.30 बजे की है। इसमें डंफर चालक ट्रक को टक्कर मार कर अनियंत्रित होकर डाकघर के समीप डॉक्टर वीएन सिंह के क्लीनिक में जा घुसा था। इस घटना में डंपर चालक रिंकू कुढ़ाने की दर्दनाक मौत हो गई थी। अभी यह दोनों हादसे लोगों के जेहन से उबर नहीं पाए थे। इसी बीच बीती रात हाईवे में सीमेंट फैक्ट्री के पास दो डंपरों की आमने-सामने हुई भिडंत में डंपर चालक विकास सिंह निवासी सुरौली बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र के अंदर दस दिन में तीन चालकों की मौत से यह साबित हो गया है कि खूनी हाईवे में चलना खतरे से खाली नहीं है और किसी भी वक्त मौत का सामना करना पड़ सकता है।

## केमिकल पाउडर लादकर फैक्ट्री आ रहा ट्रैक्टर रेलवे लाइन में पलटा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के रेलवे स्टेशन के डंपिंग ग्राउंड से केमिकल पाउडर लादकर उद्योग नगरी आ रहा ट्रैक्टर ट्राली बांदा मार्ग के रेलवे के गेट संख्या 31 में पलट गया। इससे बांदा मार्ग सहित रेलवे रूट ठप हो गया। उद्योग नगरी में संचालित एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में साबुन आदि के निर्माण के लिए राजस्थान से केमिकल पाउडर रेलवे के माध्यम से मंगाया जाता है। मालगाड़ी से उतारकर इसको डंपिंग ग्राउंड में रखा जाता है। सुबह 10 :00 बजे इस केमिकल को ट्रैक्टर ट्राली से लादकर फैक्ट्री ले जाया जा रहा था। बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 में पटरी पर आते ही ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्राली रेलवे लाइन के ऊपर पलट गई। इससे बांदा मार्ग सहित रेलवे रूट ठप हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में ट्राली को सीधा कराकर बांदा मार्ग सहित रेलवे रूट के यातायात को बहाल कराया। इस घटना से करीब डेढ़ घंटा यातायात प्रभावित रहा। आरपीएफ चौकी घाटमपुर के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कराई जा रही है। रेलवे पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने बताया कि वह अवकाश पर है सोमवार को वापस आकर मामले की जांच करेंगे।

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला

▸ भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली आपूर्ति को तत्काल बंद करने की मांग

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे संगठित अत्याचार एवं भारत सरकार की चुप्पी तथा कूटनीतिक व्यापारिक संबंधों पर तत्काल रोक लगाएं जाने की मांग को लेकर आप आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए राष्ट्रपति को चार सूत्री मांगों का ज्ञापन रजिस्टार कानूनगो को सौंपा है। रविवार को आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर बंगलादेश सरकार का पुतला फूँक राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन रजिस्टर कानूनगो मोतीलाल को ज्ञापन सौंप बताया की भारत-बांग्लादेश के बीच सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक सम्बंधों पर तत्काल रोक लगाए जाय केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही बिजली आपूर्ति पर तत्काल रोक लगाए जाने एवं बांग्लादेशी अल्पसंख्यको की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। वहीं ज्ञापन देने में नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद ने बताया की अगर जल्द ही भारत सरकार द्वारा निर्णायक कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बनेगा बल्कि भारत की अंतर्राष्ट्रीय साख और नैतिक नेतृत्व पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लग सकते है। भारत का संविधान हमें यह सिखाता है। की अन्याय के विरुद्ध मौन रहना भी अन्याय सहने के बाबर है। इसी को लेकर आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से इस गंभीर विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए,केंद्र सरकार को तत्काल ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, सुनील शिवहरे सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. मैटी का 217वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



▸ जिले में लगेंगे इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के नि:शुल्क चिकित्सा शिविरः डॉ. निगम गणेश सिंह

इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉ. काउंट सीजर मैटी का 215वां जन्म दिन ई एच गणेश सिंह की अध्यक्षता में कानपुर से आये एसटीसी विवेक दीक्षित एवं सुनील वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं केक काटकर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी ई.एच. डॉ नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा व इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों द्वारा जनमानस को लगातार 33 वर्षो से पटकाना में स्थित इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा निशुल्क दी जा रही है। जहां पर दूरदराज़ से असाध्य रोगी आकर अपना इलाज करवा रहे हैं और उनको शत प्रतिशत सफलता मिल रही है। इसी क्रम में डॉ निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। चिकित्सक अपने कर्तव्य पर डटे रहें। धर्मार्थ चिकित्सालय की चिकित्सक डॉ. मानसी पटेल व सहायक चिकित्सक डॉ. स्वाती खरे ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय में सबसे ज्यादा पी.सी.ओ.डी. व बच्चेदानी में गांठ एवं रक्त अल्पता से पीड़ित महिलाएं व बीस से पचीस वर्ष की युवतियां इलाज हेतु प्रतिदिन आया करती हैं। ये बीमारियां आजकल के खान-पान से व रसायनों के प्रयोग से बढ़ रही हैं। इसी क्रम में जिला इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रभारी डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेशों के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में शासन द्वारा अधिकृत संस्था बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ ही है जिसके द्वारा पंजीकृत चिकित्सक इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों द्वारा चिकित्सा करने के लिए अधिकृत हैं। अमौली से आये हुए ईएच डॉ देवानंद सागर ने कहा कि हम गांव-गांव में जाकर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करते हैं व लोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा द्वारा रोग मुक्त करते हैं तथा जागरूकता पैदा करते हैं। कार्यक्रम में डॉ मानसी, डॉ. सुनीता सागर, वरिष्ठ कानूनी सलाहकार अंकुर निगम एडवोकेट, डॉ. अरुण त्रिपाठी, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. पुन्ना लाल साहू, डॉ. नईम कुरैशी, डॉ. दुर्गेश, डॉ. स्वाती खरे, डॉ. रंजना, डॉ. रजनीश खरे, डॉ. चन्द्रभूषण, डॉ. नम्रता, अंश निगम, डॉ. कंचन गुता उपस्थित रहे।

# सीओ ने जैतपुर मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं जायजा

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्र अन्तर्गत बेलाताल जैतपुर मेला क्षेत्र में आगामी 14 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले मेले के दृष्टिगत स्थलीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा मेले की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए दुकानों का नियमानुसार व्यवस्थापन, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, पुलिस सहायता केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पार्किंग व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था तथा एम्बुलेंस/स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में गहनतापूर्वक निरीक्षण कर थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, मेला आयोजकों एवं समस्त संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी रविकान्त गौंड ने निर्देशित किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं/आगंतुकों की सुरक्षा सर्वोपरि रहे, भीड़ प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं आयोजकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय से समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कुलपहाड़, चौकी प्रभारी, मेला आयोजकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जहरीले पदार्थ के सेवन से बुजुर्ग महिला की मौत

**कबरई/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रैपुरा खुर्द निवासी भैरव की 55 वर्षीय पत्नी सुखिया ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन से सुखिया की हालत बिगड़ गई। उसकी हालत बिगड़ती देख जिसे आनन-फानन में नाती रामगोपाल द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग महिला की जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन ने मृतका के शव को मोर्चरी में रखवा अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना भेज दी है।

## विशेष बूथ दिवस पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई

▸ बूथों में नाम जानने के लिए पहुंचे लोग, अधिकारियों ने बूथों का किया निरीक्षण

**महोबा।** एसआईआर सर्वे को लेकर विशेष बूथ दिवस पर बीएलओ के द्वारा बूथों पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। जिन मतदाताओं के सूची में नाम नहीं है उन्हें फार्म 6 दिया गया। फार्म नंबर 7 और आठ के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बूथों का निरीक्षण किया। 6 फरवरी तक दावा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। रविवार को विशेष बूथ दिवस को लेकर बीएलओ बूथों में पहुंचे। मतदाता सूची में नाम न होने से परेशान लोगों ने बीएलओं से जानकारी हासिल की। बीएलओ के द्वारा सूची में नाम न होने पर फार्म 6 दिया गया। कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित पहचान पत्र के साथ फार्म जमा करना होगा। फार्म नंबर सात विलोपन और फार्म आठ निवास परिवर्तन के लिए बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज ने डीएवी इंटर कॉलेज में मतदान केंद्र में पहुंचकर बीएलओ से जानकारी हासिल की। बीएलओ ने बताया कि मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। बूथों में दिन भर लोग सूची देखने के लिए पहुंचते रहे। बूथों में लोगों की भीड़ जुटी रही। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिव ध्यान पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि बूथों में पहुंचकर बीएलओ से जानकारी हासिल की गई। सूची में नाम न होने पर मतदाता फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा कर रहे है। बताया कि दावा आपत्ति का समय 6 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित किया गया है।

# संस्कृति उत्सव में प्रतिभाग के लिए कलाकारों ने किया कला का प्रदर्शन

▸ सेवायोजन सभागार में किया गया कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव-2025-26 के अन्तर्गत मुख्यालय स्थित सेवायोजन सभागार में कलाकारों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील कुलपहाड़, चरखारी एवं महोबा के कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया,एकल गायन, समूह गायन,एकल लोकगायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन तहसीलों से विजयी प्रतियोगियों की 12 जनवरी जनपद स्तरीय चयन हेतु प्रतियोगिता संपन्न की जायेगी, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को मण्डलीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में जयनारायण सोनी, सिद्ध गोपाल सैंन, रामशरण, मेघा शक्ति, अमर सिंह रहे। इस दौरान जग प्रसाद तिवारी, शिवकुमार गोस्वामी, रिपुंजय सिंह, डॉ चित्रगुप्त, अंशिमा श्रीवास्तव, प्रदुम्न नायक आदि मौजूद रहे।

## लकड़ी लाद कर ले जा रहा ट्रैक्टर पल्टा, चालक की मौत

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा नेठी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक की ट्रैक्टर पलटने से दबकर मौत हो गई। तथा परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।क्षेत्र के नेठी गांव निवासी राजेश 30 वर्ष पुत्र संतराम उर्फ कल्लू गांव निवासी विश्राम यादव के ट्रैक्टर में चालक था। मृतक के भाई पुष्पेंद्र ने बताया कि ट्रैक्टर में लकड़ी लेकर कुरारा खाली करने गया था। वहां से वापस आते समय पतारा गांव से आगे नेठी जाने वाले रास्ते में नरेंद्र के नलकूप के पास नाला में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे चालक दबकर घायल हो गया तथा परिजनों द्वारा जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में शोक का माहौल बना हुआ है।

# वीबी जीराम जी से युवाओं को समय से मिलेगा रोजगारः राज्यमंत्री

▸ काम मांगने पर 15 दिन के अंदर युवाओं को मिलेगा रोजगार, काम मिलने में देरी पर भत्ते का प्रावधान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही है। गांव स्तर पर रोजगार के अवसर के लिए केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा के स्थान पर भारत जी राम जी के जरिए युवाओं को रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने का काम किया है। यह बात राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर उर्फ गुरु ने कही है। नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्नमूलन विभाग के राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर ने रविवार को मुख्यालय के बिरमा भवन में प्रेस से रूबरू हुए।कहा कि विकसित भारत जी राम जी में काम मांगने पर 15 दिन के अंदर काम मुहैया कराने का प्रावधान रखा गया है। अगर निर्धारित तिथि में कोई काम न मिला तो बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। मनरेगा में देरी से भुगतान होता था जो अब गुजरे जमाने की बात हो गई है।मनरेगा में एक परिवार को 100 दिन का काम दिया जाता था। जब 125 दिन का काम कार्ड धारक को मिलेगा। वीबी जीराम को जल सुरक्षा और संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य, अजीविका संवर्धन के कार्य सहित जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य की श्रेणियों में बांटा गया है। कृषि के कार्यो के समय कार्य बंद रहेगा जिससे श्रमिक किसानों का खेती का काम करा सकें। पहले मनरेगा के चलते किसानों को खेती के लिए काम के लिए मजदूर नहीं मिलते थे। अधिकारियों की निगरानी में श्रमिकों को कार्य आवंटन सहित समय से भुगतान कराने का काम किया जाएगा। इस मौके पर सदर विधायक पंडित राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर , भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, पुष्पेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जीएनएम परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की संदिग्ध परिस्तिथियों में मौत

▸ शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जाँच में जुटी पुलिस

**महोबा।** जीएनएम परीक्षा देकर ट्रेन में सवार होकर वापस लौट रहे छात्र की संदिग्ध परिस्तिथियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार बिहार राज्य के गया जिला के थाना डुमरिया क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मंझोली निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र उपेन्द्र उम्र 24 वर्ष जीएनएम की परीक्षा देने मध्यप्रदेश के ग्वालियर गया था। बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन से वापस लौटते समय अचानक उसकी हालत बिगड गई साथ में मौजूद भाई संजीत द्वारा उसे महोबा रेलवे स्टेशन में उतारकर इलाज के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग लाया गया जहाँ ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के भाई संजीत ने बताया कि मेरा भाई धर्मेन्द्र ग्वालियर में जीएनएम का पेपर देने आया था ट्रेन से वापस लौटते समय अचानक उसकी हालत बिगड गई और जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी को लेने आए युवक को ससुरालीजनों ने पीटकर किया लहुलुहान

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पत्नी को लेने गोवर्धन से ससुराल आये युवक को ससुराल आये युवक को ससुरालीजनों ने पत्नी को जबरिया ले जाने पर जमकर पीटा। दोनों पक्षों के मध्य हुए विवाद में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। विवाद के बाद ससुराल आया युवक साथियों संग फरार हो गया। मथुरा जनपद के गोवर्धन निवासी भूरा पहलवान ने बताया कि उसने गत 6 दिसंबर को टेढ़ा गांव निवासी दीक्षा तिवारी के साथ विवाह किया था 12 दिन ससुराल में रहने के उपरांत दीक्षा के माता-पिता उसे वापस गांव ले आए थे। इसके बाद ससुराल नहीं जा रही है। रविवार को वह अपनी पत्नी को लेने आया था पत्नी को साथ ले जाते समय ससुरालीजनों ने हमला बोल दिया और जमकर पीटा। इस घटना में दोनों पक्षो के लोग घायल हुए हैं। मारपीट के बाद पूरा पहलवान साथियों सहित घायलावस्था में गांव से भाग निकला। दीक्षा के पिता ने घटना से पुलिस को अवगत कराया है। वेन इस घटना में ससुराल पक्ष के लड़की के पिता प्रहलाद तिवारी को चोंटे लगी हैं।

### खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय कबड्डी मैच में यूपी टीम बनी उपविजेता



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** दमनदीप में आयोजित खेलो इंडिया के कबड्डी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में यूपी टीम ने फाइनल में राजस्थान टीम से भिंड़त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम के कप्तान अंशुल ने अकेले 50 प्वाइंट में 32 प्वाइंट बनाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कस्बे के वार्ड संख्या 8 के निवासी राजन उर्फ पप्पू बाल्मीकि के पुत्र अंशुल का राष्ट्रीय स्तर पर की कबड्डी प्रतियोगिता के लिए यूपी टीम में कप्तान के रूप में चयन हुआ था। गत 5 जनवरी से 9 जनवरी तक दमनद्वीप में आयोजित खेलो इंडिया के तहत हुई प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। फाइनल मैच यूपी एवं राजस्थान के मध्य खेला गया। इस मैच में यूपी टीम को उपविजेता घोषित किया। यूपी टीम के कप्तान अंशुल ने अकेले 50 प्वाइंट में 32 प्वाइंट बनाकर दर्शकों को दिल जीत लिया। युवक की इस सफलता से सभासद अनीश बाल्मीकि सहित घर परिवार के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### बूथ लेवल/बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**राठ हमीरपुर।** दिनांक 11 जनवरी को समस्त निर्धारित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) आलेख्य रूप से प्रकाशित मतदाता सूची एवं फार्म-6 के साथ उपस्थित रहे। आज प्रत्येक मतदेय स्थल पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनायी गयी। अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा आम नागरिकों को मतदाता सूची का अवलोकन कराया गया तथा जिन पात्र मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित नहीं पाए गए अथवा जिन मतदाताओं को नाम, पता, आयु आदि में संशोधन की आवश्यकता थी, उन्हें नियमानुसार फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 उपलब्ध कराए गए इस अवसर पर सभी उपजिलाधिकारी द्वारा जनपद के मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ उपस्थित मिले।

### पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**हमीरपुर।** ग्राम गिमुहा के पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ यह नेत्र शिविर संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डा सुरेश कुमार कोरी नेत्र चिकित्सक जिला अस्पताल हमीरपुर द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया जिसमे मरीजो के चश्मे की जांच व शुगर बी पी की जांच निशुल्क की गई रजिस्ट्रेशन रोहित अनुरागी ने किया जिसमें 89 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 14 मरीज मोतिया विन्द से ग्रषित पाये गये 9 मरीज नाखूना के मिले 3 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई सभी मरीजो को दवा व चश्मा नि:शुल्क दिया गया मोतिया विन्द के मरीजो को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया मरीजो के आँख के पर्दे की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन होगा और संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा पत्नी डा सुरेश कुमार ने बताया कि सभी मरीजो को आँख को सुरक्षित कैसे रख्खा जाये व सावधानी बताई और कहा कि आँखो को साफ पानी से धोये और हरी सब्जियों का उपयोग करे और समय समय पर आखो की जांच करते रहना चाहिए कम दिखने पर या आँख लाल हो जाये या आखो में जलन खुजली हो तो तुरंत आँख के डॉक्टर को दिखाना चाहिये और जिन मरीजो का ऑपरेशन होना है उनको ऑपरेशन के बाद एक महीने तक सावधानी बरतनी चाहिये एक महीने गले के नीचे से नहाना चाहिए और भारी वजन नही उठाना चाहिये कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अखिलेश उपस्थित रहे।

### न्यायमूर्ति ने किया न्यायालय हेतु सुविधाओं व जमीन एवं भवन का निरीक्षण

**कुलपहाड़/महोबा।** नगर तहसील में एक अन्य न्यायालय सृजन हेतु उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने कुलपहाड़ में प्रस्तावित न्यायालय की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय के भवन का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। कुलपहाड़ में जूनियर डिवीजन सिविल जज न्यायालय संचालित है, लेकिन काम अधिक होने के कारण एक अन्य न्यायालय सृजन की मांग बार एसोसिएशन कुलपहाड़ द्वारा लगातार की जाती रही है। इस परिपेक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने रविवार को कुलपहाड़ का दौरा किया। जिसमें न्यायालय हेतु सुविधाओं एवं जमीन भवन का निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति ने अन्य न्यायालय की संचालन हेतु भवन एवं सुविधाओं पर संतोष जाहिर किया। साथ ही उन्होंने कुछ अन्य सुझाव भी दिए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव एवं महामंत्री बृजेंद्र द्विवेदी ने न्यायमूर्ति को आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक अन्य ज़रूरतें भी पूरी कर ली जाएंगी। इस अवसर पर जिला जज राम नगीना यादव, सीजेएम नितिन कुमार राठी, एडीजे ध्रुव राय, जूनियर डिवीजन जज अरुण कुमार राणा, रामकुमार पासवान, कुलदीप कुशवाहा, उमेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### लीग मैच में उरई ने ऊदल वारियर्स को 4 विकेट से हराया



**महोबा।** मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही महोबा प्रीमियर क्रिकेट लीगटी 20 प्रतियोगिता 2026 पूल एक का पहला मुकाबला ऊदल वॉरियर्स बनाम उरई सीनियर के बीच खेला गया, जिसमें ऊदल वॉरियर्स ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऊदल वारियर्स की टीम 17.3 ओवर में 130 रन बना कर ऑल आउट हो गई। ऊदल वॉरियर्स की तरफ से शेख अशरफ ने 23 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली,शानू अंसारी 19 गेंदों पर 22 रनों की पारी खेली। उरई की ओर से गेंदबाज शैलेश सिंह और मोहसिन रजा ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में उतरी फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एरेना उरई ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। उरई की तरफ से वेद शर्मा ने 43 गेंदों पर 58 रनों का योगदान दिया उनका साथ देते अनमोल तिवारी ने 23 गेंदों पर 32 रन बनाए,ऊदल वॉरियर्स के गेंदबाजों में शानू अंसारी और शेख अशरफ ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।मैन ऑफ द मैच ऊरई टीम के वेद शर्मा रहे। आज के मैच के मुख्य अंपायर अब्दुल तारिक एवं जुबैर अली रहे एवं आज के मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ सनत राजपूत रहे। इस दौरान मुख्य रूप से लईक लंबरदार,दानिश जाफर,समीर (हिट बाज़ार),रफीक लंबरदार आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल मय हमराह उपनिरीक्षक रमेशकान्त त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल बृजेश तिवारी व कांस्टेबल आर्यन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शैलेन्द्र राजपूत उर्फ शैलू पुत्र इन्द्रजीत राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चपका बिहार थाना कुलपहाड़ जिसके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर एवं दो कारतूस 12 बोर के साथ कस्बा बेलाताल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ पर मुकदमा धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज, तैयारियां पूर्ण

- भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह
- स्वागत को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ताजपोशी होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जनपद में प्रथम आगमन आज होगा।रविवार को दिन भर भाजपाइयों ने बैठक करके तैयारियों को अंतिम रूप दिया।प्रवासी राजकिशोर मौर्य ने स्वागत के लिए जिले में निर्धारित किए गए सभी 11 स्थानों पर तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंच एवं साजसज्जा की समीक्षा की। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल भी मॉनिटरिंग करते रहे।उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह है।उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में सभी विधानसभाओं के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिले में स्वागत का सिलसिला लखनऊ - अयोध्या हाइवे स्थित किसान पथ से शुरू होगा जहां कुर्सी और हैदरगढ़




विधानसभा के कार्यकर्ता विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा एवं विधायक दिनेश रावत के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करेंगे।उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का काफिला सफेदाबाद , एसके लॉन होते हुए चौकुला पहुंचेगा जहां सदर विधानसभा के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।इसके बाद लक्ष्बर बजहा,दादरा होते हुए सफदरगंज चौराहा पर जैदपुर और रामनगर विधानसभा के कार्यकर्ता स्वागत में उमड़ेंगे। यहां से प्रदेश अध्यक्ष का काफिला अहमद पुर टोल प्लाजा से पहले रुकेगा जहां दरियाबाद के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।उसके उपरांत रामसनेही घाट कल्याणी नदी के निकट होते हुए भिटरिया बाई पास पर जोरदार स्वागत की तैयारी है।इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष का काफिला अयोध्या को प्रस्थान करेगा। इस दौरान 6 जगहों पर हरदोई, सीतापुर लखीमपुर, रायबरेली, बहराइच ,उन्नाव के कार्यकर्ता भी हजारों चौपहिया वाहनों से अपने अपने निर्धारित स्वागत स्थलों पर जोरदार स्वागत करेंगे।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, रामेश्वरी त्रिवेदी, नीता अवस्थी, सूरज सिंह, मुकेश, राजेश वर्मा, सुनील मिश्रा, संजीव वर्मा, करुणेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा कर्रा आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

- कंबल पाकर खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे, जताया ग्राम प्रधान के प्रति आभार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद में कड़ाके की ठंड के मद्देनजर ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू ने जरूरतमंद और असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य ठंड के कठिन मौसम में गरीब, बुजुर्ग और कमजोर वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाना था।

प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू ने कहा कि ग्राम पंचायत का दायित्व है कि सर्दी के मौसम में कोई भी ग्रामीण ठंड के कारण परेशान न हो। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा लगातार जनहित में कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाएगी। ग्राम प्रधान ने स्वयं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए और उन्हें ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतने का संदेश दिया। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। बुजुर्गों, महिलाओं और गरीब परिवारों ने इस सहायता के लिए ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की पहल से उन्हें ठंड के मौसम में काफी राहत मिलती है। इस अवसर पर आनंद मिश्रा, भरत कुमार मिश्रा राम पाल कुंवर बहादुर सिंह शैलेन्द्र सिंह पम्मी सुहेल अहमद राम आंचल गुप्ता भागवत शरण मदन मिश्र बाल कुमार लल्लू यादव सोनू मिश्रा राम बख्श गौतम नवदीप दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### वीसीसी व यूथ स्पोर्ट्स अकेडमी ने आयोजित किया रायबरेली प्रीमियर लीग T-20 क्रिकेट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भारत देश मे क्रिकेट एक खेल नही बल्कि उस जुनून का नाम है जो दीवानगी की हद तक पहुंच जाती है इंडियन प्रीमियर लीग विश्व की सबसे ज्यादा लोकप्रिय लीग में शुमार है जिसके बाद देश प्रदेश से लेकर जनपदों तक क्रिकेट के खेल के लिए प्रदेशस्तरीय व जिलास्तरीय आयोजनों का उद्देश्य क्रिकेट को आगे बढ़ाने के साथ साथ प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा पहचानने का एक मंच है रायबरेली प्रीमियर लीग पिछले छह वर्षों से अनवरत क्रिकेट के खेल में प्रतिभावान बच्चों को उचित मंच उपलब्ध कर रहा है रायबरेली प्रीमियर लीग का आयोजन विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी व यूथ क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न होने वाली इस प्रतियोगिता से जिले की क्रिकेट में उपस्थित दर्ज की जाती है छठवें संस्करण में खिलाड़ियों के दो दिवसीय ट्रायल प्रक्रिया दो 5 जनवरी को पूर्ण हो चुकी थी बीते मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया का शुभारंभ होटल चावला पैलेस में आयोजित हुई जिसमें सभी जनपद की सभी दस फ्रेंचाइजी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.रायबरेली प्रीमियर लीग में विभिन्न जनपदों से आये 344 बच्चों ने ट्रायल में हिस्सा लिया जिसमे 264 बच्चों के नामों पर नीलामी प्रक्रिया के बाद जिले के सभी फ्रेंचाइजी के प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया गया।

### आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 42 ली. अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में रविवार को गठित टीम द्वारा ग्राम–हतवा,पहलवान का पुरवा तथा पलिया पश्चिम, राघीपुर में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र– तिलोई में थाना जायस, फुरसतगंज के अंतर्गत ग्राम–हतवा, पहलवान का पुरवा से कुल 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई व 450कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया, साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई एवं आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानीसागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह आदि दबिश में सम्मलित रहे।

### सीएम डैशबोर्ड ग्रेडिंग में अपेक्षित प्रगति न होने पर सख्त कार्रवाई, अधिकारियों का रोका वेतन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विगत माह दिसंबर की विकास कार्यक्रमों की प्रगति पुस्तिका में विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित प्रदर्शन न किए जाने को मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार समाज कल्याण विभाग में बी एवं डी ग्रेड, पंचायती राज विभाग में सी ग्रेड, उद्योग विभाग में बी एवं डी ग्रेड, नियोजन विभाग में बी ग्रेड, महिला एवं बाल विकास विभाग में बी ग्रेड तथा मत्स्य विभाग में डी ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं पाया गया। उक्त ग्रेडिंग से यह परिलक्षित होता है कि संबंधित कार्यक्रमों में कहीं न कहीं लक्ष्य प्राप्ति में शिथिलता, अनुश्रवण में कमी एवं विभागीय समन्वय का अभाव रहा है। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों का माह जनवरी 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने का निर्देश निर्गत किया गया है। यह निर्णय इस स्पष्ट निर्देश के साथ लिया गया है कि जब तक संबंधित विभागों की ग्रेडिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर ए ग्रेड में नहीं आ जाती, तब तक उक्त अधिकारियों का वेतन बाधित रहेगा। वेतन रोके जाने वाले अधिकारियों में 1.विकास मौर्या, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी 2. मनोज त्यागी, जिला पंचायत राज अधिकारी 3. दिनेश चौरसिया, उपयुक्त उद्योग 4. पन्ना लाल, जिला अर्थ एवं संख्या कल्याण अधिकारी (बी) 5. नीरज श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी (ए) 6. संतोष श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी 7. अनिल कुमार, सहायक निरीक्षक (मत्स्य) शामिल हैं।

### आलेख्य मतदाता सूची का पाठन कार्य हुआ जारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि रविवार को प्रदेश के समस्त बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ से संबंधित मतदाता सूची का पाठन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि- वे अपना नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य चेक करें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो वे इन माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवा सकते हैं। फॉर्म 6 ऑफलाइन बीएलओ के पास अथवा ऑनलाइन voters.eci.gov.in या ceouttarpradesh.nic.in पर। दावे एवं आपत्तियों की अवधि 6 फरवरी तक निर्धारित है।

### तहसीलदार ने एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मतदान केंद्रों पर रविवार को मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय ने कई बूथों का निरीक्षण किया। रविवार को बदोसराय बूथ पर सुबह 10 बजे से बीएलओ रितेश मौर्य, दिलीप मौर्य, आदिल मुबीन सहित अन्य बीएलओ और पदभीत सुरजीत कुमार मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में सक्रिय रूप से जुटे रहे। वे मतदाताओं को अपनी जानकारी सही ढंग से अपडेट करने में सहायता प्रदान कर रहे थे। इसी तरह, लोधपुरवा बूथ पर बीएलओ सीमा ने भी मतदाता सूची पढ़कर सुनाई।इस प्रक्रिया के तहत बीएलओ मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाया। मतदाता अपने मतदान स्थलों पर पहुंचकर सूची का निरीक्षण किया।मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, हटाने, संशोधन करने या स्थान परिवर्तन के लिए विभिन्न फॉर्मों का उपयोग किया जा रहा है। नए मतदाताओं को नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म–6 (घोषणा पत्र के साथ) भरना होगा, जबकि प्रवासी भारतीयों के लिए फॉर्म–6क का प्रावधान है।निर्वाचक नामावली से नाम हटाने के लिए फॉर्म–7 का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं, प्रविष्टि में त्रुटि सुधारने, स्थान परिवर्तन या डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र के लिए फॉर्म–8 का उपयोग किया जा रहा है। मतदाता इन फॉर्मों को ऑनलाइन भी भर सकते हैं।

## अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष की वयोवृद्ध माता के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का लगा तांता

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व सांसद, विधायक एवं वर्तमान में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत की माता का आज लगभग 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र, जिले में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत माता के निधन पर भाजपा संगठन सहित विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया।

शोक समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैजनाथ रावत के आवास भुलभुलिया गाँव पहुंचे



और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रदेश के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने फोन एवं संदेशों के माध्यम से भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। नेताओं ने कहा कि बैजनाथ रावत की माता एक धार्मिक, सरल एवं संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी थीं, जिन्होंने अपने परिवार को मजबूत नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाया। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि समाज को भी अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने कहा कि माता जी का जीवन प्रेरणादायक रहा और उन्होंने सामाजिक मूल्यों को हमेशा प्राथमिकता दी। अंतिम दर्शन के दौरान पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। बैजनाथ रावत ने श्रद्धांजलि देने पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में क्षेत्र एवं प्रदेश के लोगों का स्नेह और समर्थन परिवार को संबल दे रहा है। उन्होंने कहा कि माता जी के आदर्श और संस्कार ही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं।

### जन आरोग्य मेले का मरीजों ने उठाया लाभ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित की गईं। बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 37 मरीजों की जांच की गई। इसी तरह, महमूदाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 34 और सैदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 48 मरीजों को देखा गया। इन सभी मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार से संबंधित दवाएं दी गईं। बदोसराय केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा और वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। महमूदाबाद में डॉ. अन्विता पांडे, फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा और वार्ड ब्वॉय राजबहादुर ने सेवाएं दीं। सैदनपुर में डॉ. संजय गुप्ता, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव और पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ ने मरीजों की जांच की।

## शराब व ज्वैलरी की दुकान में चोरी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बीती रात्रि सफदरगंज चौराहे पर चोरो ने कम्पॉजिट शराब एव जेवलर्स की दुकान का ताला व सेंध लगाकर भारी मात्रा मे महंगी शराब व जेवरात उठा ले गये। दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए चोर डी वी आर भी उठा ले गये। पीड़ितों ने मुकामी थाने मे चोरी की तहरीर दी है।

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अजपुरा निवासी बिक्की सोनी पुत्र घनश्याम सोनी की सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित सफदरगंज चौराहे पर जेवलर्स की दुकान स्थित है बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने सेंध लगाकर दुकान मे रखी 12 जोड़ पायल, 50 नाक की कील, 40 चांदी की अंगूठी सहित नगदी उठा ले गये। चोरो ने थोड़ी ही दूरी पर स्थित दीपक कुमार पुत्र बाल गोबिंद की कम्पॉजिट शराब की दुकान का शटर का ताला तोड़कर 15 हजार 760 रुपये की नगदी सहित एलीफेंट ब्रांड की 3 कैन, किंग फिशर की 6 कैन, वियर रायल स्टैग 375 मिली की 3 बोतल, बकार्डी लेमन 750 मिली 1 बोतल, ब्लांडर रिजर्व कलेक्शन 90 मिली की 8 बोतल उठा ले गये। दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए चोर सीसीटीवी कैमरे का डी वी आर भी उठा ले गये। पीड़ितों ने सफदरगंज मे चोरी की तहरीर दी है।

## शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्य विनय ने ग्राम चौकीदारों को वितरित किया कंबल



- गांव की सुरक्षा चाक चौबंद रखने में चौकीदारों का होता है अहम रोल : थाना प्रभारी

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए थाना प्रभारी ने थाने पर तैनात चौकीदारों को कंबल का वितरण किया गौरतलब हो कि रविवार को शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय ने थाना परिसर में बने मीटिंग हॉल में थाने पर तैनात ग्राम चौकीदारों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की जिसमें चौकीदारों को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए इसी दौरान थाना प्रभारी ने सभी चौकीदारों को ठंडक से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि गांव की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने में ग्राम चौकीदारों का अहम रोल होता है। यही लोग हम लोगों को सभी प्रकार की सूचनाओं सबसे पहले पहुंचाते हैं जिससे अपराध पर नियंत्रण करने में सहायता मिलती है।

### डीएम ने एसआईआर को लेकर किया निरीक्षण दिए दिशा-निर्देश



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डीएम हर्षिता माथुर ने रविवार को भारत चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र की ग्राम सभा खैरहनी के पीठन गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय मे उक्त अभियान के संबंध में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद बूथ लेवल ऑफिसर केतकी को उक्त अभियान के संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए, साथ ही साथ उन्होंने उनके कार्य की सराहना भी की। इसी कड़ी में उन्होंने मौके पर उपस्थित मतदाताओं एवं जो नए मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उनसे भी बातचीत की और कहा कि आप सभी नव मतदाता अपनी वोट बढ़वाकर आगामी चुनाव में मतदान करें और अपने राष्ट्र को मजबूत बनाएं, क्योंकि जब राष्ट्र मजबूत होगा, तभी एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना होगी। इस मौके पर तहसीलदार सत्याराजा, लेखपाल राहुर्ल, पूर्व प्रधान शैलेंद, बूथ लेवल एजेंट रमजान, संतोष, विमर्ल, आशीष सहित स्थानीय नागरिक राहुल, प्रदीप, रामसजीवन एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छात्रों के चतुर्दिक विकास के लिए अभिभावक व अध्यापकों में सामंजस्य जरूरी : सिद्धार्थ सिंह

- बीएमपीएस में सीनियर वर्ग की अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी संपन्न

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**





कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में सीनियर वर्ग की अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न हुई। अभिभावकों ने अपने पाल्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अध्यापकों से विचार विमर्श किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि छात्रों के चतुर्दिक विकास के लिए अध्यापक और अभिभावकों के मध्य सामंजस्य आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि अभिभावक अपने पाल्यों की दैनिक क्रियाकलापों की पर निगरानी रखते हुए उनकी अच्छाइयों और कमियों के बारे में अवश्य ही विद्यालय प्रबंधन को बताते रहें जिससे समय रहते उनकी कमियों को दूर किया जा सके। इस अवसर पर कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए कक्षाध्यपक व विषय अध्यापक से विचार विमर्श करते हुए विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं के प्रति संतोष जताया।वहीं इस अवसर पर उपस्थित प्रबंधक शांतनु सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा आपने जिस भरोसे और उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपने पाल्यों का प्रवेश विद्यालय में कराया है विद्यालय हमेशा हर कसौटी पर खड़ा उतरा है और भविष्य में भी निरंतरता बनी रहेगी।नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है अभिभावक इसकी सारी जानकारी के लिए स्कूल ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं।

### बाइक सवार को बचाने में तालाब में गिरी कार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज मुख्यालय से जामों मार्ग पर रविवार को पंचवटी मैरिज लॉन के सामने एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। घटना उस समय घटी जब कार चालक ने एक बाइक सवार को बचाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार चालक ने बाइक सवार को बचाने की कोशिश की, जिससे कार अनियंत्रित हो गई और तालाब में जा गिरी। और कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए।

## बीएलओ ने मतदाताओं के समक्ष पढ़ी निर्वाचक नामावली

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 6/1/2026 को समस्त बूथों पर आलेख्य प्रकाशन कराया गया था। उसी के क्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम के दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाताओं के समक्ष निर्वाचक नामावली पढ़ी गयी, जिसमे बी0एल0ओ0, सुपरवाइजर्स, पदाभिहीत उपस्थित रहे।

इसी के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर, सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज, राजा रघुबर दयाल इंटर कालेज, जफर गर्ल्स मेमोरियल इन्टर कालेज, मिशन गर्ल्स



जूनियर हाईस्कूल, आर्यकन्या इंटर कालेज के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया तथा बी0एल0ओ0 द्वारा निर्वाचक नामावली पढ़कर सुनाई गयी, जिसमें नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा फार्म 6 को लेकर बी0एल0ओ0 को निर्देशित किया गया कि फार्म-6 की संख्या नए मतदाताओं का चिन्हीकरण कर फार्म में रिश्तेदार का इपिक नम्बर, मो0नं0 व पिनकोड का उल्लेख अवश्य किया जाये। इस दौरान सभी बूथ 10.00 बजे से 0.400 बजे तक खुले रहने के निर्देश दिये गये।

### नये नलकूप की सामान्य समस्या पर राजनीति चालू




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत महराजगंज में हाल फिलहाल में नया नलकूप लगाया गया। अक्सर देखा जाता है कि जहां पर नई बोरिंग कराई जाती है तो वहां से बालू निकलने लगती है और इसी बालू को नगर पंचायत महराजगंज में मुद्दा बना दिया गया की कीड़े निकल रहे हैं और गंदा पानी निकल रहा है लेकिन जब जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि जल्द ही नलकूप लगा है और नलकूप मे पड़ी हुई गिट्टी और अन्य सामग्रियां नीचे बैठ रही है जिसके कारण थोड़ी बहुत बालू आ जाती है आज जब नलकूप पर पहुंच कर देखा गया तो पता चला कि लगभग पानी में 10-20 प्रतिशत बालू आ रही है नगर पंचायत कर्मियों ने बताया कि बहुत जल्द हम बालू पर काबू पा लेंगे और एक-दो दिन में साफ पानी लोगों को मिलने लगेगा और जो यह बातें की जा रही है कि बदबूदार और कीड़े वाला पानी आ रहा है वह पूरी तरह से निराधार है जल्द ही बोरिंग हुई थी जिसके कारण इसमें थोड़ी बहुत बालू आ गई और इसी को लोग मुद्दा बना रहे हैं नगर पंचायत युद्ध स्तर पर लगा हुआ है और जल्द ही लोगों को स्वच्छ जल पीने को मिलेगा।

## डीएम ने नगर पंचायत हरगांव का किया निरीक्षण



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आदर्श नगर पंचायत हरगांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। प्रतिदिन के जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये पाइप लाइन के संबंध में की शिकायत की शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की। कार्यों के लम्बित होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हरगांव को फटकार लगाते हुये समय से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा विद्युत से संबंधित की गयी शिकायत के शिकायतकर्ता से वार्ता की। आई0जी0आर0एस0 के फीडबैक की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वार्ड के अनुसार सफाई कर्मी की सूची नगर पंचायत के बाहर चस्पा की जाये। लिपिक कक्ष में पहुंचकर निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये दस्तावेज कम पाये जाने पर अधिशासी अधिकारी का स्पष्टीकरण एवं लिपिक पर अनुशासनिक कार्यवाही करने निर्देश दिये एवं निर्माण पत्रावली में जे0ई0 की निरीक्षण आख्या में कमियां पाये जाने पर जे0ई0 पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बंधन योजना की पत्रावलियों का अवलोकन किया एवं पेयजल योजना की जानकारी ली। जन्म प्रमाण-पत्र/मृत्यु प्रमाण-पत्र पटल को देखते हुये अधिक समय तक लम्बित न रखने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। दाखिल खारिज रजिस्टर का अवलोकन करते हुये धीमी प्रगति पर अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुये कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि एक महीने के भीतर दाखिल खारिज का निस्तारण सुनिश्चित करें। जल कल पटल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पानी की टंकी की पत्रावली का अवलोकन करते हुये हाऊस टैक्स की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कूड़ा उठान वाहन की स्थिति की जानकारी करते हुये लॉकबुक का अवलोकन किया।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी डा0 राजागणति आर0 ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कालेज हरगांव में एस0आई0आर0 फार्म, फार्म-6 एवं फार्म-8 की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुये एस0आई0आर0 की पूर्ण लिस्ट दीवार पर चम्पा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में तेजी लायी जाये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत श्रीश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन आरोग्य मेले का मरीजों ने उठाया लाभ

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



डलमऊ क्षेत्र के कटघर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें बुखार,सर्दी जुकाम, शुगर, उच्च रक्तचाप,मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई। निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।

चिकित्साधिकारी डा. रूपाली शुक्ला ने बताया कि मेले में कुल 67 मरीजों का पंजीकरण किया गया जिसमें 30पुरुष , 30 महिलाओं एवं 7 बच्चों का पंजीकरण हुआ। स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है।

हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। इस दौरान फार्मासिस्ट रविन्द्र, लैब टेक्नीशियन अनुपम यादव, एएनएम बीना शर्मा, स्टाफ नर्स प्रियंका वर्मा, एसएलए संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## डॉ. ललिता ने आबू धाबी में बढ़ाया जनपद का मान

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि। न्यूज।**

आबू धाबी में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सृजन मंच द्वारा आयोजित काव्यांजलि-4 कार्यक्रम में हिंदी दिवस के अवसर पर बिसवां की मूल निवासी कवयित्री शिक्षाविद डॉ. ललिता मिश्रा की सहभागिता से न केवल नगर बल्कि जनपद का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। कार्यक्रम में अवधेश राणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अर्पित जैन, डॉ. वफा अल मजरूकी, इंजीनियर इस्माइल अल मजरूकी एवं डॉ. ललिता मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के




साथ हुआ। इस अवसर पर 150 वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित जनों ने खड़े होकर वंदे मातरम व राष्ट्रगीत का सम्मान किया।

भारतीय दूतावास के अधिकारियों प्रिंस करण, लव कुश और विवेक शर्मा की कविताओं ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। डॉ. वफा अल मजरूकी, इंजीनियर इस्माइल अल मजरूकी तथा भारत से पधारे सुरेश चौधरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इंडियन लेडीज एसोसिएशन आबू धाबी, उड़ीसा समाज आबू धाबी, बिहार समाज आबू धाबी, सीनियर सिटीजन ग्रुप आबू धाबी सहित बड़ी संख्या में हिंदी प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर रांका ने किया।

# सात दिन, पांच टीमें फिर भी नहीं मिले जेल से फरार बंदी

जलालाबाद (कन्नौज), समृद्धि न्यूज़।




- फरार बंदियों पर घोषित 25-25 हजार का इनाम
- मामले में जेल अधीक्षक सहित छह पर हो चुकी कार्रवाई

जिला जेल से फरार हुए बंदियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार सातवें दिन भी यूपी सहित कई राज्यों में दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी है। फरार दोनों बंदियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

गौरतलब है कि बीती चार जनवरी की रात जिला जेल में नए साल का जश्न जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद की मौजूदगी में मनाया जा रहा था। इसी दौरान आर्म्स एक्ट में निरुद्ध तालग्राम थाना क्षेत्र के हजरापुर गांव निवासी अंकित और पॉक्सो एक्ट के आरोपी ठठिया थाना क्षेत्र के मलगंवा गांव निवासी डिंपी ने कंबल की रस्सी बनाकर लगभग 22 फीट ऊंची दीवार फांद ली और जेल सुरक्षा को धता बताते हुए फरार हो गए। बल्कि सूत्रों ने तो यहाँ तक बताया कि कैदी दीवार को फांदकर नही मुख्य गेट से भाग निकले थे। सवाल यह नहीं कि वे कैसे भागे, सवाल यह है कि उन्हें भागने दिया कैसे गया? इतना मजबूत सुरक्षा घेरा फिर कैसे कैदी फरार हो गए। बंदी की गिनती में कमी मिलने के बाद जब ढूंढने पर नही मिले तब जेल प्रशासन ने जिला प्रशासन को तुरंत सूचना देने के बजाय खुद ही तलाश शुरू कराई। यदि समय रहते सूचना दी जाती तो शायद तस्वीर कुछ और होती। सूचना मिलते ही डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ जिला जेल पहुंचे। उन्होंने जेल अधीक्षक से घटना की जानकारी ली और मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कराई। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर जेलर विनय कुमार, डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद, जेल वार्डर शिवेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा और नवीन कुमार को निलंबित किया जा चुका है। वहीं नौ जनवरी को जेल डीजी ने जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद को कारागार मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया।

### फरार बंदियों पर इनाम घोषित

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि फरार दोनों बंदियों पर 25- 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस, एसओजी सहित पांच टीमों का गठन किया गया है। टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जल्द ही दोनों फरार बंदियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### 15 साल से एक ही कुर्सी, क्यों नहीं हुआ तबादला

जिला जेल में कनिष्ठ सहायक पंकज कटियार पिछले 15 वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि स्थानांतरण आदेश होने के बावजूद उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया। आरोप है कि अधिकारियों से मिलीभगत कर जेल में अवैध वसूली और बंदियों को हैसियत के अनुसार सुविधाएं दी जाती हैं। इस पूरे प्रकरण ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और अंदरूनी गठजोड़ को उजागर कर दिया है। जेल के अधिकांश अंदरूनी मामलों में प्रधान लिपिक का हस्तक्षेप रहता है फिर चाहे धनउगाही का मामला हो या जेल में कटी जाने वाली मसक्त का मामला हो सभी में लिपिक का हस्तक्षेप रहता है, लेकिन जब से जिला जेल में अधीक्षक भीमसेन मुकुंद पहुँचे तो मामले में सुगबुगाहट सी नजर आयी और अंदर की छुपी हुई जानकारियां जेल से बाहर आने लगी।

# तेज रफ्तार चोरी की कार ने बस को मारी टक्कर

- जसोदा टोल प्लाजा से चोरी हुई थी कार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पूर्वी बाईपास पर तेज रफ्तार कार ने रोडवेज बस को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक को धर दबोचा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम-पता स्पष्ट नहीं बताया, केवल इतना कहा कि वह असम के गुवाहाटी का निवासी है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने उसे कार समेत हिरासत में ले लिया।

जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि कार चोरी की थी। कार मालिक फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के बंथल शाहपुर गांव निवासी नासिर पुत्र आफाक ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। नासिर ने बताया कि वह मुंबई में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय करते हैं। अपनी पत्नी फलक और एक वर्षीय बेटी अनाया के साथ ससुराल बिल्हौर जा रहे थे। जसोदा टोल प्लाजा पर फास्टटैग न होने के कारण कार खड़ी कर नया टैग बनवा रहे थे, तभी एक अज्ञात युवक कार चुराकर छिबरामऊ की ओर भाग निकला। भागते हुए ही उसने बाईपास पर बस को टक्कर मार दी। भाग्यवश हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। नासिर ने दूसरे वाहन से चोर का पीछा किया और पुलिस को सूचना दी। कार में उनकी पत्नी का बैग बरामद हुआ, जिसमें 17 हजार रुपये नकद, सोने के झुमके, चेन समेत अन्य आभूषण थे। पुलिस ने चोर के खिलाफ चोरी और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### मतदाता सूची संशोधन के लिए बैठक आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत महमूदपुर खास में विधानसभा क्षेत्र 196 छिबरामऊ से संबंधित मतदाताओं की संख्या बढ़ाने-घटाने (संशोधन) हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लेखपाल नितिन कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बीएलओ विभाकर त्रिपाठी एवं बीएलओ शिखा यादव ने उपस्थित जनों तथा जनप्रतिनिधियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने एवं संशोधन की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि प्रवीन शुक्ला सहित क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना था।

### आज से होगा सात दिवसीय युवा चेतना सप्ताह का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** छिबरामऊ महोत्सव समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी से सात दिवसीय युवा चेतना सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान शिक्षा, राजनीति, पर्यावरण, व्यापार, कला, संस्कृति, खेल और तकनीकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 21 से 29 वर्ष आयु वर्ग के उन प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं आदर्शों पर आधारित निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, नाट्य संदेश, काव्य पाठ और समूह गायन जैसे प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने कहा युवा चेतना सप्ताह का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र निर्माण की भावना और सामाजिक जागरूकता का विकास करना है। यह आयोजन युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित कर समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को समझने का सुंदर अवसर प्रदान करेगा। सभी गोष्ठियां और सम्मान समारोह प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शुरू होंगे। उन्होंने बताया 12 जनवरी शिक्षा क्षेत्र, 13 जनवरी राजनीति क्षेत्र, 14 जनवरी पर्यावरण क्षेत्र, 15 जनवरी व्यापार क्षेत्र, 16 जनवरी कला एवं संस्कृति, 17 जनवरी खेल एवं संस्कृति और 18 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

### नहीं मिला तेंदुआ, वन विभाग ने गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव ने बताया कि ग्राम रवा तहसील कोंच में किसी वन्य जीव की उपस्थिति की सूचना मिली। मौके पर वन विभाग की टीम द्वारा जाकर पहचान की गयी। वह तेंदुए जैसा प्रतीत हुआ। तत्समय ड्रोन कैमरा से फोटो ग्राफी करायी गयी। ग्राम रवा में मटर के खेत में एक तेंदुए जैसा वन्यजीव दिखाई पड़ा। वन विभाग की टीम द्वारा रात भर पट्रोलिंग की गयी। गांव के आस-पास रात में अलाव इत्यादि जलाकर एवं वन कर्मियों की विशेष तैनाती की गयी। प्रातः 9 जपवरी को जब पुनः उसी क्षेत्र में सर्च किया गया तो वह वन्य जीव जिसे हम तेंदुआ कह रहे है दिखाई नहीं दिया। वहां उस दिन से वन विभाग की टीम द्वारा लगातार सर्च अभियान रवा गांव के चारों तरफकिया जा रहा है, परन्तु तेंदुए के चिन्ह कहीं से प्राप्त नहीं हुए। 10 जनवरी को झाँसी से उच्च अधिकारियों द्वारा आकर मौके का निरीक्षण किया गया। तेंदुआ एवं उसके चिन्ह भी नहीं दिखाई पड़े। इसके पश्चात प्रभागीय वनाधिकारी जालौन सा. वा. वन प्रभाग उरई द्वारा जिले में पांच सर्च टीमों का गठन किया गया है। जिसमें एक-एक ड्रोन कैमरा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी हेतु शामिल किया गया है। जिसके नोडल अधिकारी उप प्रभागीय वनाधिकारी कोंच को बनाया गया है। आज प्रातः से ही उक्त टीमों द्वारा कोंच तहसील तथा माधौगढ़ तहसील में कुम्बिंग, निगरानी एवं जन जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। कहीं भी तेंदुए के निसान या चिन्ह स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दिये। स्थानीय समाचार पत्रों में जो पगचिन्ह निकाले जा रहे है वह त्रुटि पूर्ण है। 8 जनवरी के बाद से तेंदुआ जिलें में कहीं भी नहीं दिखाई दिया है। इससे स्पष्ट है कि तेंदुआ जिले की सीमा से बाहर जा चुका है। वन विभाग की टीम द्वारा अभी भी जन जागरूकता का अभियान चालाया जा रहा है। जहां कहीं भी जनता द्वारा तेंदुए की उपस्थिति बतायी जा रही है. वहां तत्काल सर्च एवं निगरानी टीम द्वारा जाँच कर पुष्टि की जा रही है। सर्च एवं निगरानी टीम को अभी तक कहीं भी तेंदुए की उपस्थिति प्राप्त नहीं हुई है। स्थानीय जनता से अनुरोध है कि अफ्वाहों में ध्यान न दें तथा सुरक्षित रहें। अपने समस्त दैनिक कार्य करें। रात्रि में अकेले न निकले। अपरिहार्य कारणों से बाहर जाना हो तो समूह में जाये। प्रातः खुले में शौच के लिए न निकलें। तेंदुआ वर्तमान में रिहायसी इलाके में नहीं पाया गया है। अफ्वाहों में ध्यान न दें। उक्त तेंदुए की मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है।

# सपा के जोन प्रभारी ने मतदाता सूचियों का किया अवलोकन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सपा के नगर जोन प्रभारी राशिद फारूकी ने नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची का सघन अवलोकन किया।

उन्होंने हीरालाल इंटर कॉलेज, गर्ल्स इंटर कॉलेज नगर पालिका, शांतिनिकेतन, कंपोजिट विद्यालय, कन्या विद्यालय तथा अनवरी बेगम स्कूल सहित सभी प्रमुख बूथों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ से विस्तृत चर्चा की और मतदाता संख्या बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना है। जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है या जिन्हें नया वोट बनवाना है, वे उनसे संपर्क करें। उनका नाम नोट कराकर फॉर्म-6 भरवाया जाएगा, ताकि आगामी चुनाव में वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। यदिकिसी को वोट बनवाने में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो जरूर संपर्क करें। आपकी समस्या उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। इस मौके पर संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे।

# डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने 11 अंकों से जीता खिताब

छिबरामऊ-कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कबड्डी का जोरदार मुकाबला

ग्राम लक्षीराम नगला के पास डीके स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं लॉन बॉल्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु पाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं, दूसरे मैच का उद्घाटन नीलेश कुमार, राहुल कुमार तथा नेशनल खिलाड़ी शैलेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और अनुशासन भी सिखाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण बच्चों के लिए सुनहरा अवसर हैं। मैं सरकार की ओर से वादा करती हूं कि खेल सुविधाओं का विस्तार होगा, ताकि यहां के युवा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करें।

लॉन बॉल्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु पाल ने कहा मैंने दुनिया भर में खेलते हुए देखा है कि सफलता मेहनत और लगन से ही मिलती है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। लड़कियां भी इसमें पीछे न रहें, क्योंकि मैदान पर लिंग भेदभाव नहीं होता। डीके स्पोर्ट्स अकादमी जैसे संस्थान युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जो सराहनीय है। डीके स्पोर्ट्स अकादमी के कोच दुर्गेश कुमार ने कहा ऐसे टूर्नामेंट हम लगातार कराते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि कन्नौज जिले से ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करें।

प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया, जिसमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। सेमीफाइनल में चार टीमें पहुंचीं। पहले मुकाबले में लखनऊ तालग्राम ए-7 अकादमी ने डीके स्पोर्ट्स अकादमी को हराया, जबकि दूसरे में डीके स्पोर्ट्स ने बाजी मारी। फाइनल में डीके स्पोर्ट्स अकादमी और लखनऊ की कंगारू टीम का रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें डीके ने 11 अंकों से जीत हासिल की। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रथम स्थान पर डीके स्पोर्ट्स को 5100 रुपये, ट्रॉफी व मेडल; द्वितीय लखनऊ कंगारू टीम को 2500 रुपये, ट्रॉफी व मेडल; तृतीय ए-7 अकादमी को 1500 रुपये, ट्रॉफी व मेडल तथा चतुर्थ तालग्राम टीम को 1000 रुपये, ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया गया। अकादमी के संरक्षक रोहन ठाकुर ने सहयोग राशि देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान सुधीर मौर्य, शैलजा कुमार, उदयवीर दिवाकर, अखिल यादव, नेशनल निशानेबाज राहुल मौर्य, रामू निशानेबाज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चार रूटों पर शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता बस सेवा

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



20 प्रतिशत कम किराया

ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को कम खर्च में बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने %मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता बस सेवा% शुरू की है। छिबरामऊ डिपो से रविवार से चार रूटों पर बसों का संचालन शुरू हो गया है।

डिपो इंचार्ज रामखिलावन के अनुसार, छिबरामऊ से कन्नौज (वाया सुखसेनपुर), सौरिख से कन्नौज, छिबरामऊ से खड़िनी तथा छिबरामऊ से नादेमऊ के लिए ये बसें चलेंगी। इन रूटों का किराया किलोमीटर के आधार पर तय किया गया है और यह सामान्य रोडवेज बसों से 20 प्रतिशत कम होगा। ये बसें प्रतिदिन दो चक्कर (दो राउंड ट्रिप) लगाएंगी। सेवा की शुरुआत सुबह लगभग 7 बजे होगी। बसों का रात्रि विश्राम डिपो में नहीं, बल्कि अपने अंतिम गंतव्य स्थान पर किया जाएगा, जिससे ग्रामीण यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। विशुनगढ़ रूट के लिए अभी किराया और अन्य विवरण अंतिम रूप ले रहे हैं। शीघ्र ही वहां भी बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।

# चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, प्रशासन ने जुतवा दी आलू की फसल

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र के ग्राम अदमापुर में चारागाह की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई। गांव की एक महिला की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी के निर्देश पर चकबंदी, राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर चार बीघे में तैयार आलू की फसल को ट्रैक्टर से जुतवा दिया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

अधिकारियों ने बताया कि पहले चारागाह भूमि की पैमाइश कर उसे ग्राम प्रधान गिरंद शाक्य को सुपुर्द किया गया था। बावजूद इसके, गांव के नरेंद्र, शिवप्रकाश व लालबहादुर ने चार बीघे पर आलू बो दिया। टीम ने पैमाइश के दौरान आलू की अवैध फसल पाई और तत्काल उसे जुतवा दिया। एसडीएम ने चेतावनी दी कि भविष्य में कब्जे पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

उधर, प्रभावित किसान शिवप्रकाश ने नाराजगी जताई। उसका दावा है कि 1985 में उसे 26 लट्ठा भूमि का दखल मिला था, जिसे पूर्वज वर्षों से जोत रहे थे। पैमाइश में रकबा कम होने से परेशान शिवप्रकाश ने प्रशासन से पूरा रकबा बहाल करने की मांग की। उसने कहा कि टीम ने मात्र 45 बीघे नापा, जबकि गांव में 90-92 बीघे पर कब्जा है। मामला अब जांच के दायरे में है।

# आलेख्य मतदाता सूची का जनपद भर में वाचन, डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

- पात्र मतदाता सूची में नाम अवश्य जांचें, 6 फरवरी तक दर्ज कराएं दावा, आपत्ति

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (ठस्ठ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की सुविधा हेतु फॉर्म-6, 7 एवं 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जीजीआईसी, जीआईसी, टाउन हॉल, जेएमएस किड्स केयर स्कूल, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पटेल नगर सहित विभिन्न मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची को विधिवत पढ़कर सुनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जनपद के सभी बूथों पर मतदाता सूची के पाठन का कार्य किया जा रहा है, जिससे मतदाता अपने नाम, विवरण एवं प्रविष्टियों का सत्यापन कर सकें। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की कि वे अनिवार्य रूप से अपना नाम आलेख्य मतदाता सूची में जांच लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है, या किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने, फॉर्म-7 से नाम हटाने तथा फॉर्म-8 से संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन ऑफलाइन संबंधित बीएलओ के पास अथवा ऑनलाइन के माध्यम से किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 6 फरवरी, 2026 निर्धारित है। उन्होंने सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करते हुए समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# गुम हुए पांच मोबाइल को बरामद कर स्वामियों को लौटाया वापस



उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

नदीगांव थाना पुलिस ने क्षेत्र से गुमशुदा पांच मोबाइलों को बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिये। बरामद मोबाइलों की कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये बतायी जा रही है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर व पुलिस महा निरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में नदीगांव थाना प्रभारी ने विभिन्न समय में पांच पीड़ितों ने प्रार्थना पत्रों के आधार पर थाना नदीगांव व साइबर टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुये पांच मोबाइलों को बरामद कर लिये गये थे जिन्हें रविवार को प्रभारी निरीक्षक नदीगांव द्वारा बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों को वितरित किये। गुम हुये मोबाइल मिलने के बाद मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर मुस्कान देखी गयी।

# भक्ति के रंग में डुबाने का काम करते हैं सदगुरु

- संत निरंकारी भवन में मनाया गया भक्ति पर्व

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।





पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में भक्ति पर्व दिवस पर आयोजित सतसंग में गुरसहायगंज शाखा के मुखी महात्मा विपिन कुमार गुप्ता ने कहा संत कभी भी दूसरों का अपमान नहीं करते। वो हमेशा सभी मनुष्यों को अपने सदगुरु की भक्ति के रंग में डुबाने का कार्य करते रहते हैं क्योंकि भक्ति का रंग बहुत ही गहरा होता है। वो कभी छुटाये से भी छूटता नहीं है।

उन्होंने कहा जो भक्ति के सरोवर में डूबा वो कभी संसार में भटका नहीं। उसके जीवन की सारी खुशियां उसे मिल जाती हैं और उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। वो निरोगी होकर अपना सारा जीवन परम पिता परमात्मा की भक्ति में लगा देता है। संसार में जब जब भक्ति की बात होती तो भक्त प्रहलाद को याद किया जाता है जिन्होंने अपनी मां के गर्भ से श्री हरि का नाम लेना शुरु कर दिया था। भक्त श्री हनुमान जी को भी याद किया जाता है जिन्होंने बचपन से अपने प्रभु राम नाम को जपना शुरू कर दिया था। भक्त शबरी को भी कोई नहीं भूलना चाहेगा जो रोज अपने प्रभु राम के नाम से फूल बिछाकर याद किया करती थी। भक्त मीरा का नाम लिया जाता है जिन्होंने श्रीकृष्ण के नाम का जहर प्याला पिया था। संसार ऐसे कई महापुरुष हुये हैं जिन्होंने भक्ति के रंग में डूब कर भक्ति का पूरा आनंद लिया है और अपना सारा जीवन प्रभु की भक्ति व सेवा में निकाल दिया था। ऐसे भक्तों पर परमात्मा सदैव अपनी कृपा बनाये रखते हैं।

महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए सतसंग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से साध संगत को निहाल किया। अंत में सभी के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

# संगठन का लक्ष्य प्रत्येक बेरोजगार को समूह बनाकर आर्थिक रूप से मजबूत करना : कठेरिया

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



- सहकार भारती उरई टीम ने 48वॉ स्थापना दिवस भव्यता से मनाया

देश में सभी प्रदेश के जिलों में आज सहकार भारती का 48वॉ स्थापना दिवस जालौन इकाई द्वारा जिला कार्यालय पाठक टॉवर उरई में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र कठेरिया, प्रदेश मंत्री सहकार भारती एवं विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार प्रदेश सह मीडिया प्रमुख सहकार भारती ने उक्त कार्यक्रम में आकर सहकार बंधुओं का उत्साहवर्धन किया।

सहकार भारती के स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र कठेरिया ने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों तथा आयोजक मण्डल को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार कोई कार्यक्रम होने तक महेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष सहकार भारती के सहयोग से सहकारिता की विभिन्न सोसाटियों का गठन होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन का लक्ष्य है कि प्रत्येक बेरोजगार, प्रतिभाशाली महिलाएं समूह बनाकर आर्थिक रूप से सहकारिता के माध्यम से मजबूत होकर लाभान्वित करना है।

प्रदेश के बुन्देलखण्ड के जिला जालौन की सहकार भारती की टीम धर्मेन्द्र द्विवेदी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सबसे अच्छा कार्य कर रही है, उनमें जन भावना एक साथ सहयोग करने की भावना बनी हुई है, हम चाहत हैं कि जालौन के सहकार बन्धु प्रदेश एवं देश में उच्च पदों पर सहकारिता के माध्यम से पदासीन हों। विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार सह-मीडिया प्रमुख ने कहा कि यह स्थापना दिवस न केवल सहकार भारती का है बरन जिले के समस्त सहकार बन्धुओं के आत्म सहयोग से लोगों को आत्म निर्भर एवं स्वावलम्बन करने की आवश्यकता है।

जिला महामंत्री प्रेम कुमार पाठक ने गरिमा पाठक का सफल संचालन देखने के बाद उनको आर्शीवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व महेश पाण्डेय उपाध्यक्ष सहकार भारती ने कहा कि मुख्य अतिथि तथा जिलाध्यक्ष के निर्देशन में अगले प्रोग्राम होने तक शीघ्र ही सहकारी सोसाटियॉ गठित कराने का आश्वासन देता हूं, क्योंकि हमारे जिले की टीम जन भावनाओं के तहत लोगों का सहयोग कर रही है। जिला महामंत्री प्रेमकुमार पाठक ने मुख्य अतिथि समेत सभी मचांसीन अतिथियो एवं सहकार भारती के सभी पदाधिकारी सदस्यगणों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र द्विवेदी, संगठन प्रमुख पुरूषोत्तम दास गुप्ता, अखिलेश निरंजन जिला मंत्री, दिनेश मिश्रा, विजयशंकर मिश्रा, अमित पाण्डेय, रवि बाथम, राजेश गुप्ता, अवध नारायण द्विवेदी, दवेन्द्र कुशवाहा मीडिया प्रभारी, दिनेश मिश्रा, विनीता कुशवाहा, अमित पाण्डेय, रामनिवास शुक्ला, रामाआसरे त्रिवेदी, गोपाल विश्नोई, सह महिला प्रमुख सरिता कुशवाहा, एसएसजी एवं समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण कर एसआईआर को लेकर दिये निर्देश

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को उप जिलाधिकारी ने तहसील कालपी क्षेत्र के बूथों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारियां दी गई। नगर पालिका बालिका इंटर कालेज कालपी के बूथ का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रत्येक बीएलओ को अपने अपने बूथों की मतदाता सूची की जांच करनी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावली में किसी भी मतदाता की आयु, नाम, लिंग, मकान नंबर, मतदाता की फोटो,पता आदि की जाँच करना है। अगर किसी के नाम में गलती हो तो उसे फार्म 8 के जरिए सुधारने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त बीएलओ अपने अपने बूथों में पात्र नये मतदाता बनाये। तथा नाम संसोधन करें व डबल, मृतक व शिफ्टेड मतदाताओ को हटाना अनिवार्य है।

# बिजली कर्मचारी से मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विद्युतकर्मी के साथ मारपीट करने के संबंध में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। देर शाम एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

दिये गये प्रार्थना पत्र में अजीत राजपूत अवर अभियंता 33/11 के0वी0 विद्युत सब स्टेशन याकूतगंज ने कहा है कि रविवार को समय करीब 14:36 बजे गांव हुसैनपुर नौखंड के मजरा हुल्ली सिंह नगला पर विद्युत कैंप लगाया गया था।



एसपी आवास के बाहर खड़े बिजली कर्मचारी

जिस कारण गांव के अधिकतर गांववासियों का बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काटे गये थे। इस दौरान विद्युतकर्मी धीरज मोटर साइकिल से गांव में था, तभी बाइक के सामने अचानक बच्चा आ जाने पर वह मोटर साइकिल से टकरा गया था। जिस पर विद्युतकर्मी धीरज ने तुरंत मोटर साइकिल से उतरकर बच्चे को देखा, लेकिन कोई चोट नहीं थी, किन्तु तभी आसपास के दर्जनों लोग गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा लेकर आ गये और धीरज से हर्जाने की मांग करने लगे। जिस पर विद्युतकर्मी धीरज ने कहा कि वह हर्जाना देने को तैयार है। किन्तु भीड़ ने विद्युतकर्मी की बात नहीं सुनी और लाठी-डंडा लेकर उग्र हो गयी और विद्युतकर्मी के साथ मारपीट करने लगी। विद्युतकर्मी ने बताया कि उसके साथ अनुज पुत्र सुल्तान, विनोद पुत्र कश्मीर, दिलीप पुत्र मान सिंह, नितिन पुत्र नामालूम, शैलेंद्र पुत्र सूबेदार, वीरेंद्र पुत्र राम सनेही ने मारपीट की है।

पीड़ित विद्युतकर्मी ने यह भी कहा कि भीड़ ने उसे काफी देर तक बंधक बनाये रखा। अन्य विद्युतकर्मियों के पहुंचने पर रिहा किया। वहीं देर शाम मुकदमा दर्ज न होने पर बिजली कर्मी साथी कर्मचारियों साथ एसपी कार्यालय पहुंचा। जहां एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# भागवत कथा का अमृतपान करने उमड़े कल्पवासी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पांचाल घाट पर लगे मेला श्री राम नगरिया में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी क्षेत्र में दांडी मंडल संत समिति अध्यक्ष और अग्नि अखाड़ा प्रमुख श्री श्री 108 बच्चा स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथा में बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

अखाड़ा प्रमुख बच्चा स्वामी महाराज के साथ कथावाचक सत्येंद्र द्विवेदी ने भक्तों को प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि प्रह्लाद की भक्ति की महिमा इस धरा पर सदैव गूंजती रहेगी।



कथा का अमृतपान करते कल्पवासी व श्रद्धालु आदि

इसी बीच अग्नि अखाड़े में शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। पंच कुंडी यज्ञ के लिए पूरा क्षेत्र तैयार किया जा रहा है। आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी लगातार इस कार्य में जुटे हुए हैं और कई साधु-संत स्वयं व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। यह महायज्ञ एक सप्ताह के बाद शुरू होगा। इसमें 5000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## दबंग गाड़ी चालक ने एंबूलेंस चालक को पीटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दबंग गाड़ी चालक ने एंबूलेंस चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। शिकायतकर्ता अतुल दुबे पुत्र हरिमोहन दुबे निवासी गंगानगर कालोनी थाना कोतवाली फर्रुखाबाद का निवासी है। मैं कानपुर से अपनी एंबूलेंस से मरीज को छोड़कर आ रहा था। मुझे एक दूसरा मरीज लेकर दोबारा जाना था। जब मैं खुदागंज से फतेहगढ़ आ रहा था, तभी मैंने एक गाड़ी वाले को हार्न दिया। गाड़ी नंबर यू.पी.76एयू9090 की गाड़ी में बैठे युवक ने बीच रोड पर गाड़ी को लगाकर मेरे सिर पर डंडे से प्रहार किया। जिससे मेरा सर फट गया। मैं लहूलुहान होकर गिर गया। उसने बताया कि उपरोक्त युवक शराब के नशे में था। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# बीएलओ ने बूथों पर नये नाम जोड़ने व संशोधन करने का किया कार्य

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

रविवार को मतदाता सूची के विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहे। उन्होंने मतदाता सूची का वाचन कर नए नाम जोड़ने, संशोधन करने का कार्य किया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करना था। जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो रही है। बीएलओ ने पात्र युवाओं से फॉर्म-6 भरवाए और आवश्यक घोषणा पत्र संलग्न कर उन्हें मतदाता सूची में पंजीकृत किया। बीएलओ ने घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया और बूथों पर आने वाले लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने



बूथ पर ग्रामवासियों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाते बीएलओ

मतदाता पहचान पत्र के महत्व से भी अवगत कराया। इस अभियान में युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। जहां बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ने का संकल्प लिया। कन्या प्राथमिक विद्यालय बरतल में बूथ संख्या 256 पर विमलेश कुमारी, बूथ संख्या 257 पर कमलेश कुमारी, बूथ संख्या 255 पर अखिलेश कुमार और बूथ संख्या 254 पर विमलेश देवी बीएलओ के रूप में मौजूद रहीं। प्राथमिक विद्यालय केद्र नवाबगंज में बूथ संख्या 258 पर शशि, बूथ संख्या 259 पर सरोज सिंह और बूथ संख्या 260 पर मीरा देवी ने कार्य किया। इस अभियान की निगरानी सुपरवाइजर अनूप सिंह ने की।

# मिस्टर एंड मिस इंडिया बेस्ट सुपरमॉडल के फाइनलिस्ट बने ओम सक्सेना

- गृहक्षेत्र पहुंचने पर प्रशंसकों व ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर के रहने वाले युवा ओम सक्सेना ने मॉडलिंग की दुनिया में बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। ओम का चयन देश के बड़े रियलिटी शो मिस्टर एंड मिस इंडिया बेस्ट सुपरमॉडल सीजन-4 में बतौर फाइनलिस्ट हुआ है। रविवार को जब वह अपने गृहक्षेत्र कायमगंज पहुंचे, तो उनके स्वागत के लिए प्रशंसकों और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

ओम सक्सेना ने बताया कि उन्हें



परिजनों व ग्रामीणों के बीच ओम सक्सेना

बचपन से ही ग्लैमर जगत का शौक था। अपने सपनों को पंख लगाने के लिए उन्होंने कानपुर से मॉडलिंग का विशेष कोर्स किया। कड़ी मेहनत तब रंग लाई जब उत्तराखंड में आयोजित नेशनल टीवी शो में हजारों प्रतिभागियों के बीच उन्होंने फाइनल में जगह बनाई। उनकी इस सफलता पर आयोजकों ने उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ प्रिसिएशन से नवाजा है। बातचीत के दौरान ओम ने बताया कि इस मंच के माध्यम से अब उन्हें आगामी वेब सीरीज और बड़े मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स में काम करने का अवसर मिलेगा। उनका लक्ष्य अब अभिनय और फैशन की दुनिया में नया कीर्तिमान स्थापित करना है। ओम की सफलता की खबर से अताईपुर और आसपास के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्टेशन पर जोरदार स्वागत के बाद उन्हें जुलूस के रूप में गांव ले जाया गया। उनके बाबा पूरन लाल सक्सेना, पिता अतुल सक्सेना, अनुज सक्सेना, चाचा अनूप कुमार, विपिन और बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष राघव चंद शुक्ला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ओम ने साबित कर दिया है कि लगन हो तो गांव की प्रतिभा भी राष्ट्रीय पटल पर चमक सकती है।

# खबरें एक नजर में

## नौकरी न लगने व ब्लेकमेल करने से क्षुब्ध होकर मेरे पुत्र ने की आत्महत्या

- पिता बोला खेत बेचकर पांच लाख से अधिक रुपये दे चुका है
- इसके बाद भी और रुपयों की मांग कर, कर रहा था पुत्र को ब्लेकमेल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। खेत बेचकर पांच लाख रुपये देने के बाद और रुपयों की मांग कर प्रताड़ित व ब्लेकमेल करने से क्षुब्ध होकर मेरे युवा पुत्र ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। यह आरोप मृतक कौशल राजपूत के पिता ने लगाते हुए कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को आरोपी केखिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक फतेहगढ़ को दिये गये प्रार्थना पत्र में शिवचरन राजपूत पुत्र जगराम राजपूत निवासी गोपालपुर थाना कमालगंज ने कहा है कि दिनेशचंद्र जाटव निवासी राजेपुर सरायमेंदा थाना कमालगंज जिला फर्रुखाबाद जो कि स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज में पढ़ता है ने पीड़ित के पुत्र कौशल राजपूत से नेवी में नौकरी लगवाने के लिए आज से करीब एक वर्ष पूर्व पांच लाख रुपये लिये थे। जो कि पीड़ित ने खेत बेचकर दिये थे। जिसमें 2 लाख रुपये खेत के बयाने के समय तथा ३ लाख रुपया खेत की बिक्री के समय वेदराम के साथ दिये थे। दिनेशचंद्र द्वारा उक्त रुपये लेने के बाद भी 20 हजार रुपये की और मांग की गयी। जो कि पीड़ित द्वारा ओमवीर के साथ दिये गये। उसके बाद दिनेशचंद्र द्वारा पुनः १० हजार रुपये की मांगे गये, जो कि मोबाइल के द्वारा फोन-पे के माध्यम से डाले गये। उसके बाद दिनेशचंद्र द्वारा 10 हजार रुपये और टिकट आदि के लिए लिये गये। उसके बाद भी दिनेशचंद्र पीड़ित के पुत्र कौशल राजपूत से और रुपयों की मांग लगातार कर रहे थे और पुत्र कौशल राजपूत को प्रताड़ित व ब्लेकमेल कर रहे थे। उसके बाद भी पुत्र की नौकरी के संबंध में सही बात नहीं बता रहे थे और लगातार तारीखें बढ़ा रहे थे। खेत बिक जाने और कर्जदार हो जाने के कारण पुत्र दिनेशचंद्र को लगातार फोन करता था, तो दिनेशचंद्र लगातार पुत्र से और पैसों की मांग कर ब्लेकमेल करता था। जिससे क्षुब्ध होकर मेरे पुत्र कौशल राजपूत ने दिनांक 9 जनवरी को ट्रेन से कटकर जान दे दी। पीड़ित ने दिनेशचंद्र के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## तीन हजार रुपये लाओ तभी ठेली लगाओ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पांचाल घाट पर लगे मेला श्रीरामनगरिया में मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा द्वारा 21 रेहड़ी ठेली जब्त की गई और 14 ठेली धारकों ने 3000 रूपये देकर रसीदें कटवा लीं और अपनी ठेली वापस ले गए। बाकी ठेले वालों चालकों को ३००० रुपये जमा करने पर ठेली देने की बात की गयी। साथ ही उपरोक्त ठेली दुकानदारों को हिदायत दी गयी कि यदि मेले में ठेली लगानी है, तो ३००० रुपये देने होंगे। आज टोटल 47 ठेली वालों की रसीदें काटी गईं। मेला व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कम से कम मेले में 1000 ठेली हैं। आज एलॉटमेंट कराकर सभी ठेली वालों को बोल दिया गया कि अगर आपको ठेली लगानी है तो रसीद कटवा लो, तभी ठेली लग पाएगी।



अपना दुख दर्द बयां करते मेले में मौजूद ठेली दुकानदार

## मेला श्रीरामनगरिया में अग्निसुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक



मेले में लोगों को जागरुक करते अग्निशमन कर्मचारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं प्रभारी अग्निशमन एवं आयात सेवा के आदेश के अनुपालन में रविवार को मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट क्षेत्र में सीढ़ी नंबर-2 के पास एफएस मुख्य बाजार में लगे फोर्स लीडिंग फायर महेश चंद्र, एफएम आशीष उपाध्याय, नीलेश कुमार, पंकज कुमार व अशोक कुमार मय समस्त एफएस मुख्य बाजार स्टाफ के उपस्थित होकर अग्निसुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया एवं फास्ट फूडकार्नर, सोफ्टी कार्नर व आलू की भट्ठी के दुकानदारों को जो गलत तरीके से गैस सिलिंडर प्रयोग कर रहे हैं उन्हें अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी समस्त उपाय बताए तथा अग्निशामक यंत्र लगाने को कहा गया व पम्पलेट्स वितरित किये गये। इसके साथ ही साथ झुग्गी, झोपड़ी व तम्बूओं में उपस्थित कल्पवासियों को आग से बचाव के लिए उचित दिशा-निर्देश दिया गया व जागरूक किया गया।

## मेला श्रीरामनगरिया में महिला श्रद्धालु की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला श्रीरामनगरिया में एक श्रद्धालु की स्वभाविक मौत हो गयी। यह जानकारी देते हुए फार्मासिस्ट डॉ0 हिमांशु राजपूत ने बताया कि रविवार को उन्हें सूचना मिली कि एक महिला श्रद्धालु बीमार है। जिस पर उसकी झपड़ी में फार्मासिस्ट आलोक कटियार के साथ पहुंचे। जहां देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। उसने घटना की सूचना मेला प्रबंधक को दे दी है। महिला का नाम लिलकोरा पत्नी लाल सहाय निवासी ग्राम बधुआ, पोस्ट ठिगरी जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर की निवासी थी।

# एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को दिये निर्देश

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर रविवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों पर एसडीएम ने बूथों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ को निर्देश दिए कि नए मतदाताओं के पंजीकरण में कोई लापरवाही न बरती जाए।

अभियान के तहत सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों ने आलेख्य मतदाता सूची को उपस्थित नागरिकों के बीच पढ़कर सुनाया। इसका मुख्य उद्देश्य सूची में शामिल नामों की पुष्टि करना और अपात्रों की पहचान करना था। मौके पर ही फॉर्म 6 नया नाम जोड़ने, फॉर्म 7 नाम हटाने और फॉर्म 8 संशोधन भरवाए गए। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह और तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने तहसील के सामने स्थित परिषदीय विद्यालय के बूथ संख्या 171, 172 और 173 का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों का काफिला नगर पालिका, ब्लॉक कार्यालय और सुंदर नारायण मुश्रान इंटर कॉलेज स्थित बूथों पर पहुँचा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बीएलओ



बूथों का निरीक्षण करते एसडीएम

को सख्त हिदायत दी कि फॉर्म 6 भरते समय आधार कार्ड के साथ-साथ जन्म तिथि से संबंधित वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से लें। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम प्राथमिकता पर जोड़ा जाए। साथ ही फॉर्म 8 के माध्यम से त्रुटिपूर्ण नामों और पतों को तत्काल सही करने के निर्देश दिए। पूरे दिन चले इस अभियान की समीक्षा सभी ईआरओए एईआरओ और बीएलओ सुपरवाइजरों द्वारा की गई। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# साइबर पुलिस ने पीड़ित के 15 लाख कराये वापस



पीड़ित को लिखित में पत्रक देती पुलिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़ द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के बैंक खाते से स्थानान्तरित हुई धनराशि 15 लाख रुपये की धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस करायी।

शिकायतकर्ता आलोक भारती 15 लाख रुपये आरटीजीएस करने के लिए बैंक में गये हुये थे। बैंक में आरटीजीएस का फार्म भरते समय भूलवश गलत बैंक खाता संख्या अंकित हो जाने के कारण 15 लाख रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अन्य अज्ञात खाते में ट्रांसफर हो गयी थी। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा जिस बैंक खाता में ट्रांसफर हो गया था, उसको डेविड फ्रीज कराकर 15 लाख रुपये की सम्पूर्ण धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करायी गयी।

## मेला श्रीरामनगरिया में समस्या... अन्ना पशुओं के स्वछंद विचरण से दहशत में कल्पवासी व साधु संत

- कभी भी हो सकती कोई बड़ी घटना, दुकानदार भी खासे परेशान



मेले में विचरण कर रहे अन्ना पशु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पांचाल घाट स्थित मां भागीरथी की गोद में आबाद मेला श्रीरामनगरिया में दूरदराज से संत आकर अपनी-अपनी झोपड़ी डालकर मां गंगा की आराधना में लीन हैं। वहीं कल्पवासी भी पूजा भजन कर कथा आदि के आयोजन करा रहे हैं। ऐसे में मेले में स्वछंद विचरण करने वाले अन्ना पशु इनकी पूजा अर्चना करने में बाधा डाल रहे हैं। कल्पवासियों का कहना है कि भगाने पर पशु उग्र हो जाते हैं और हमलावर हो जाते हैं। ऐसे में कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। कल्पवासियों व साधु संतों का कहना है कि प्रशासन नगर पालिका को आदेशित करें कि वह अन्ना पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में छुड़वाने का कार्य करें। वहीं दुकानदारों का कहना है कि जरा सा चूक जाने पर अन्ना पशु उनका नुकसान कर देते हैं। बताया गया कि बीते दिनों एक महिला पर गोवंश के हमला भी कर दिया था। इससे महिला के चोट भी लग गई थी। छठी सीढ़ी पर अखाड़ा लगाये संत विपिन पुरी महाराज ने बताया कि आवारा गोवंशों का मेला क्षेत्र में आतंक है। बताया कि बीते दिन एक आवारा गोवंश राउटी में घुस आया। जिससे काफी नुकसान किया और आटे को भी फैला दिया था। बता दें की मेला क्षेत्र में आवारा गांव वंश को देखते ही श्रद्धालु इधर-उधर से निकलते नजर आए। मामले पर मेला सचिव एडीएम ने बताया तराई का क्षेत्र है। नगर पालिका की टीम द्वारा लगातार निराश्रित जानवरों को पकड़ा जा रहा है। कहा प्रतिदिन एक गाड़ी जानवरों को पकड़ा जाता है। मेला क्षेत्र में आवारा जानवरों को घूमने नहीं दिया जाएगा।

# पल्लेदार के पुत्र नें फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पट्टी खुर्द निवासी महावीर कठेरिया के 21 वर्षीय पुत्र रतन कठेरिया ने शनिवार को दिन में करीब 12 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार ने कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को दी।

परिजनों के अनुसार रतन कठेरिया अपनी पत्नी मनीषा के साथ नोएडा में एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करता था। वह 10 जनवरी को सुबह लगभग 4 बजे घर लौटा था। पिता महावीर कठेरिया ने बताया कि रतन वॉलीबॉल खेलकर आया और अपनी मां छोटी बिटिया से यह कहकर कमरे में चला गया कि वह आराम करेगा। उस समय उसकी पत्नी औरमां बाहर कपड़े धो रही थीं। जिससे किसी को संदेह नहीं हुआ। दोपहर करीब 12 बजे जब मां ने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह अंदर से बंद था। आवाज



परिजनों को समझाते कोतवाली प्रभारी निरीक्षक

देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। तब मृतक की बहन रिंशू ने दीवार में बने रोशनदान से झांककर देखा तो रतन पंखे से सफेद कपड़े के सहारे फांसी पर लटका मिला। यह देखते ही मां, बहन और पत्नी की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और दरवाजा तोड़कर रतन को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रतन पांच भाई.बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी 11 मई 2025 को थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के ग्राम नौगामा में हुई थी। मृतक के पिता पल्लेदारी का कार्य करते हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर रहे थे, लेकिन समझाने के बाद वे मान गए। इसके बाद हल्का इंचार्ज दरोगा आशु यादव ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत, क्षत-विक्षत अवस्था में मिला शव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र अंतर्गत हथियापुर के पास रात्रि किसी समय एक 55 वर्षीय अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग 4:30 बजे ट्रैकमैन संजीव कुमार ट्रैक की जांच कर रहे थे। इसी दौरान मऊदरवाजा के हथियापुर के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे एक महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना मऊदरवाजा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मऊदरवाजा पुलिस के उपनिरीक्षक अजय सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। थानाध्यक्ष मऊदरवाजा अजब सिंह ने बताया कि मृत महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा का बढ़ा कुनबा, दी गयीं जिम्मेदारियां



बैठक के दौरान मौजूद नये पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक तिरुपति गेस्ट हाउस बजरिया में युवा जिलाध्यक्ष मोनू तिवारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के साथ युवा प्रदेश सचिव दीपक शर्मा व जिलाध्यक्ष क्रांती पाठक, गौरक्षा के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक में कुछ नये व्यक्तियों को जोड़कर कार्यभार सौंपा गया। जिसमें नीरज राजपूत को तहसील प्रभारी, अमर वर्मा तहसील अध्यक्ष, हरवन्त राजपूत तहसील मीडिया प्रभारी, राकेश राजपूत तहसील महामंत्री, राधेश्याम कोषाध्यक्ष व विजेंद्र सिंह को तहसील उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। इसी के साथ रीतेश दीक्षित युवा जिला उपाध्यक्ष व पंकज यादव को युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद का दायित्व सौंपा गया। इसी के साथ महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कल्पना कश्यप को व नीलम चतुर्वेदी को युवा नगर अध्यक्ष व लक्ष्मी यादव युवा नगर महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा चौहान को उनके पद को बढ़ाते हुए जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। बैठक में पचास से ज्यादा महिला व पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ली व २६ जनवरी को यात्रा को भव्य बनाने का विचार विमर्श किया। बैठक का संचालन युवा जिला महामंत्री संतोष त्रिवेदी ने किया।

# स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर समवेत की बैठक सम्पन्न

- डीएम, एडीएम व एसडीएम ने युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का मंत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) की पूर्व संध्या पर रविवार को ऑफिसर्स क्लब में समवेत संस्था द्वारा बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी रहे। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार व





कार्यक्रम में मौजूद डीएम व अन्य

उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत कुमार भी मौजूद रहे। शुभारंभ अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। डीएम ने कहा कि विवेकानंद के विचार केवल किताबी नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति हैं। उन्होंने समवेत संस्था से आवाह्न किया कि वे अपनी गतिविधियों के माध्यम से युवा शक्ति को सकारात्मक कार्यों और राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़े। एडीएम दिनेश कुमार ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक होना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उपजिलाधिकारी रजनीकांत कुमार ने कहा कि युवाओं को उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको, के संकल्प को आत्मसात करना चाहिए। अध्यक्षता अनिल प्रताप सिंह ने की। संस्था के संस्थापक भूपेन्द्र प्रताप सिंह, अवनींद्र सिंह, शरद चंदेल, विमल राठौर, गूंजा जैन, अमित सक्सेना, वैभव सोमवंशी, वैभव सिंह राठौर, रश्मि सिंह, जसवीर कौर, निहारिका पटेल, शांतनु कटियार, विशाल श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, अभिनय दीक्षित, स्मृति अग्निहोत्री, आस्तिकी मिश्रा, अरविंद दीक्षित, सत्यनारायण, अजय चौहान, अंजली चौहान, दुर्गा नारायण सिंह, गौरव तिवारी, आकिब खांन आदि उपस्थित रहे।

## शराब बंदी शराब संयुक्त मोर्चा का कार्यक्रम 29 व 30 जनवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सत्याग्रह 29 व 30 जनवरी को लखनऊ में होगा। जिसको सफल बनाने के लिए रणनीति बनी। 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती रजलामई में जन जागरण अभियान के साथ मनायी जायेगी। हरिश्चन्द्र पाठक व देवकीनंदन गंगवार भाग लेंगे। कार्यक्रम दयानंद सरला देवी इंटर कालेज रजलामई में आयोजित होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह शराब बंदी का संकल्प दिलायेंगे। व्यवस्था सुबोध कुमार गंगवार देखेगें।

# मेला श्रीरामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती की बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया के वैदिक क्षेत्र, चरित्र निर्माण शिविर का मुख्य अतिथि भारतीय सेना के पूर्व कैप्टन राजीव सिंह यादव बरेली, सूबेदार राकेश सिंह जादौन, विवेक सिंह राठौर आदि सैनिकों के द्वारा ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया गया। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती एवं स्वामी श्रद्धानंद महान समाज सुधारक व राष्ट्रीय चिंतक थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के निवारण के साथ-साथ नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया। तथा स्त्रियों को पुरुषों के बराबर वेद आदि धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने का अधिकार दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त गुलामी की मानसिकता को छोड़ क्रांति के लिए लोगों को प्रेरित किया। उनकी प्रेरणा से हजारों युवा स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए सभी क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्त्रोत दयानंद व उनका अमर ग्रंथ सत्यार्थप्रकाश था। शिविर के संयोजक डॉ हरिदत्त द्विवेदी ने कहा कि सैनिकों के तप, त्याग, शौर्य के कारण हमारा देश सुरक्षित है, हम सैनिकों के अदम्य साहस को प्रणाम करते हैं। डॉ0 शिवराम आर्य ने कहा कि देश की एकता अखण्डता के लिए शस्त्र एवं शास्त्र बल दोनों की आवश्यकता है। रामस्नेही आर्य उर्फ मुन्ना यादव ने संचालन किया। उदिता आर्या ने प्रभु भक्ति एवं ऋषि महिमा भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वैदिक क्षेत्र, चरित्र निर्माण शिविर में आए हुए सभी सैनिकों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह आदि के द्वारा सम्मान किया गया। आचार्य ओमदेव आर्य, आचार्य हरिओम शास्त्री ने यज्ञ कराया। जिसमें योगेन्द्र आर्य, नीता आर्या, बृजेन्द्र सिंह, उर्मिला देवी यजमान रहे। इस मौके पर सर्वेश शुक्ल, दलवीर शास्त्री, सरोज शास्त्री, आर्येन्द्र पाण्डेय, हरिशंकर आर्य, शिवनारायण आर्य, लालाराम आर्य, मुन्नालाल राठौर, सुरेश चंद्र वर्मा, डा0 हरिनंदन सिंह, दफेदार आर्य, सुरेंद्र आर्य, केके यादव, स्वामी श्यामानंद, उदयराज आर्य, रेशमा दासी, मीरा शास्त्री, रेनू आर्या, सन्ध्या आर्या आदि उपस्थित रहे।



शिविर का उद्घाटन करते अतिथि

# बूथ पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने मतदाता सूची का किया अवलोकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने शहर के विभिन्न बूथों पर कमेटी के पदाधिकारीयों के साथ पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के बीएलए 2 के साथ बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची का निरीक्षण किया एवं वहां उपस्थित लोगों को आ रही दिक्कतों के बारे मे अधिकारीयों से वार्ता कर उनका समाधान करवाया एवं कई लोगो को फॉर्म 6 और 8 वितरित करवाये।

शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी निरंतर एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेकर पार्टी की ओर से अहम् भूमिका अदा कर रहे है। पार्टी के बीएलए 2 भी निरंतर आम जनमानस के बीच घर घर जाकर एसआईआर प्रक्रिया में लोगों की मदद कर रहे हैं।

शहर उपाध्यक्ष अतीक सलमानी, अशोक राठौर, सुशील अग्निहोत्री, जोया खान, शबाना खान, सूरज, महफूज खान आदि उपस्थित रहे।



बूथ पर फार्म का अवालेकन करते कांग्रेसी

# तटबंध बनाने को लेकर संत समाज ने भरी हुंकार



एडीएम को ज्ञापन सौंपते साधु-संत के साथ मौजूद भईयन मिश्रा

## मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया में जूना अखाड़ा में तटबंध बनाने के लिए संत समाज की बैठक मेला रामनगरिया संत समाज समिति के अध्यक्ष महंत सत्यगिरी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी संत समाज ने एक स्वर में तटबंध बनाए जाने के लिए पूर्ण सहयोग और समर्थन की घोषणा की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार को दिया। संत समिति के अध्यक्ष महंत सत्यगिरी ने कहा कि सारे क्षेत्र की जनता के दर्द से संत समाज भी दूर नहीं है, बहुत सा संत समाज भी गंगा जी के किनारे ही निवास करते हैं, तो उन लोगों को अच्छे से पता है की बाढ़ का प्रकोप क्या होता है, इसलिए तटबंध बनाना बहुत आवश्यक है। स्वामी धर्म चैतन्य उर्फ छोटे भइया ने कहा कि तटबंध बनने से सभी गांव बचेंगे खेत बचेंगे और जो लोगों गंगा पार छोड़कर जा रहे हैं, उनका पलायन रुकेगा। स्वामी रोहितनंद ने कहा कि जितना जल्दी हो सरकार तटबंध बनवाई हर वर्ष बाढ़ तबाही लाती है, इससे बचाव सिर्फ तटबंध है।

व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा का जो अथक प्रयास है वह जरूर रंग लाएगा। तटबंध जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि आज सारा क्षेत्र तटबंध बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियों की आंखों में आंख डालकर बात करता है।

सारे संत समाज का पूर्ण समर्थन तटबंध बनाओ अभियान को मिला है। यदि तटबंध बनने की घोषणा नहीं हुई तो तो इसका खामियाजा वर्तमान जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर सागरपुरी विपिन पुरी, श्यामलपुरी, झंझट गिरी, कन्हैया दास, सेवागिरी, शंकर गिरी, रमेश पांडे, कृष्ण पुरी, दुर्वासा गिरी, विनीत द्विवेदी, राजू गौतम, विजय मिश्रा, मुकेश सक्सेना, श्याम सुंदर शर्मा, अशोक मिश्रा, अजय गुप्ता, सुमित गुप्ता, श्यामेंद्र दुबे, नीरज, दुष्यंत दीक्षित, कुंदन अवस्थी, धीरज पांडे, लवी सक्सेना, विशाल गंगवार, राजीव वर्मा, शाहिद उपस्थित रहे। संचालन कोमल पांडे ने किया।

# ब्रह्माकुमारी प्रदर्शनी पाण्डाल का शुभारम्भ, कल्पवासियों को प्राप्त होगा ज्ञान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माघ मेला श्री रामनगरिया पांचालघाट में ब्रह्मा कुमारी प्रदर्शनी पाण्डाल का सुभारम्भ 108 स्वामी ईश्वरदास महाराज पीठाधीश्वर, सुरेशानन्द महाराज नैमीसारण्यधाम सीतापुर, त्यागी जी महाराज नीमकरोरीधाम, मयंक महाराज मानस मधुकर कानपुर ने फीता काटकर किया। संतो ने कहा कि यह ऐसी प्रदर्शनी लगाई है, जिससे मानव को अपने इस भययुक्त, विषयसागर में जीने की शिक्षा अथवा ज्ञान प्राप्त होगा।

बी0के0 मंजू बहन ने मंचासीन, महामण्डलेश्वर, साधु-सन्त, कल्पवासियों एवं बी0 के0 परिवार से आए लोगों का स्वागत किया और कहा कि चरित्रवान ही मूल्यवान है। आज प्रकृति के देय भावना के आगें मानव प्रश्नचिन्ह हो चुका है।

हमारे पेड़ पौधों को भी सकारात्मक विचारों की आवश्यकता होती है। मयंक महाराज ने कहा कि रामचरित अनुसार माताओं की महिमा की बहुत है। जिन लोगों ने अपना जीवन स्वयं ही राम स्वरूप परमात्मा को सेवार्थ अर्पण कर दिया हो उनका क्या ही कहना एवं सत्यनारायण मिश्र मधुप ने कहा कि हमारी ही ऐसी संस्कृति है जिसमें पशु, नदी, पौधा एवं भारत भूमि को माता दर्जा दिया गया हो। हमारी ही संस्कृति में माता का स्थान सर्वोपरि है। सुरेशानन्द महाराज ने कहा कि हमारे पूर्वजों के समय की नारी को देखें तो आज की नारी की मनोस्थिति के साथ उनकी अवस्था विचारणीय है। समाज के बदलाव के लिए सभी महिलाओं को सशक्त होने की बहुत आवश्कता है। बी0के0 गिरिजा बहन, त्यागी जी महाराज, ईश्वरदास महाराज ने भी विचार रखे। इस मौके पर दिनेश कुमार मेला सचिव एवं उपजिलाधिकारी, जयदेवानन्द सरस्वती योगी महाराज एवं साधु-संत एवं कल्पवासी मौजूद रहे।



पाण्डाल का शुभारम्भ करते ईश्वरदास महाराज व अन्य

## यज्ञ व कन्याभोज के साथ श्रीमद् भागवत कथा का विराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को भण्डारे के समापन हुआ। पांचाल घाट स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका में आयोजित कथा के समापन पर यज्ञाचार्य दिव्यांशु अग्निहोत्री व रोहित त्रिवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ में आहूतियां डालकर भक्तों ने मानव कल्याण व विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। कन्याओं को भोज कराने के बाद भण्डारा सम्पन्न हुआ। आयोजक मण्डल में नारदानंद तिवारी, राकेश तिवारी, अखिलेश दीक्षित, विधु शेखर, स्वदेश त्रिवेदी, अखिलेश, मनीष, महेन्द्र पाठक आदि लोगों ने यज्ञ सम्पन्न कराया। संस्था के महासचिव प्रमोद तिवारी ने आचार्य अतुल अग्निहोत्री को सम्मानित किया और उनके विचार सुने। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद चखा।



यज्ञ में भाग लेते भक्तगण

# एसआईआर के संबंध में नदीम फारुखी ने कार्यालय का किया शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसआईआर के संबंध में पुनः कार्यालय का उद्घाटन नदीम अहमद फारुखी ने किया। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन नदीम अहमद फारुखी ने मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद नोटिस प्राप्ती के निस्तारण हेतु सहायता एवं परामार्श केंद्र का पुनः शुभारम्भ किया। साथ ही मतदाता सूची का अवलोकन किया। कार्यालय में सहयोगी नियमित बैठकर समस्या का निस्तारण करेंगे। उन्होंने कहा कि सहायता एवं परामर्श केंद्र खोलकर नगर व गांव का भ्रमण कर जनता के एसआईआर फार्म भरवाने हेतु सहायता करेंगे। बड़ी संख्या में एसआईआर कार्य हेतु सम्पन्न कराया गया। वरिष्ठ नेता एवं ब्लाक प्रभारी भी नामित किये गये। शमशाबाद ब्लाक प्रभारी नदीम अहमद फारुखी को बनाया गया। नगर व गांव का दौरा कर अधिक से अधिक एसआईआर फार्म भरवाने में भूमिका निभाकर अच्छा कार्य किया जायेगा। इसका लाभ जनता को मिलेगा।



परामर्श केंद्र पर समस्या सुनते नदीम अहमद फारुखी

# प्रशासन की सख्ती के चलते नहीं लगा संडे बाजार, नगर व्यापार मण्डल ने किया विरोध



चौक पर संडे बाजार में पसरा सन्नाटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रशासन की सख्ती के चलते संडे बाजार नहीं लगा। फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने संडे बाजार का विरोध किया था और शहर में जाम लग जाने की समस्या बतायी थी। प्रशासन ने संडे बाजार को अभी अग्रिम आदेशों तक स्थिगित कर दिया है। व्यापारियों के साथ बैठ कर समस्या का समाधान किया जायेगा और निश्चित स्थान पर संडे बाजार लगाये जाने की बात कही जा रही है। नगर व्यापार मण्डल मिश्रा गुट व महिला मोर्चा प्रशासन के विरोध में उतर आया है और वर्षों से लग रहे संडे बाजार का समर्थन कर रहे है। ऐसे में जिला व्यापार मण्डल, नगर व्यापार मण्डल में आपस में खींचतान मची हुई है, दूसरे व्यापार संगठन के लोग भी संडे बाजार के विरोध में है।



सदानंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष

### संडे बाजार का व्यापारी उचित समय का करें इंतजार: सदानंद

जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि व्यापारी उचित स्थान पर संडे बाजार लगाये। अभी प्रशासन ने संडे बाजार लगाने को इनकार किया है, इसलिए समय का इंतजार करना होगा। हम जिला और नगर के व्यापारी सब एक है। अगर कोई बयानबाजी करता है तो ठीक नहीं है। जिला व्यापार मण्डल मैन बाडी है, नगर व्यापार मण्डल लोकल बाडी है।



इकलाख खां, नगर अध्यक्ष

### संडे बाजार हर हाल में लगेगा: इकलाख खां

नगर अध्यक्ष इकलाख खां ने कहा कि संडे बाजार हर हाल में लगेगा, जब तक कोर्ट न रोंक लगाये। व्यापारी हित के लिए हम छोटे व्यापारियों के साथ है। अगर प्रशासन छोटे व्यापारियों के पेट पर लात मारने का काम करेगा तो डटकर विरोध किया जायेगा। सप्ताहिक बाजार पहले भी लगता था, तब जाम नहीं लगती थी। जिला व्यापार मण्डल नगर में हस्तक्षेप न करें।



सोनी शुक्ला, महिला जिलाध्यक्ष

### हम संडे बाजार के व्यापारियों के साथ: सोनी

महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने कहा कि संडे बाजार लगना चाहिए। छोटे व्यापारियों ने अपनी जीविका के लिए किसी तरह माल खरीदकर रखा है। ऐसे में वह भुखमरी पर आ जायेंगे। बड़े व्यापारी होश में रहें, हम छोटे व्यापारियों के साथ है। प्रशासन का पुनजोर विरोध करेंगे और संडे बाजार हर हाल में लगेगा।



अंकुर श्रीवास्तव, युवा नगर अध्यक्ष

### छोटे व्यापारियों के लिए संगठन भी छोड़ने के लिए तैयार: अंकुर

अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ व्यापारी अपनी राजनीति चमका रहे है। हम छोटे व्यापारियों का अहित नहीं होने देगें, चाहें इसके लिए हमें संगठन छोड़ना पड़े, तो वह हम कुर्बानी देने के लिए तैयार है। छोटे व्यापारियों ने कर्ज लेकर अपना व्यापार शुरु किया था, और वर्षो से वह व्यापार कर रहे थे, चंद लोगों ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए अहित कार्य किया।

# ऑल सोल्स चर्च द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएनआई बढ़पुर चर्च बना विजेता

## पादरी मनोज कुमार ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आल सोल्स चर्च की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सीएनआई बढ़पुर चर्च व ऑल सोल्स चर्च के बीच खेला गया। बढ़पुर चर्च की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवरों में 4 विकेट खोकर 117 रन बनाये। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑल सोल्स चर्च की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 101 रन पर ही सिमट गयी। सीएनआई बढ़पुर चर्च विजेता बना। पादरी मनोज कुमार ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर शुभकामनायें दी। 4 जनवरी से आयोजित क्रिकेट मैच में टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बढ़पुर चर्च के कप्तान आकाश दास की ओर से सर्वाधिक 48 रन की पारी खेली गयी। वहीं हनी पाल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिये।



विजेता टीम के साथ पादरी मनोज कुमार


**कार्यालय ग्रा0पं0 सिकंदरपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/कॉमन सर्विस सेंटर निर्माण निधि योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 10/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कॉमन सर्विस सेंटर निर्माण निधि योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिकंदरपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/01/2026 से 17/01/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/01/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | जन सेवा केंद्र का निर्माण कार्य | 363198 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान- मंजू देवी — ग्रा0पं0 सिकंदरपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद — सचिव- मणि कुमार सोनी


# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन



बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन करते आप नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और हत्याओं की विरोध में धरना प्रदर्शन किया। बांग्लादेश मुर्दाबाद, अडानी की बिजली बंद करो, तेल देना बंद करो, शेख हसीना को वापस भेजो जैसे लगे नारे। जिलाध्यक्ष इं0 नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ताओं ने आईटीआई चौराहे पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है।आम आदमी पार्टी बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही घटना का विरोध करती है। भारत सरकार चुप्पी तोड़े और अत्याचारियों पर कार्यवाही करें। भारत-बांग्लादेश के सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक संबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाएं। जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं देती। इस मौके पर जगतपाल शाक्य, सच्चिदानंद वर्मा, जगदीश यादव, ऋषि पाल यादव, सोनू कुशवाह, अंकित शाक्य, राघवेंद्र यादव, रवि शर्मा, अश्वनी सिंह, कमलेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अभिषेक वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## फर्रुखाबाद का नाम परिवर्तित कर पांचाल नगर बनाये जाने की मांग



जानकारी देते राजेश मिश्रा व अंकित तिवारी

### मण्डल अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता बने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नगर के मोहल्ला अब्दुल रज्जाक में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा की सहमति पर प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने प्रदीप कुमार सक्सेना को कानपुर मण्डल अध्यक्ष एवं आशीष गुप्ता को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। दोनों पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति के अनुसार विस्तार करेंगे। फर्रुखाबाद के नाम पर परिवर्तित कर पांचाल नगर बनाये जाने की प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने मांग की। जिसके लिए जनपद में बृहद स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा, जो १९ जनवरी से शुरु होकर ३१ जनवरी तक चलेगा। राजेश मिश्रा ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। साथ ही हिन्दू समाज की रक्षा के लिए हमेशा तैयार है। सनातन धर्म और हिन्दू समाज की रक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व है, जिसे संगठन द्वारा निर्वाहन किया जायेगा।

# जैन श्वेताम्बर विमलायत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा बांटे गये गर्म कपड़े व कम्बल



कम्बल वितरण के दौरान मौजूद पदाधिकारी

## मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म: पुखराज डागा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

नगर के जैन श्वेताम्बर मंदिर परिसर में समाजसेवी संस्था की ओर से गर्म कपड़े व कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन जैन श्वेताम्बर विमलायत चैरीटेबल ट्रस्ट संस्था के द्वारा किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजसेवी पुखराज डागा ने जैन श्वेताम्बर विमलायतन चैरीटेबल ट्रस्ट ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों एवं जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए। नगर में जरुरत मंद लोगों को ठंड से प्रभावित लोगों को कंबल दिए। पुखराज डागा ने बताया है मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ट्रस्ट के महामंत्री एवं समाजसेवी पुखराज डागा ने बताया गया कि क्षेत्र में शीत लहर के साथ-साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कर्मचारी सुबह चार बजे जागकर कड़ाके की ठंड में ड्यूटी करते हैं। जिन लोगों के पास सर्दी के बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं, उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को इस तरह के प्रयास कर दूसरों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर नगर पंचायत कंपिल के लिपिक अजय कुमार सक्सेना, अरुणा डागा, नोहिल खां, अंकज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद- फर्रुखाबाद।**

पत्रांक: 540/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0आ0/ई0नि0सू0/2025-26 — दिनांक 08/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में पुराने लाईट पोलों को रीपेंटेड कार्य कराकर लाईट सहित अधिष्ठापन कार्य कराना चाहती है। उक्त के अनुपालन में कराये जाने हेतु ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन ही eprocurement System Government of Uttar Pradesh आमंत्रित की जाती है। जिनका समयावधि निम्नवत् है।

| E-Bid Referance | /न0पं0कम्पिल/2025-26 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 12.01.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 12.01.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 22.01.2026 02:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 22.01.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad |

उक्त में से बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा कमेटी में निहित होगा। विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in/eprocurement System Government of Uttar Pradesh पर उपलब्ध है।

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

## खबरें एक नजर में

### हनुमंत कथा के अक्षत वितरण में उमड़ा जन सैलाब



**बांदा।** आगामी 16 जनवरी को मवई बाईपास पर बागेश्वर पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा को लेकर पहुंचे बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह एवं जयराम सिंह बछेउरा जैसे ही तिंदवारी कस्बे पहुंचे वहां पर नगर पंचायत प्रतिनिधि रमेश चंद साहू, प्रबंधक संजय सिंह पटेल, भाजपा नेता योगेंद्र मिश्रा, संत सरण अवस्थी, आशीष सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष जसपुरा साहिब सिंह की अगवाई में सैकड़ो कस्बे वासियों ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया वहीं प्रवीण सिंह और जयराम सिंह बछेउरा ने घर-घर 16 जनवरी को आयोजित होने वाली हनुमंत कथा में पहुंचने को लेकर अपील की वही पपरेंदा ,पिपरहरी गांव में ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पैलानी कस्बे पहुंचे बुंदेलखंड युथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह व जयराम सिंह बछेउरा को भाजपा के एसपी सिंह, डॉ पंकज सिंह चौहान, दीपक सिंह गौर मरझा, भूपत सिंह, डॉ जितेन्द्र सिंह समेत आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया वही जसपुरा कस्बे पहुंचे प्रवीण सिंह को ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया यहां अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह एडवोकेट, राजवीर सिंह, प्रबंधक जय नारायण सिंह, जनसेवक धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जसपुरा महेश निषाद, लसड़ा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लसड़ा संजय सिंह चंदेल, भाज नेता शिवबली निषाद, ग्राम प्रधान चंदवारा अरविंद सिंह, जितेंद्र सिंह सेंगर, चक्रपाणि अवस्थी, भास्कर प्रसाद साहू व बांदा प्रेस ट्रस्ट के महासचिव अंशु गुप्ता, डाक्टर अमरपाल सिंह, अवधेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य हिमांशु सिंह, बाबू सिंह ठेकदार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। बुंदेलखंड फाउंडेशन के संस्थापक के गांव अमारा में जश्न का माहौल रहा। बुंदेलखंड फाउंडेशन के संस्थापक सिंह द्वारा अपने गांव पहुंचने पर बागेश्वर धाम की जयकारे के साथ गर्म जोशी से स्वागत किया वहीं प्रवीण सिंह ने घर घर जाकर अक्षत वितरण किया और हनुमंत कथा को श्रवण करने को लेकर आह्वान किया।

### युवक ने किया रक्तदान



**बांदा।** बबेरू कस्बे के औगासी रोड स्थित श्रृंगार थोक निवासी जयगोपाल उर्फ पिंटू पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद ने आज जिला अस्पताल बांदा में रक्तदान किया। वह लगातार 14 वीं बार रक्तदान करते हुए मरीजों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। रक्तदान करते हुए जयगोपाल उर्फ पिंटू ने कहा कि रक्तदान करने से किसी न किसी मरीज को जरूरत पर रक्त उपलब्ध होता जाता है और उसकी जान बच जाती है। इससे ज्यादा पुण्य और किसी कार्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे भी वह रक्तदान करते रहेंगे।

### विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन, एकता और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के कस्बा खमरिया पंडित स्थित चंद्रप्रभा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने हिंदुत्व, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती पर विस्तार से विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। संगठित और जागरूक समाज ही मजबूत भारत की नींव रख सकता है। सम्मेलन के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में हिंदुत्व के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रप्रेम की स्पष्ट झलक देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना खमरिया पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**मितौली (खीरी)।** थाना मितौली क्षेत्र के खुर्दा (बबौना) गांव निवासी अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, खुर्दा (बबौना) निवासी जगदीश वर्मा पुत्र बांके लाल वर्मा शनिवार शाम करीब छह बजे मितौली से साइकिल द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कस्ता की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (संख्या UP 31AS 9535, टीवीएस स्टार) ने खुर्दा गांव के पास उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल के दो टुकड़े हो गए और जगदीश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी मितौली पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान जगदीश वर्मा ने दम तोड़ दिया। वहीं, बाइक सवार की हालत नाजुक बनी हुई है, जिसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने मृतक के साले अशोक की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### खेत में बाघ के हमले से महिला की मौत, ड्रोन से तलाश के बाद गन्ने के खेत से मिला शव



**निघासन खीरी।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भेडौरी में शनिवार शाम बाघ के हमले में एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग, पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त टीम ने रातभर ड्रोन कैमरे की मदद से खोजबीन की। रविवार सुबह गन्ने के खेत से महिला का अर्धखाया शव बरामद किया गया, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। मृतका की पहचान उषा देवी (35) पत्नी पवन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार उषा देवी अपनी पड़ोसन गुंधनी देवी, पत्नी छैल बिहारी, के साथ मवेशियों के लिए चारा काटने खेत गई थीं। गुंधनी देवी ने बताया कि खेत में छिपे बाघ ने अचानक उषा देवी पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटते हुए अंदर ले गया। किसी तरह जान बचाकर गुंधनी देवी गांव पहुंचीं और घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज बेलरायां अभिषेक यादव, प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव कुमार वर्मा, वन विभाग की टीम और सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे। रातभर ड्रोन कैमरे से महिला की तलाश की गई। रविवार सुबह गन्ने के खेत से शव बरामद होने के बाद प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की गई। उत्तर निघासन वन रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने, अकेले खेतों में न जाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने बाघ को पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।

### राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने वाले लोगों को किया गया सम्मानित



**निघासन खीरी।** 251कुंडिय महायज्ञ को सफल बनाने वाले निघासन पुलिस के साथ साथ महायज्ञ में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों निघासन गायत्री परिवार ने श्री राम शर्मा द्वारा रचित किताब व गायत्री मंत्र से पिरोया पटका भेंट करके सम्मानित किया। गायत्री शक्तिपीठ निघासन शाखा पर रविवार को गायत्री परिवार ने राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251कुंडिय गायत्री महायज्ञ में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी को निभाने वाले प्रभारी निरीक्षक महेशचंद,क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश तिवारी,समेत पुलिसकर्मियों को गायत्री परिवार के मुख्य विनोद सिंह गायत्री मंत्र पटका व पुस्तके भेंट की।इसके अलावा महायज्ञ में पूजा सामग्री को समय से प्रबंध कराने वाले लोगों सहित मीडिया प्रबंधन को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए निघासन के वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध पांडेय ने बताया कि आयोजन की भव्यता को सुगम बनाने में पुलिस का योगदान सराहनीय रहा है।जिस तरह से लाखों की तादात में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी उसे संभालने के लिए कोतवाल महेशचंद ने खुद बागडोर संभाली।सिपाहियों के साथ सड़को पर भीड़ को काबू करने के प्रयास करते रहे। उन्होंने यह भी बताया कि गायत्री परिवार निघासन ने 251 कुंडीय महायज्ञ को भव्यता और दिव्यता देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।इस मौके पर गायत्री परिवार के दामोदर वर्मा, यज्ञभूषण सिंह, अंकुर पांडे, टीएन मिश्र, कनकपाल सिंह राणा, मौजूद रहे।

---

विकसित भारत-जी. राम जी. योजना को लेकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल लखीमपुर के अटल सभागार पहुंचे

# प्रभारी मंत्री की प्रेस वार्ता में सदर विधायक को नहीं मिली कुर्सी

- मचा हड़कंप, मनुहार के बाद लौटे विधायक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में केंद्र सरकार की नई विकसित भारतङ्गगारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) योजना को लेकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल को प्रेस वार्ता करने पहुंचे। ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में इसे पेश करते हुए मंत्री ने योजना के उद्देश्यों और जनपद में इसके क्रियान्वयन की जानकारी दी।

प्रेस वार्ता दोपहर 2ः30 बजे शुरू होनी थी, लेकिन प्रभारी मंत्री 3ः50 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे। मंत्री के विलंबित आगमन के कारण मौके पर मौजूद पत्रकार, मीडिया कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी लंबे समय तक इंतजार करते रहे। देरी को लेकर पत्रकारों में असंतोष व्याप्त हो गया और बाहर जाने लगे। कुछ देर बाद पत्रकारों से शांति बनाये रखने और सभागार में लौटने का आग्रह किया गया जिसके बाद पत्रकार बंधु वापस सभागार में लौटे और कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंत्री के आने के बाद भाजपा के



जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, गोला विधायक अमन गिरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मंचासीन हुए। इसी दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा को मंच पर बैठने को लेकर असुविधा हुई। उन्हें तत्काल बैठने के लिए उचित स्थान नहीं मिल पाने से नाराजगी हुई और वे कुछ समय के लिए सभागार से बाहर चले गए। पत्रकारों के पूछने पर सदर विधायक ने स्पष्ट किया कि मंच पर बैठने के लिए कुर्सी न मिलने के कारण वे असहज महसूस कर बाहर गए थे। इस पर प्रभारी मंत्री के पीएसओ ने सदर विधायक को वापस आने के लिए मनाया और उन्हें मंत्री के पास उचित स्थान दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसने मामले को और हवा दे दी।

विधायक योगेश वर्मा के समर्थकों ने मंच व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जताई। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास किए गए और बाद में मामला शांत हुआ। प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार गारंटी दिए जाने की बात कही, जो पूर्व की मनरेगा योजना में 100 दिन था। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा का बजट 35 हजार करोड़ था, जिसे मोदी सरकार ने बढ़ाकर वर्तमान में 95 हजार करोड़ तक पहुंचाया है, जो लगभग तीन गुना अधिक है।मंत्री ने इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया और कहा कि यह 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करते हुए ग्रामीण इलाकों को समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। हालांकि, प्रेस वार्ता से पहले हुई देरी और मंच व्यवस्था में आई असुविधा ने प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े किए, लेकिन समय रहते इसे सुलझा लिया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूरे मामले ने सोशल मीडिया और राजनीतिक मंचों पर भी खूब चर्चा बटोरी।

### ट्रैक्टर के बोनट से गिरा युवक, मौत

**बांदा।** ट्रैक्टर की बोनट में बैठा युवक अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पंचनामे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जसपुरा थाना क्षेत्र गजपुरा गांव के मजरा गांजीपुर निवासी 42 वर्षीय रज्जन पुत्र खइया निषाद अपने परिवार के साथ धान दराने खूटा झाल गया था। रात को सभी लोग ट्रैक्टर में बैठकर गांव जा रहे थे। बताते हैं कि रज्जन ट्रैक्टर के बोनट में बैठा था। ट्रैक्टर उसका भतीजा चुनबाद चला रहा था। तभी रास्ते में रज्जन को अचानक नींद लग गई और वह ट्रैक्टर के बोनट से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उपचार के लिये सीएचसी जसपुरा में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे चुनबाद ने बताया कि वह किसानी करता था।

## जीवनदीप फाउंडेशन का मेधा सम्मान समारोह, यूपीएससी-पीसीएस में चयनित 45 प्रतिभाएं सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सामाजिक संस्था जीवनदीप फाउंडेशन की ओर से शहर में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों के उन 45 मेधावी युवाओं को सम्मानित किया गया, जिनका चयन यूपीएससी, यूपीपीएससी, पीसीएस-जे, नीट समेत अन्य शासकीय सेवाओं में हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों को स्मृति चिह्न व सम्मान पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित कर समाज में शिक्षा, परिश्रम और अनुशासन के प्रति सकारात्मक संदेश देना रहा। आयोजक उस्मान खान व एजाज अहमद ने कहा कि यह मंच उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा, जो कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास से देश व प्रदेश की



प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जीवनदीप फाउंडेशन द्वारा लगातार शिक्षा, सामाजिक सरोकार और प्रतिभा सम्मान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वे छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी व शिक्षिका डॉ. नमिता श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान हार्वर्ड विश्वविद्यालय में शोधरत वैज्ञानिक मुनीर खान तथा हिमाचल प्रदेश में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात आईपीएस इल्मा अफ़रोज ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए और मार्गदर्शन प्रदान किया।

**इनका हुआ सम्मानः** सम्मानित होने वालों में कृष्णा नगर में सहायक कलेक्टर के पद पर तैनात आईएएस फरहीन जाहिद, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली में उप निदेशक आईएसएस आयशा जुहीन निज़ाम, यूपीएससी ईएसई (सिविल) 2025 में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले मो. शाकिब, लखीमपुर में एसडीएम पद पर तैनात आईएएस प्रशिक्षु मनीषा धारवे, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अकबर सिद्दीकी तथा पीसीएस-जे चयनित अनिया खिजरा अशरफ शामिल रहीं, जो वर्तमान में फरीदाबाद (हरियाणा) में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हैं। सम्मान समारोह में उनके पिता न्यायाधीश मो. अशरफ भी उपस्थित रहे। इसके अलावा यूपीएससी, यूपीपीएससी, पीसीएस-जे, नीट एवं अन्य शासकीय सेवाओं में चयनित 40 अन्य मेधावी युवाओं को भी मंच से सम्मानित किया गया। समारोह में न्यायाधीश मो. अशरफ, पूर्व मंत्री ज़फर अली नकवी, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक हाजी डॉ. आर.ए. उस्मानी, पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, एसडीएम शादाब असलम, डीजीसी अरविंद त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खेत में निकला रसेल वाइपर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**निघासन खीरी।** निघासन क्षेत्र के दक्षिण निघासन वन रेंज अंतर्गत झंडी गांव के पास एक किसान के केले के खेत में जहरीला सांप निकलने से अफरा-तफरी मच गई। खेत में काम कर रहे किसान की नजर जैसे ही रसेल वाइपर पर पड़ी, वह घबरा गया। देखते ही देखते आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए, जिससे कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना तत्काल दक्षिण निघासन लुधौरी वन रेंज कार्यालय को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद टीम ने जहरीले सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। वन विभाग की टीम में अक्षय मौर्य और वाहन चालक हरीश मौर्य शामिल रहे। टीम ने बताया कि पकड़ा गया सांप अत्यंत विषैला रसेल वाइपर था, जिसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

## बाल विकास योजना बबेरू की खराब प्रगति पर मुख्य सेविका के वेतन रोकने के निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पोषण समिति की बैठक



जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बच्चों के वजन एवं आंगनबाड़ी कार्यकतियों द्वारा गृह भ्रमण, वीएचएसएनडी दिवस के कार्य तथा पोषाहार वितरण कार्यों की समीक्षा की गई। बाल विकास योजना बबेरू की, मुख्य सेविका की खराब प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने जनवरी, महीने का उनका वेतन अवरुद्ध किए जाने के निर्देश दिए तथा तेन्दुवारी तथा कमासिन परियोजना में आभा आईडी सहित सभी इंडिकेटरों में प्रगति खराब पाए जाने पर मुख्य सेविका तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिएस जिलाधिकारी ने पोषाहार वितरण की समीक्षा में परियोजनस, के अनुसार चेहरा प्रमाणीकरण, करके 68ः वितरण करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, निर्देशित किया कि इस माह सत प्रतिशत रूप से पोषाहार का वितरण चेहरा प्रमाणीकरण के द्वारा किया जाएस प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने, निर्देशितकिया कि जनपद में प्राप्त लक्ष्य के अनुसार, पोषण टेकर में उपलब्ध ड्यू लिस्ट के अनुसार प्राप्त लाभार्थियों के आवेदन तत्काल अग्रसारित करेंकरें, इस कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित मुख्य सेविका एवं सीडीपीओ तथा बाल विकास योजना से जुड़े अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### बांदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को कंबल और गर्म कपड़े बांटे



**बांदा।** रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कोषाध्यक्ष इरफ़ान खान के नेतृत्व में,पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम गोड़ीबाबा मूलचन्द्र जी की उपस्थिति में,समाजसेवी श्री सैय्यद मोहम्मद अकरम रिटायर्ड अधिशासी अभियंता के द्वारा दान किये गए 10 कम्बल और बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए गरम कपड़े,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम गोड़ीबाबा ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम और सदस्य जगदीश श्रीवास के द्वारा जागरूक किया गया, सदस्य निहाल खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त कम्बल, कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाँदा रोटी बैंक से रिज़वान अली अध्यक्ष,महामंत्री मोहम्मद अज़हर आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## गरीबों को बेरोजगार करना चाहती है भाजपा सरकारः राजेश दीक्षित

- मनरेगा योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस ने जताया विरोध
- पत्रकार वार्ता में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित व मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोर्डिनेटर एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी द्वारा कांग्रेस कैम्प कार्यालय बांदा में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के नाम पर संचालित पूरे देश में मनरेगा के नाम से चल रही थी, घृणित मानसिकता का परिचय देते हुए जी राम जी करना व सौ दिन की गारंटी को समाप्त करना राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत का बोझ लादना इस बात को दर्शाता है कि गरीबों के हित में चलाई जा रही योजना को सरकार समाप्त करना चाहती है। मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोर्डिनेटर एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी ने बतलाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब बेसहारा मजदूरों के हित में योजना चलाई थी, वर्तमान सरकार द्वारा नाम के साथ साथ उसके स्वरूप को भी बदलने का कार्य किया गया है, राष्ट्र व्यापी 45 दिनों के इस महा संग्राम में कांग्रेसजन पूरे जिले में जनता को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत, ब्लाक, तहसील स्तर पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गोष्ठी आयोजित करने का काम करेगा। पीसीसी/पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा ने कहा कि देश को आजाद हुए 78 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, समूचा बुंदेलखंड अति पिछड़ा क्षेत्र है, मनरेगा जैसी योजना गरीब मजदूरों के लिए वरदान थी, इस योजना के स्वरूप को बदल कर समाप्त किए जाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा काम किया गया है, कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पूर्व में योजना के स्वरूप के लिए सड़कों पर संघर्ष करता नजर आएगा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने कहा कि मनरेगा में 60 प्रतिशत काम की भागीदारी महिलाओं के लिए सुनिश्चित की गई थी, इस योजना का नाम बदलकर जी राम जी किए जाने व महिलाओं के अधिकार पर डाका डालने का काम सरकार द्वारा किया गया है। तत्पश्चात कैम्प कार्यालय बांदा से कांग्रेसियों का दल बल प्रमुख मार्गो से होता हुआ नगर पालिका परिषद बांदा स्थित गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष बैठकर सांकेतिक उपवास किया गया। इस अवसर पर पीसीसी मुमताज अली, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष/ संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कालीचरण निगम, शोएब रिजवी, जिला सचिव बाबूराम यादव, हेमन्त कुमार वर्मा, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, इरफान खान सभासद, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, राजेश गुप्ता पप्पू, मोहम्मद नासिर, रामकुमार सिंह, जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस रामकिशोर द्विवेदी, अशरफ उल्ला रम्पा, रफत खान गोगा सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बांदा प्रेस ट्रस्ट के तत्वावधान में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- करीब 700 मरीजों ने लिया उपचार का लाभ, वरिष्ठ नागरिकों के बने तत्काल आयुष्मान गोल्डन कार्ड
- मंडलायुक्त ने सराहा आयोजन, डॉक्टरों व स्टाफ के योगदान को बताया प्रेरणादायी
- मंडलायुक्त ने फीता काटकर किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया गया भव्य स्वागत

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की एक सशक्त मिसाल पेश करते हुए बांदा प्रेस ट्रस्ट के तत्वावधान में वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 700 से अधिक मरीजों ने विभिन्न रोगों की निःशुल्क जाँच, परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे और आयोजक, संयोजक, चिकित्सक एवं समस्त मेडिकल स्टाफ का हृदय से आभार व्यक्त किया। शिविर में बाल रोग, महिला रोग, सामान्य चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, हड्डी रोग एवं दंत चिकित्सा से संबंधित विशेषज्ञ सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के



अंतर्गत अलग से विशेष कैंप लगाया गया, जिसमें पात्र लाभार्थियों विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के गोल्डन कार्ड तत्काल बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में निःशुल्क एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ सुनिश्चित हो सके। शिविर में वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएँ प्रदान कीं। जिसमें डा जे. विक्रम (बाल रोग विशेषज्ञ), डा कंचन सिंह (महिला रोग विशेषज्ञ), डा. संजय कुमार (एम.एस. सर्जन),डा. राजन कौशल (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डा राजेश (फिजीशियन), डा. निधि गुप्ता (दंत रोग विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, बांदा)।

चिकित्सकों के साथ नरैनी अस्पताल से आए मेडिकल स्टाफ ने भी शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस टीम में फार्मासिस्ट अखिलेश वर्मा, अजय कुमार, स्टाफ नर्स नेहा सिंह, आयुष्मान मित्र ब्रजमोहन एवं मुकेश कुमार सहित अन्य कर्मी मय आवश्यक दवाओं के उपस्थित रहे और मरीजों को दवाओं का निरूशुल्क वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त, चित्रकूट धाम मंडल ने बांदा प्रेस ट्रस्ट एवं समस्त पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि ÷ऐसे जनहितकारी आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने डाक्टरों व मेडिकल स्टाफ के योगदान को भी विशेष रूप से प्रशंसनीय बताया। गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर बांदा प्रेस ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे, जिनमें संरक्षक अनिल तिवारी, संगठन प्रमुख अनिल सिंह गौतम, जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी, महासचिव अंशू गुप्ता, के.के. गुप्ता, सुशील मिश्रा, कमलेश तिवारी, राजाराम राही, अजय यादव सहित कई अन्य पदाधिकारी व स्वयंसेवक शामिल रहे।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

**बांदा।** शिविर में आए ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजन गरीब और ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित होते रहेंगे। समग्र रूप से, यह वृहद स्वास्थ्य शिविर बांदा जिले में पत्रकारिता, चिकित्सा सेवा और सामाजिक दायित्व के उत्कृष्ट समन्वय का प्रतीक बनकर सामने आया।